
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 02-16-2026 22:32 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 17 फरवरी 2026 > माघ 28 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण अमावस्या, विक्रम 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 80, संख्या 41 > पेज 16* > गुड़गांव > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू


# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



कान्ये वेस्ट भारत में करेंगे परफॉर्म
▸ गुड़गांव टाइम्स

शर्तों के साथ राजपाल यादव को अंतरिम जमानत
▸ p7



भारतीय सेना की वेस्टर्न कमान के दौरे पर अमेरिकी राजदूत सर्जियो ▸▸ पेज 11



मोदी के दौरे पर इस्राइल के पीएम नेतन्याहू ने कहा, भारत एक पावरफुल देश ▸▸ पेज 11



काला हिरण मामले में सलमान की अपील सुन रहे जज केस से हुए अलग ▸▸ पेज 7

## ‘AI के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए 30 देशों से बात’

# वैष्णव बोले, डीपफेक समाज के लिए खतरा

■ अल्पयु सिंह/ प्रदीप तिवारी, नई दिल्ली

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के नकारात्मक पहलुओं से निपटने के लिए दुनिया को वैश्विक और कानूनी हल ढूंढने होंगे। इस पहल के लिए भारत 30 से ज्यादा देशों से बातचीत कर रहा है।

भारत में पहली बार हो रही AI इंपैक्ट समिट में वैष्णव ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि डीपफेक, मिसइन्फर्मेशन, डेटा ब्रीच और डिसइन्फर्मेशन समाज और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए गंभीर खतरा हैं। ये सभी परिवार, सामाजिक पहचान और शासन व्यवस्था के बीच भरोसे के आधार पर हमला कर रहे हैं। AI के गलत इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि डीपफेक और डेटा ब्रीच जैसे गंभीर मसले न सिर्फ देश बल्कि पूरे समाज के लिए सख्त नियम होने चाहिए। उनसे लड़ाई पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की आजादी विश्वास पर ही आधारित होती है। ऐसे में इसकी सुरक्षा करना सबसे अहम है। वैष्णव ने कहा इस संबंध में सरकार AI जनरेटेड कंटेंट के लिए वॉटरमार्किंग और लेबलिंग के संबंध में सख्त रेगुलेशन के बारे में सोच रही है। उन्होंने कहा कि AI का इस्तेमाल मानवता और सस्टेनेबल भविष्य को आकार देने के लिए ही होना चाहिए। AI के सकारात्मक पक्ष पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा आज की समझ यही कहती है कि AI क्रिएटिविटी की जगह नहीं लेगा, बल्कि इसके साथ सहअस्तित्व कायम करेगा।

**केंद्रीय मंत्री ने कहा, सख्त रेगुलेशन के बारे में सोच रही सरकार**

PTI




सोमवार को भारत मंडपम में AI इंपैक्ट समिट का आगाज हुआ। एक्सपो की पीएम ने शुरुआत की।

### पीएम ने देखा...

PM मोदी ने देश और दुनिया की 8 कंपनियों के प्रोडक्ट्स देखे। उनके काम करने के तरीके के बारे में जानकारी ली।

ये प्रोडक्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, ट्रांसलेशन, कम्युनिकेशन और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं।

पीएम ने भारतीय भाषाओं में काम करने के लिए तैयार कई मॉडल भी देखे।

### जल्द क्रिएट इन इंडिया शुरू

वैष्णव ने बताया कि सरकार जल्द क्रिएट इन इंडिया मिशन शुरू करने जा रही है। उन्होंने इसे भारत की भविष्य की AI रणनीति का अहम स्तंभ बताया। देश अगले 25 वर्षों में इस संबंध में सामने आने वाली जरूरतों को ध्यान में रखते हुए टैलंट तैयार करने जा रहा है। ग्लोबल OTT और डिजिटल कंटेंट प्लैटफॉर्मों को अपने मूल देश के बजाय उस देश के संवैधानिक और कानूनी ढांचे के अनुसार काम करना चाहिए जिसमें वे काम करते हैं।



अश्विनी वैष्णव

### 60 से ज्यादा देशों की है भागीदारी....

## समिट में देखें टॉप 70 AI प्रोजेक्ट्स

समिट में दुनिया के टॉप 70 AI प्रोजेक्ट्स के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इसमें 60 से ज्यादा देशों के प्रोडक्ट्स 3 कैटिगरी में चुने गए हैं। ये प्रोजेक्ट हेल्थ, एग्रीकल्चर, क्लाइमेट, एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में AI सॉल्यूशंस लेकर आए हैं। समिट में आपके लिए ये प्रोडक्ट्स हैं खास:


1. **विमिन लीडरशिप:** महिला लीडरशिप वाले इनोवेटर्स के 30 प्रोजेक्ट हैं। हेल्थ और वित्तीय मदद पर प्रोजेक्ट हैं। इनसे क्रेडिट सिस्टम्स के समाधान मिले। सर्वाइकल कैंसर की जांच वाली मशीन भी देख सकते हैं।
2. **YuvAi कैटिगरी** 13-21 साल के युवा लीडर्स के टॉप 20 प्रोजेक्ट जिनमें मोबिलिटी भी शामिल है। बोलने में दिक्कत को साफ आवाज में बदलने वाली डिवाइस भी देख पाएंगे। यह पहनने लायक डिवाइस है।
3. **AI फॉर ऑल:** इस कैटिगरी में हेल्थकेयर, गवर्नेंस, एजुकेशन पर फोकस है। इसमें मोबाइल फोन से किसी तरह के वायरस या गड़बड़ी को पकड़ने वाला AI टूल भी शामिल किया गया है। ▸▸ पेज 2

## फरीदाबाद की फैक्ट्री में फटे केमिकल ड्रम, 40 झुलसे

### 2 कर्मचारी गंभीर, फैक्ट्री के बाहर खड़े वाहन भी जले

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

सेक्टर-24 में सोमवार शाम एक फैक्ट्री में भीषण हादसे में तीन पुलिसकर्मी समेत 40 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। कंपनी में मेटल शीट कटिंग का काम होता है, जिसके लिए सीएनसी मशीनें लगी हैं। शाम के समय वहां रखे एक केमिकल ड्रम में धमाका हो गया। इसके बाद एक के बाद एक कई ड्रम फटते चले गए, जिससे आग लग गई और कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। यहां तक कि बाहर खड़े कई वाहन भी जल गए। सीएमओ ने बताया कि दो की हालत गंभीर है। ▸▸ गुड़गांव टाइम्स



**भीषण हादसा** मेटल शीट कटिंग कंपनी में सोमवार शाम लगी आग

### राजस्थान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले



- जांच में सामने आया कि गारमेंट फैक्ट्री के नाम पर पटाखे बन रहे थे। धमाके के बाद आग फैली और मजदूर अंदर फंस गए।
- डेढ़ घंटे में आग बुझी। फरेंसिक टीम ने मौके से सैंपल जुटाए और प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं।
- सीएम भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी की सभी औद्योगिक इकाइयों की जांच के निर्देश दिए हैं।


**राजस्थान के** में अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 7 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई

### मुंबई में PM मोदी-इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात आज

■ पीटीआई, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। दोनों क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार करेंगे। मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत दौरे पर हैं और दिल्ली में चल रहे AI इंपैक्ट समिट में भी हिस्सा लेंगे।

## JEE: दिल्ली के श्रेयस ने किया परफेक्ट स्कोर, महिलाओं में आशी टॉपर

AI Image




**सबसे ज्यादा** टॉप स्कोर हासिल करने वाले राजस्थान से हैं।

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (JEE MAIN) पेपर 1 (बीई-बीटेक) का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें 12 कैंडिडेट्स ने 100 NTA स्कोर (पर्सेंटाइल) हासिल किया है। उनमें दिल्ली के श्रेयस मिश्रा भी शामिल हैं। हरियाणा की आशी ग्रेवाल ने 99.9969766 स्कोर कर महिला कैंडिडेट्स में टॉप किया है। टॉप स्कोर पाने वालों में सबसे ज्यादा 3 कैंडिडेट्स राजस्थान से हैं। बिहार, हरियाणा, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से एक-एक कैंडिडेट्स को 100 स्कोर मिला है। 100 स्कोर हासिल करने वालों में कोई महिला कैंडिडेट नहीं है। सेकंड राउंड की परीक्षा के लिए 25 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है।

**सेकंड राउंड के लिए 25 तक कर सकते हैं अप्लाई**

### आपत्तियों के बाद नौ सवाल किए गए ड्रॉप

- प्रोविजनल आंसर-की को लेकर आई आपत्तियों की जांच के बाद NTA ने 9 सवाल ड्रॉप करने का फैसला लिया। JEE Main का पहला सेशन 10 शिफ्ट में हुआ था।
- मैथ्स के 2 और फिजिक्स के 7 सवाल ड्रॉप किए गए हैं। जिस शिफ्ट में किसी सवाल को ड्रॉप किया जाएगा तो उस शिफ्ट में बैठने वाले सभी छात्रों को उस सवाल के नंबर दिए जाएंगे चाहे उन्होंने उसे हल किया हो या नहीं।
- आपत्तियों के बाद 5 सवालों की आंसर-की बदली गई है। कई सवाल ऐसे हैं, जिनके एक से ज्यादा जवाब हैं।
- 24 जनवरी को हुए सेकंड शिफ्ट के एग्जाम में मैथ्स के एक सवाल में चारों विकल्पों को सही घोषित किया गया है।

### काम की खबरें

**14 पर्यटक स्थल खुले**
J&K घूमने वाले टूरिस्टों के लिए खुशखबरी, पहलगाम हमले के बाद बंद ट्यूलिप गार्डन समेत 14 पर्यटक स्थल फिर खुले। ▸▸ पेज 7

**फ्री वाई-फाई मिलेगा**
होली पर रेलवे तैयार। अस्थायी काउंटर, पंडाल, हेल्प डेस्क, फ्री वाई-फाई, स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को राहत मिलेगी।

**DDA: समय सीमा बढ़ी**
डीडीए प्रीमियम हाउसिंग स्कीम की आवेदन तिथि 20 फरवरी तक बढ़ी, फ्लैट्स के लिए ई-ऑक्शन जल्द।



### युवराज को इंसाफ का इंतजार

**31** दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं

### 20 20 आज के मैच

कनाडा vs न्यूजीलैंड
चेन्नै, सुबह 11 बजे से

आयरलैंड vs जिम्बाब्वे
श्रीलंका, दोपहर 3 बजे से

नेपाल vs स्कॉटलैंड
मुंबई, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026
बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के।
अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वॉट्सऐप नंबर - 7003890071

### हैपी मॉर्निंग

टीचर: 14 फलों के नाम बताओ
टिंकू: सेब, आम
टीचर: ये तो बस दो हैं, 14 पूछे थे
टिंकू: और एक दर्जन केले

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,277.15 (+650.39) |
| निफ्टी | 25,682.75 (+211.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.71 (-0.02) |
| रु/यूरो | 107.64 (+0.02) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,59,200 (+700) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,50,000 (-5,000) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 31.6°
10.1° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 6:13 मंगलवार | सूर्योदय 6:57 बुधवार
राजस्थान के कुछ हिस्सों में आज हल्की बारिश होने की संभावना।

## CBSE एग्जाम आज से, समय और एडमिट कार्ड का रखें ध्यान



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। 10वीं के एग्जाम 10 मार्च तक और 12वीं के 9 अप्रैल तक चलेंगे। सभी परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से होंगी और छात्रों को 10 बजे तक सेंटर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली में भारत मंडपम में AI इंटरनैशनल समिट और VVIP मूवमेंट को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की ओर से 10 स्कूलों में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। छात्रों को एडमिट कार्ड साथ रखने और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए समय से पहले या मेट्रो से आने की सलाह दी गई है। इस साल 12वीं की कॉपियां ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी।

**12 कैंडिडेट्स को परफेक्ट स्कोर, सबसे ज्यादा राजस्थान से**

### एग्जाम स्ट्रेस से बचने के टिप्स

- शांत जगह पर पढ़ें और उसी समय पढ़ाई करें, जब आपका ध्यान सबसे ज्यादा लगता हो।
- पढ़ाई और रिविजन के लिए टाइमटेबल बनाएं, हर चैप्टर के बाद छोटा ब्रेक लें।
- पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन करें, जंक फूड से बचें और रोज थोड़ी एक्सरसाइज करें।
- हॉबी, म्यूजिक या टहलने से तनाव कम करें, खुद पर दबाव न डालें और पॉजिटिव रहें।

### पहली परीक्षा चूकने पर अगले साल मौका

**फरवरी की परीक्षा जरूरी:** CBSE ने साफ किया है कि सभी छात्रों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में बैठना अनिवार्य होगा।

**जून में सुधार का मौका:** पास छात्र तीन विषयों में अंक सुधार के लिए दूसरी परीक्षा दे सकेंगे।

**तीन पेपर मिस किए तो रोक:** तीन या अधिक विषय के पेपर नहीं देने पर जून परीक्षा में मौका नहीं मिलेगा, अगले साल ही बैठ सकेंगे।

## रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग में सात अरेस्ट


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के जुहू स्थित 'शेट्टी टावर' पर फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीम ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात अंतरराष्ट्रीय अपराधी शुभम लोनकर गिरोह के इशारे पर हुई। मुख्य शूटर दीपक समेत सभी आरोपियों को हरियाणा के झज्जर, आगरा और नोएडा से पकड़ा गया। फायरिंग का मकसद करोड़ों की रंगदारी वसूलना था।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि फायरिंग का काम उन्हें शुभम के गुर्गे गोलू पंडित के जानकार विष्णु कुशवाहा ने दिया था। सभी ने रेकी के बाद 1 फरवरी की रात सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग की। घटना के बाद ये लगातार ठिकाने बदल रहे थे। एसटीएफ का कहना है कि शुभम लोनकर गिरोह के नेटवर्क और इसकी गतिविधियों की निगरानी जारी है। ▸▸ गुड़गांव टाइम्स

### गुड़गांव को मार्च के आखिर में मिलेंगी 200 सिटी बसें



■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : गुड़गांव में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मजबूती देने के लिए मार्च के आखिर तक 200 सिटी बसें मिल जाएंगी। चंडीगढ़ में सोमवार को सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसकी मंजूरी मिल गई। बसों की खरीद का काम जल्द शुरू होगा। जल्द गुड़गांव के 30 रूटों पर 400 सिटी बसें चलती नजर आएंगी। ▸▸ गुड़गांव टाइम्स

### पलवल में हेपेटाइटिस सी के आठ नए मरीज मिले



■ NBT न्यूज, हथीन : पलवल के छांयसा गांव में सोमवार को हेपेटाइटिस-सी के 8 नए मरीज मिले। इससे पहले यहां 26 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने के लिए गांव पहुंची। सभी संक्रमितों का इलाज किया जा रहा है। गांव के पानी के 107 नमूनों की जांच में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मिला है। ▸▸ गुड़गांव टाइम्स

**कोर्ट ने सवाल भी पूछे...** शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अदालत ने की मौखिक टिप्पणी

# शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने में सतर्क रहें: SC

**संबंध चाहे जैसे भी हो, शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं। शादी से पहले आंख बंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।**




### अदालत ने मध्यस्थता का दिया सुझाव

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मौखिक टिप्पणी में कहा कि शादी से पहले लड़का और लड़की एक-दूसरे के लिए अजनबी होते हैं। उन्हें शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने में सावधानी बरतनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट एक ऐसे व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिस पर शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म करने का आरोप है। सुनवाई के दौरान अदालत ने महिला से पूछा कि वह दुबई तक क्यों गई, जहां दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। कोर्ट ने कहा कि यह सहमति का मामला है। हो सकता है हम पुराने विचारों के हों, लेकिन शादी से पहले किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए।

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस नागरत्ना ने मामला मध्यस्थता के लिए भेजने का सुझाव दिया।



### कोर्ट से खबरें...

1. शूटिंग विडियो पर असम के सीएम के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से SC का इनकार, हाई कोर्ट जाने को कहा। ▸▸ पेज 6
2. 2023 के डेटा संरक्षण कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। ▸▸ पेज 7
3. धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से कथित भेदभाव के मामले को SC की 9 जज की संवैधानिक बेंच 7 अप्रैल से सुनेगी। ▸▸ पेज 7



"हां, भारत-पाक मैच का दबाव तो होता है। आपके आस-पास के लोग, आपका परिवार या दोस्त इसके बारे में आपसे बात करते हैं। इसलिए हां, एक आम मैच की तुलना में थोड़ा अधिक दबाव होता है।" - अक्षर पटेल, क्रिकेटर, भारत

**124** मैच जीते हैं भारत ने ICC व्हाइट बॉल टूर्नामेंट्स (वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी) में। भारत के नाम सर्वाधिक जीत दर्ज हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया (122 जीत) है

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है


1. सोहैब खान मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में किस देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं?
   A) अफगानिस्तान B) यूएई C) ओमान D) इटली
2. भारत ने ICC व्हाइट बॉल टूर्नामेंट्स में कितने मुकाबले जीते हैं?
   A) 122 B) 125 C) 123 D) 124

**कल के जवाब**
1. A) जेसन होल्डर 2. D) दो

**लकी WINNERS**



1 संदीप कुमार, गाजियाबाद, यूपी



2 इनाया माथुर, गुरुग्राम, हरियाणा



3 रिया गुप्ता, पटपड़गंज, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

टीम इंडिया में वापसी के बाद से मचा रहे हैं धमाल

# मिशन पर हैं किशन



■ NBT रिपोर्ट/एजेंसियां, नई दिल्ली: लंबे समय तक बेंच पर रखे जाने के बाद जब ईशान साल 2023 में टीम से बाहर हुए तो उन्होंने अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी गंवा दिया। तब किसी ने नहीं सोचा था कि ईशान टीम में इतनी जल्दी वापसी करेंगे। लेकिन पटना के 27 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने उस दौर से वापसी की जब भारतीय क्रिकेट जगत उनसे उम्मीद छोड़ने लगा था। ऋषभ पंत टी20 विश्व कप विजेता टीम में वापसी कर चुके थे, ध्रुव जुरेल प्रभावी प्रदर्शन कर रहे थे, संजू सैमसन हमेशा की तरह दावेदार थे और जितेश शर्मा भी अपनी उपयोगिता साबित कर रहे थे। ऐसे में चयन क्रम में पांचवें स्थान पर खड़े किशन के लिए राह लगभग बंद दिख रही थी। फिलहाल आलम यह है कि ना उन्होंने सिर्फ टीम में वापसी की बल्कि इस वर्ल्ड टीम के ट्रंप कार्ड बने हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी देखकर लग रहा है कि वह किसी मिशन पर निकले हैं, जहां वह साबित करना चाहते हैं कि वह खेल को लेकर कभी भी लापरवाह नहीं थे। टीम में वापसी के बाद खेली सात टी20 इंटरनैशनल पारियों में धमाल मचाते हुए उन्होंने तीन में अर्धशतक और एक में शतक जड़ा है। इस दौरान सिर्फ एक बार ही ऐसा हुआ है जब वह दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए।

**अप्रोच पर उठे थे सवाल:** किशन ने मानसिक थकान के चलते ब्रेक लेने का फैसला किया। लेकिन इसके बाद उन्हें चयन से बाहर किया गया, केंद्रीय अनुबंध रद्द हुआ और उन पर घरेलू क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं होने के आरोप लगे। ऐसे में ईशान ने घरेलू क्रिकेट से टीम में वापसी का कठिन रास्ता चुना। टीम में वापसी के लिए ईशान ने झारखंड के कप्तान के रूप में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 197 के स्ट्राइक रेट से 517 रन ठोककर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। फिलहाल उन्होंने विश्व कप में अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी खेल दी है और टूर्नामेंट को रोशन करना शुरू कर दिया है। उनके करीबी मित्र अंशुमत श्रीवास्तव ने कहा, 'अगले ही दिन से लोगों ने मान लिया कि वह क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं हैं। तरह-तरह की बातें लिखी गईं। किशन ने हालांकि इन बातों पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। मुस्कुराते रहे और मेहनत करते रहे। वर्तमान में जीना कठिन होता है, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया को सर्वोपरि मान लिया।' अंशुमत के अनुसार, 'आज आप जो पाकिस्तान के खिलाफ देख रहे हैं, वह दो साल पहले शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। ये रन उस प्रक्रिया का एक हिस्सा है।'

**77** रन बनाए ईशान किशन ने जो मेंस टी20I मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ किसी भारतीय ओपनर द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। पहले यह रेकॉर्ड 75 रन का था, जो गौतम गंभीर ने 2007 के टी20 वर्ल्ड कप में बनाया था।

### आंकड़ों में ईशान की पारी

**88** रन थे भारत के खाते में जब ईशान आउट हुए। उन्होंने इसमें से 77 रन बनाए थे यानी अकेले 87% रन अकेले उनके बल्ले से आए।

**87** रन बनाए भारत ने ईशान के आउट होने के बाद 7.6 के रन रेट से, जबकि उनके रहते टीम का रनरेट 10.1 था।

**27** गेंद में ईशान ने अपना अर्धशतक पूरा किया जोकि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड कप मैच में की सबसे तेज फिफ्टी है

**193** का स्ट्राइक रेट रहा ईशान का जोकि प्रेमदासा में 40 या इससे ज्यादा गेंदों की पारी में अब तक का सबसे अधिक है।

### भगवत गीता का लिया सहारा

मुश्किल दौर में अनुशासन के अलावा किशन के परिवार और करीबी लोगों का सुरक्षा घेरा बना रहा। किशन की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई। बेहतर एकाग्रता के लिए उन्होंने ध्यान शुरू किया। पिता की सलाह पर भगवद गीता पढ़नी शुरू की। अभ्यास के लिए वह नियमित तौर पर दिन में दो बार अपनी अकैडमी जाते। पोषण पर ध्यान देने के लिए निजी शेफ रखा और बाहर का खाना छोड़ दिया। नींद और आराम की निगरानी भी व्यवस्थित ढंग से की गई।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### स्पिन पर महारत हासिल कर लौटे हैं मैदान पर

साल 2023 के आखिर में ईशान को टीम से बाहर कर दिया गया था, जिसकी एक वजह स्पिनरों के खिलाफ उनकी सीमित स्ट्रोक्स भी थे। तब स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 138 था। लेकिन इस वर्ल्ड कप से ठीक पहले वापसी के बाद स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 214 हो गया है। पाक के खिलाफ पारी में स्पिन पर उन्होंने 178 के स्ट्राइक रेट से रन ठोके। भारत का कोई दूसरा बैटर इतनी सहजता के खिलाफ स्पिन को नहीं खेल पाया। ईशान ने ऑफ-साइड में भी अपने शॉट्स की रेंज बेहतर की जिससे मैच में ज्यादा स्कोरिंग मौके मिले। मैच में वह हमेशा की तरह लेग-साइड पर मजबूत दिखे, लेकिन इस बार उन्होंने ऑफ-साइड में भी नौ गेंदों पर 25 रन बटोरे।

# हार के बाद बाबर, शाहीन को टीम से बाहर करने की मांग



■ एजेंसियां, कराची: पाकिस्तान की टी20 वर्ल्ड कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से 61 रन की शिकस्त के बाद स्टार बल्लेबाज बाबर आजम आलोचनाओं के घेरे में हैं। देश के कई पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ उन्हें भी टीम से बाहर करने की मांग की है। पूर्व कप्तान बाबर, शादाब खान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी जैसे अनुभवी खिलाड़ी इस एकतरफा मुकाबले में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा, 'अगर यह मेरे हाथ में होता तो मैं बाबर, शादाब और शाहीन को दोबारा टी20 टीम में नहीं चुनता। उन्हें पाकिस्तान के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के कई मौके मिले हैं, लेकिन वे फिर से नाकाम रहे।' अफरीदी ने कहा कि अब युवाओं को तैयार करने का समय आ गया है। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने माना कि पाकिस्तान टीम दबाव में आने पर चुनौती पेश करने में नाकाम रही है। मियांदाद ने कहा, 'भाई, बड़े मैचों में ही खिलाड़ियों को अपना जज्बा दिखाना होता है। हमारे खिलाड़ी ऐसा नहीं कर पाए।'

**यूसुफ भी हमलावर:** बाबर का हमेशा समर्थन करने वाले एक अन्य पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने भी कहा कि इस करारी हार के बाद बाबर और शाहीन का टी20 करियर खत्म हो जाना चाहिए। यूसुफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शाहीन, बाबर और शादाब का करियर उतार पर है। पाकिस्तान की टी20 टीम को नए प्लेयर्स की जरूरत है, कमजोर टीमों के खिलाफ खोखली जीत की नहीं।' यूसुफ ने टीम के पतन के लिए पाकिस्तान के क्रिकेट स्ट्रक्चर में 'राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत स्वार्थ' को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे देश के 'क्रिकेट इतिहास का सबसे काला दौर' भी करार दिया।

### इससे अच्छा तो बॉयकॉट ही था....!


इस हार से पाकिस्तान का क्रिकेट समुदाय निराश है। सोशल मीडिया पर लोग टीम का मजाक उड़ाते हुए कह रहे हैं कि पाकिस्तान को बहिष्कार ही करना चाहिए था। कई क्रिकेट प्रेमियों ने पोस्ट किया, 'अगर हमने बॉयकॉट जारी रखा होता तो बेहतर होता।' पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि भारत किसी भी फॉर्मेट में पाकिस्तान से कहीं बेहतर टीम है। उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेटर के तौर पर मन में हमेशा आशंका बनी रहती है कि भारतीय अहम मौके पर अच्छा करेंगे।'

"आपने एक ऐसे खिलाड़ी (बाबर) को सुपरस्टार बना दिया है जो आपको एक भी मैच नहीं जिता सकता। पिछले 15-20 वर्षों से कोई सुधार नहीं हुआ है। एक समय हम भारत को कड़ी चुनौती देते थे, लेकिन आज हम उन्हें हराने का सपना भी नहीं देख सकते।" - शोएब अख्तर, पूर्व पेसर, पाकिस्तान

## ईशान की पारी का रहा फर्क: हेसन

■ एजेंसियां, कोलंबो: पाकिस्तान के हेड कोच माइक हेसन ने कहा कि बेखौफ होकर खेल रहे ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक ने उनकी टीम और भारत के बीच अंतर पैदा किया।

**कोच की राय**



माइक हेसन

हेसन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'वह बेखौफ होकर खेलते हैं। वह मैदान के दोनों तरफ रन बना सकते हैं। इसलिए वह सिर्फ लेग साइड तक ही सीमित नहीं हैं। हम जानते हैं कि वह लेग साइड के मजबूत बल्लेबाज हैं, लेकिन वह रिवर्स शॉट भी खेल सकते हैं। इसलिए, अगर विशेष कर पावर प्ले में स्पिनर्स बोलिंग कर रहे हों तो उन्हें रोकना चुनौती हो सकती है।' उन्होंने कहा, 'वह शानदार फॉर्म में हैं, उससे हमारे स्पिनरों पर काफी दबाव पड़ा और शायद वे बेसिक्स से भटक गए।'

# ओमरजई ने अफगान के लिए मैच किया फिनिश



**1 पहले** प्लेयर बने राशिद खान टी20 में 700 विकेट का आंकड़ा हासिल करने वाले

**3 तीसरे** प्लेयर बने ओमरजई टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में 30+ रन व 4 विकेट का डबल पूरा करने वाले

Abhishek.Upadhyay1
@TimesofIndia.com

■ नई दिल्ली: पिछले मैच में दिल तोड़ने वाली हार के बाद अफगानिस्तान ने शानदार वापसी करते हुए यूएई को पांच विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप में अपना खाता खोला। जीत के हीरो अजमतुल्लाह ओमरजई रहे, जिन्होंने पहले तो बोलिंग में 4 ओवर्स में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट चटकाए और फिर 21 बॉल पर 40* रन की विस्फोटक पारी खेलकर मैच फिनिश किया। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इब्राहिम जादरान (53) ने भी अहम योगदान दिया।

**सोहैब की लगातार दूसरी फिफ्टी:** टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने यूएई के ओपनर आर्यंश शर्मा (0) और मोहम्मद वसीम (10) को जल्दी आउट कर दबाव बनाया। हालांकि अलिशान शराफू (40) और सोहैब खान (68 रन, 48 गेंद, 6 चौके, 4 छक्के) ने पारी संभाली। लगातार दूसरी फिफ्टी जड़ने वाले सोहैब को चौथे नंबर पर प्रमोट किया गया था। ओमरजई ने दोनों सेट बल्लेबाजों को आउट कर यूएई को 20 ओवर में 160/9 तक सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

**इब्राहिम ने संभाला:** लक्ष्य का पीछा करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज खाता खोले बिना लौटे, लेकिन इब्राहिम ने पारी थामी। गुलबदीन नईब (13), सदीकुल्लाह अटल (16) और दरविश रसूली (33) ने सहयोग दिया। आखिरी 30 गेंद में 52 रन चाहिए थे, तब ओमरजई ने तेज पारी खेल चार गेंद शेष रहते जीत दिलाई।

अफगानिस्तान Vs यूएई

### कनाडा पर टिकीं अफगान उम्मीदें

अफगानिस्तान की जीत की बदौलत साउथ अफ्रीका सुपर-8 में जगह बनाने वाली तीसरी टीम बन गई। वेस्टइंडीज और भारत पहले ही अगले दौर में जगह सुनिश्चित कर चुकी हैं। तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अफगानिस्तान की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदें कनाडा पर टिकी हैं। अगर कनाडा किसी तरह न्यूजीलैंड को हरा देता है तो अफगानिस्तान को कनाडा के खिलाफ अपना मैच बड़े अंतर से जीतना होगा। इन नतीजों के बाद ग्रुप-डी से दूसरी टीम का निर्धारण नेट रन रेट से होगा।

**ब्रीफ स्कोर**

**यूएई:** 20 ओवर्स में 160/9 (सोहैब खान 68, अलिशान शराफू 40, अजमतुल्लाह ओमरजई 4/15)
**अफगानिस्तान:** 19.2 ओवर्स में 162/5 (इब्राहिम जादरान 53, अजमतुल्लाह ओमरजई 40*, जुनैद सिद्दीकी 2/23)

## फटाफट खबरें


### डोपिंग पर बैठक

■ नई दिल्ली: खेलों में डोपिंग से जुड़ी नई चुनौतियों पर विचार करने के लिए सोमवार को आयोजित चौथे राष्ट्रीय अनुपालन मंच की बैठक में खराब सप्लीमेंट, दवाओं के दुरुपयोग और प्रतिबंधित पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। खेल सचिव हरि रंजन राव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न हितधारकों द्वारा लागू किए गए डोपिंग रोधी प्रयासों की समीक्षा की गई और डोपिंग रोकने के लिए अंतर-मंत्रालय समन्वय को मजबूत करने के उपायों पर विचार किया गया। बैठक में प्रतिबंधित और अप्रमाणित पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री और प्रचार सहित उभरती चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### जयपुर टीम को खिताब

■ जयपुर: जयपुर पोलो टीम ने शानदार परफॉर्मेंस देते हुए कैंपेसिल सुहाना को 14-10 से हराया और रैफल्स सिरमौर कप जीता। इस तरह छह चक्करों में अटैकिंग दबदबे और लगातार नियंत्रण के साथ सीजन का अपना आठवां खिताब जीता। लांस वॉटसन ने नौ गोल करके शानदार परफॉर्मेंस दी, जिससे जयपुर का अटैकिंग दबदबा बना रहा। मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे ने चार जरूरी गोल किए, जबकि जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने एक गोल किया।

# मार्श-हेड की जमी जुगलबंदी



कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने की बढ़िया साझेदारी


श्रीलंका Vs ऑस्ट्रेलिया

■ पीटीआई, पल्लेकेले: कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सोमवार को यहां टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-बी मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 181 रन पर सिमट गया। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले। हेड ने भी 29 गेंदों में 56 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नौ ओवर से कम समय में 104 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक के स्कोर की राह पर ला खड़ा किया।

श्रीलंका के गेंदबाजों ने हालांकि आखिरी 10 ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा (3/37) सबसे सफल गेंदबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी चार विकेट महज छह रन के अंदर गंवा दिए। पहले गेंदबाजी करने का श्रीलंका का फैसला शुरुआत में गलत साबित हुआ। मार्श और हेड ने चौकों-छक्कों की झड़ी लगाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दुष्मंथा चमीरा (2/36) के पहले ही ओवर में 16 रन बटोर लिए। मार्श ने बैकफुट से ऑफ साइड में शानदार शॉट लगाकर अपने इरादे जाहिर किए, जबकि हेड ने शॉर्ट पिच गेंद पर पर चौका जड़ा। मार्श ने मिडविकेट के ऊपर छक्का लगाकर दबाव बढ़ाया। हेड ने महीश तीक्षणा के खिलाफ दो चौके जड़कर रनगति बरकरार रखी।

**पथिराना को जाना पड़ा बाहर:** श्रीलंका को तीसरे ओवर में बड़ा झटका लगा जब 23 वर्षीय तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़कर बाहर चले गए और दासुन शनाका को ओवर पूरा करना पड़ा। शनाका की पहली ही गेंद पर हेड ने चौका जड़ा और फिर डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर छक्का लगाकर आक्रमण जारी रखा। मार्श ने तीक्षणा के एक ओवर में लगातार पांच चौके जड़ते हुए पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना नुकसान 70 रन तक पहुंचा दिया। कप्तान शनाका ने रनगति पर अंकुश लगाने के लिए लेग स्पिनर हेमंथा को गेंद थमाई, लेकिन हेड ने उनका स्वागत छक्के और चौके से किया। अगले ओवर में मार्श ने दुनिथ वेलालगे पर चौका और छक्का लगाकर टीम का शतक पूरा किया। इसके बाद हालांकि ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। 104 रन बिना नुकसान से टीम 130 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में आ गई।

# जैक्स के ऑलराउंड खेल से इंग्लैंड पहुंचा सुपर-8 में



विल जैक्स

इंग्लैंड Vs इटली

■ एजेंसियां, कोलकाता: विल जैक्स (53* रन, 22 बॉल, 3 फोर, 4 सिक्स और 1/4) के ऑलराउंड खेल से इंग्लैंड ने आखिर तक जुझारू प्रदर्शन कर रही इटली को 24 रन से हराकर सोमवार को टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में प्रवेश कर लिया। पहले बैटिंग करते हुए जैक्स की आक्रामक पारी के दम पर इंग्लैंड ने सात विकेट पर 202 रन बनाए। जैक्स की बदौलत इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में पहली बार 200 प्लस का स्कोर बनाया। जवाब में इटली ने शानदार प्रदर्शन किया और एक समय लग रहा था कि कोई उलटफेर हो जाएगा लेकिन इंग्लैंड ने समय पर वापसी की। इटली के लिए बेन मानेंटी ने 25 गेंद में 60 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंद में 45 रन बनाकर इंग्लैंड के खेमे में बेचैनी पैदा कर दी थी। जैक्स ने समय पर मानेंटी को आउट करके इंग्लैंड को मैच में लौटाया। इटली की टीम 20 ओवर में 178 रन ही बना सकी। इंग्लैंड के लिए सैम कुरन ने 22 और जेमी ओवर्टन ने 18 रन देकर 3-3 विकेट लिए।

**बेन की 22 बॉल पर फिफ्टी:** एक समय पर इटली का स्कोर तीन विकेट पर 22 रन था लेकिन बेन ने जबर्दस्त पारी खेलकर सिर्फ 22 गेंद में अर्धशतक बनाया। यह टी20 वर्ल्ड कप का संयुक्त पांचवां सबसे तेज और असोसिएट देश के किसी बल्लेबाज का संयुक्त दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। जस्टिन मोस्का ने बखूबी साथ निभाते हुए 34 गेंद में 43 रन बनाए। दोनों ने 48 गेंद में 92 रन की साझेदारी की लेकिन जैक्स ने बेन का विकेट लेकर पासा पलट दिया।

**ब्रीफ स्कोर**

**इंग्लैंड:** 202/7 (विल जैक्स 53, टॉम बैंटन 30, ग्रांट स्टीवर्ट 2/51)
**इटली:** 178/10 (बेन मानेंटी 60, ग्रांट स्टीवर्ट 45, जेमी ओवर्टन 3/18)

## पाकिस्तान हॉकी टीम को किया गया था भुगतान: PSB

**कैनबरा होटेल बुकिंग मामला**

■ एजेंसियां, कराची: पाकिस्तानी हॉकी टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया में होटेल बुकिंग के एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये से अधिक के भुगतान के सबूत पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) द्वारा दिए जाने के बाद अब पाकिस्तान हॉकी महासंघ (PHF) विवाद के घेरे में आ गया है। पाकिस्तान हॉकी टीम को सिडनी हवाई अड्डे पर 13 से 14 घंटे इंतजार करना पड़ा क्योंकि कैनबरा की फ्लाइट लेने से पहले PHF ने खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई अड्डे पर ठहरने का कोई इंतजाम नहीं किया था। FIH प्रो लीग के लिए कैनबरा पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के पास होटेल नहीं था क्योंकि PHF ने भुगतान नहीं किया था। PSB ने अब PHF को 28 जनवरी को होटेल के इंतजाम के लिए दिए गए एक करोड़ और पांच लाख रुपये के चेक की फोटोकॉपी जारी कर दी है। इससे साबित होता है कि PSB ने भुगतान किया था।

# देवदत्त का डबल धमाल

SOCIAL MEDIA



जश्न मनाते पडिक्कल

**रणजी का रण**

■ एजेंसियां, लखनऊ: कप्तान देवदत्त पडिक्कल की पहली फर्स्ट क्लास डबल सेंचुरी और रविचंद्रन स्मरण की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ मैच पर शिकंजा कस लिया है। टीम ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 689 रन बना लिए हैं। कर्नाटक ने 355/2 से आगे खेलते हुए दिन भी दबदबा बनाए रखा। पडिक्कल ने 330 बॉल की मैराथन पारी में 232 रन बनाए, जिसमें 29 फोर और 3 सिक्स शामिल रहे। उन्होंने करुण नायर (60) के साथ 129 रन जोड़े और 288 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया।

नायर को अभय नेगी ने आउट कर साझेदारी तोड़ी। लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर पडिक्कल विकेटकीपर सौरभ रावत को कैच दे बैठे। इसके बाद स्मरण (121* रन, 191 बॉल, 11 फोर) ने कृतिक कृष्णा (60) संग 123 रन जोड़ उत्तराखंड को और दबाव में डाला। विद्याधर पाटिल (35*) के साथ उनकी अटूट साझेदारी ने बढ़त को और विशाल बना दिया है। पहले दिन केएल राहुल (141) ने भी शतक जड़ मजबूत नींव रखी थी।

### शमी के तीन विकेट, मैच में बराबरी कायम

**कल्याणी:** एक अन्य सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी (3/60) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत बंगाल ने दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के 198 रन पर पांच विकेट गिराकर मुकाबला संतुलित कर दिया। पहली पारी में 328 रन पर सिमटी बंगाल को आकिब नबी (5/87) ने झटका दिया और सीजन में 50 विकेट पूरे किए। सुदीप कुमार घरामी (146) पहले दिन बनाए गए शतक को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। जवाब में जम्मू-कश्मीर 13 रन पर 3 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद कप्तान पारस डोगरा (58) और अब्दुल समद (82) ने 143 रन जोड़ मैच पलटा।



## मंधाना बनी साल की बेस्ट इंडियन स्पोर्ट्स विमन

**BBC अवॉर्ड्स**



स्मृति मंधाना

■ पीटीआई, नई दिल्ली: स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को साल-2025 के लिए बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्स विमन ऑफ द ईयर' चुना गया। मंधाना ने पिछले साल भारतीय महिला टीम के विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इतिहास रचने में अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी ओर, सिर्फ बीस वर्ष की उम्र में फिडे विमिंस वर्ल्ड कप का चैंपियन बनकर नई इबारत रचने वाली चेस प्लेयर दिव्या देशमुख को 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। सोमवार को राजधानी में हुए एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार दिए गए। 2024 के पैरिस पैरालिंपिक्स में ट्रैक ऐंड फील्ड में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली प्रीति पाल को साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा-स्पोर्ट्सविमन चुना गया।

# कीवियों के पास सुपर-8 में एंट्री का होगा मौका



न्यूजीलैंड के ओपनर टिम सीफर्ट

न्यूजीलैंड Vs कनाडा

■ एजेंसियां, चेन्नै: न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-डी के मुकाबले में आज कनाडा का सामना करेगी। इस ग्रुप से साउथ अफ्रीका पहले ही सुपर-8 में पहुंच चुकी है और न्यूजीलैंड के पास भी ऐसा करने का मौका है। अगर न्यूजीलैंड इस मुकाबले को जीतने में सफल होती है तो टीम सीधे सुपर-8 में एंट्री कर लेगी। हार से उसकी उम्मीदों को झटका लगेगा और उनकी किस्मत यूएई व अफगानिस्तान के मैच के नतीजों से तय होगी। न्यूजीलैंड और कनाडा टी20I में पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगी। कनाडा अपने दोनों मैच हारकर तालिका में सबसे नीचे है। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में ढलने की चुनौती उसके प्रदर्शन में दिखी है।

### जिंबाब्वे की टक्कर आयरलैंड से

एजेंसियां, पल्लेकेले: ऑस्ट्रेलिया पर यादगार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी जिंबाब्वे की टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-बी मुकाबले में जीत से पहली बार सुपर-8 में जगह बनाने की दिशा में मजबूत कदम रखना चाहेगी। आयरलैंड को हराने पर उसके छह अंक हो जाएंगे, इसके बाद मामला नेट रन रेट पर निर्भर करेगा।

### नेपाल-स्कॉटलैंड में होगी टक्कर

**मुंबई:** स्कॉटलैंड और नेपाल टूर्नामेंट के अपने आखिरी मुकाबले में एक-दूसरे के सामने चुनौती पेश करेंगी। इंग्लैंड की इटली पर जीत के साथ ग्रुप-सी की टॉप-2 टीमें वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के रूप में तय हो गई हैं। स्कॉटलैंड को इस मैच में जीत का मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि टीम इटली को हराकर आत्मविश्वास से भरी हुई है।

**टेलिकास्ट** न्यूजीलैंड-कनाडा मैच सुबह 11 बजे से, आयरलैंड-जिंबाब्वे का दोपहर बाद 3 बजे से और नेपाल व स्कॉटलैंड भिड़त शाम 7 बजे से होगी। सभी मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP23 User: cci Time: 02-16-2026 21:54 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## आज ही हुई थी रेड क्रॉस की स्थापना

आज के दिन 1863 में रेड क्रॉस (Red Cross) सोसायटी की स्थापना हुई थी। इसे 'जिनेवा कन्वेंशन' जैसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों से विशेष मान्यता मिली है। इस संस्था ने पहले और दूसरे विश्व युद्ध से लेकर वियतनाम युद्ध और अफगानिस्तान जैसे संघर्षों में करोड़ों घायल सैनिकों और युद्धबंदियों की जान बचाई है। इसी बेमिसाल सेवा के लिए रेड क्रॉस को रेकॉर्ड तीन बार नोबेल शांति पुरस्कार मिला है।

NBT
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर
Front Page-2
मंगलवार, 17 फरवरी 2026

## ड्रोन और रोबॉट तुरंत मदद पहुंचाएंगे

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रेड क्रॉस पूरी तरह हाई-टेक हो जाएगा। ड्रोन और रोबॉट हर आपदा में तुरंत मदद पहुंचाएंगे। AI डॉक्टर और नैनो-दवा मरीजों का इलाज मिनटों में करेंगे। 3D प्रिंटेड ऑर्गन और पोर्टेबल मशीनें तुरंत मुहैया होंगी। दुनिया भर के स्वयंसेवी होलोग्राम के जरिए जुड़ेंगे। चुनौतियां तब भी होंगी, लेकिन तकनीक और मानवता का संगम हर मिशन को सफल बनाएगा। नई महामारी, साइबर खतरे, संघर्ष के दौर में ह्यूमन टच की जरूरत हमेशा रहेगी।



AI Images

---

**अब फोटो छपवाने का मौका भी**

## खबरों का ज्ञान

**रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं**

**1** JEE MAIN 2026 में सेशन-1 के नतीजों में कितनों को 100 परसेंटाइल मिला?
A. 10 B. 12 C. 15

**2** 'AI इंपैक्ट समिट 2026' दिल्ली में इनमें से कहां हो रही है?
A. भारत मंडपम B. विज्ञान भवन C. कर्तव्य भवन

**3** सेना की किस कमांड के दौरे से चर्चा में भारत के अमेरिकी राजदूत?
A. ईस्टर्न B. सदर्न C. वेस्टर्न

**4** जनवरी 2026 में थोक महंगाई 10 महीने में सबसे ज्यादा रही। यह कितनी थी?
A. 1.81% B. 1.55% C. 2.15%

**5** बांग्लादेश में आज PM पद की शपथ लेने जा रहे तारिक रहमान इनमें से किनके बेटे हैं?
A. शेख हसीना B. खालिदा जिया C. शफीकुर रहमान

**कल के जवाब**
A1 B.कलरोना A2 B. 22 अप्रैल A3 C.ओम बिरला A4 B.जुलाई 2017 A5 A.पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ

**लकी विनर्स**



1. ऊषा किरण, नजफगढ़, दिल्ली
2. दीपक कुमार गुप्ता, नई दिल्ली
3. मनोज सक्सेना गाजियाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही।

---

# सेना की वेस्टर्न कमान पहुंचे US के राजदूत, सियासत भी खूब हुई

### अमेरिकी कमांडर पपारो के साथ वहां पहुंचे गोर | पाकिस्तान बॉर्डर की जिम्मेदारी इसी कमान पर

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) भारतीय सेना के वेस्टर्न कमांड के दौरे पर पहुंचे। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, राजनीति भी तेज हो गई। एनबीटी ने इस दौरे पर जब अमेरिकी दूतावास से पूछा तो उन्होंने बताया, 'एंबैसडर (सर्जियो गोर) यूएस की इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर सैमुअल पपारो (Samuel Paparo) के साथ गए हैं'।

> अमेरिकी दूत गोर के वेस्टर्न कमांड जाने पर सोशल मीडिया में भी खूब हुई चर्चा

सेना की वेस्टर्न कमांड की जिम्मेदारी वाले एरिया में पाकिस्तान बॉर्डर आता है। अमेरिकी राजदूत के इस दौरे पर सोशल मीडिया में चर्चा होने लगी। लोगों ने सवाल उठाए कि एक विदेशी राजनयिक सेना के अहम ठिकानों में शुमार इस कमान का दौरा क्यों कर रहा है? कुछ ने इसे US से बढ़ती दोस्ती से जोड़ा।

दरअसल विदेशी राजनयिक का सेना के कमांड हेडक्वॉर्टर्स जाना सामान्य नहीं है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि यह पहली बार हुआ है। रॉबर्ट ब्लैकविल 2001 से 2003 तक भारत में अमेरिकी राजदूत थे। तब वह नॉर्थ-ईस्ट बॉर्डर पर गए थे। साथ ही, फरवरी 2002 में सेना की 2-कोर के हेडक्वॉर्टर्स भी गए थे।

सोमवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने X पर पोस्ट किया, 'अभी-अभी चंडीगढ़ पहुंचा हूं। भारतीय सेना के वेस्टर्न कमांड का दौरा करने के लिए उत्साहित हूं।' इसके तुरंत बाद उनके इस दौरे की चर्चा होने लगी।



**चर्चा में** सेना की वेस्टर्न कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार के साथ अमेरिकी दूत गोर (बीच में) और US के कमांडर पपारो।

### विपक्ष ने उठाए तीखे सवाल

केरल कांग्रेस ने सोशल मीडिया X पर लिखा- 'इतनी घबराहट क्यों है? हम पहले ही देख चुके हैं कि इस सरकार के आशीर्वाद से पाकिस्तान की ISI को पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन तक पहुंच मिल गई थी। क्या तब लोगों ने नहीं कहा था- 'नरेन्द्र मोदी ने किया होगा तो सोच-समझकर ही किया होगा?' उसके मुकाबले यह तो बहुत छोटी बात है।' शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया में लिखा - 'अब भारत के राष्ट्रीय रणनीतिक हित इस बात से जुड़े नजर आ रहे हैं कि यूएस भारत से क्या चाहता है, इसलिए यह दौरा उसी के अनुरूप लगता है। भारत का इतिहास याद रखेगा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की घोषणा सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति ने कर दी थी।...अमेरिकी राजदूत अपने देश के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन हमारे लिए कौन कर रहा है?'

### अमेरिकी कमांडर CDS अनिल चौहान से भी मिले



अमेरिकी कमांडर पपारो इससे पहले इंटिग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (IDS) हेडक्वॉर्टर्स भी गए और CDS अनिल चौहान से मिले। दोनों ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, एक-दूसरे की सेनाओं के साथ तालमेल और साझा ऑपरेशनल क्षमताओं को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया।

---

### बांग्लादेश में आज पीएम की शपथ लेंगे खालिदा के बेटे तारिक

# BNP बोली, भारत से रिश्तों में शेख हसीना बाधा नहीं



■ **आईएएनएस, ढाका:** बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) की भारी जीत के बाद इसके नेता और पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। सत्ता संभालने जा रही BNP के बयानों पर भारत सरकार की नजर है। भारतीय मीडिया से बातचीत में बीएनपी महासचिव फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि भारत में बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मौजूदगी साझा रिश्तों में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि कानूनी प्रक्रिया से भारत शेख हसीना को सौंपने पर विचार करेगा, लेकिन इससे दोनों देशों के व्यापक रिश्तों पर नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। दो दिन पहले ही बीएनपी के सलाहकार और विदेश मंत्री पद के दावेदार हुमायूं कबीर ने हसीना को आतंकी बताया था।

कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने 77 सीटें जीतकर सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। यूनुस राज में जमात के कारण भीड़ की हिंसा रोज का काम थी। इस बीच अवामी लीग के 60 साल के नेता शमीकुल इस्लाम की गाइबांधा जिला जेल में हिरासत में मौत हो गई।

**35 साल बाद बांग्लादेश में पुरुष पीएम :** 13वें संसदीय चुनाव में दो तिहाई बहुमत से ज्यादा सीटें जीतने वाली BNP नेता तारिक रहमान आज पीएम पद की शपथ लेंगे। इस देश में 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम होगा।

**30-40 सदस्यों की कैबिनेट :** BNP महासचिव हुमायूं कबीर विदेश मंत्री बन सकते हैं, सलाहुद्दीन अहमद, डॉ. रजा किबरिया, मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर समेत कई को मंत्री पद मिलने की चर्चा है।

**हिंदू मंत्री की भी चर्चा :** पार्टी से 2 हिंदू सांसद चुने गए हैं। इनमें गोयेश्वर चंद्र रॉय को मंत्री पद मिल सकता है।

**1200 विदेशी मेहमान होंगे :** भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे, पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसान इकबाल समेत 1200 से ज्यादा मेहमान शपथ ग्रहण में हिस्सा लेंगे।

**4 pm** पर आज तारिक रहमान शपथ लेंगे। 18 साल बाद लंदन से लौटे तारिक ने BNP को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### क्यों है कांटों का ताज

भारत समेत विदेशी रिश्तों को फिर संवारना बड़ी चुनौती होगी। अंतरिम मुखिया यूनुस ने पाकिस्तान को बहुत ज्यादा अहमियत दे दी थी।

भीड़ की हिंसा पर नकेल कसनी होगी। कट्टरपंथी जमात की वजह से ऐसी हिंसा रोज होती थी। इस बार उसे अब तक की सबसे ज्यादा सीटें मिली।

जमात ने पश्चिम बंगाल से लगते सीमांत इलाकों में बड़ी जीत हासिल की है। इन इलाकों में कट्टरपंथ तेजी से फैल रहा था। यह भारत के लिए चुनौती है।

---

## पाक के पंजाब में पुलिस 'ओए' नहीं कह सकेगी

■ **पीटीआई, लाहौर:** पाकिस्तानी पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने निर्देश जारी किया है कि पुलिसवाले आम लोगों को 'सर या मैडम' अथवा 'साहिब या साहिबा' कहकर बुलाएं। नागरिकों को 'ओए' कहना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लाहौर में पुलिस सुधारों पर बैठक में मरियम ने सभी थानों, दफ्तरों, चेकपोस्ट पर जनता की गरिमा का सम्मान करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हानिकारक सोच और व्यवहार को बदलने की जरूरत है और इसके लिए जवाबदेही तय होगी।



मरियम नवाज ने कहा कि पुलिसकर्मियों के डराने-धमकाने की कई शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिसकर्मियों को बातचीत का तरीका सिखाया जाए। जो पुलिसकर्मी गश्त करते हैं या सीधे जनता से डील करते हैं, वे बॉडी लैंग्वेज पर भी ध्यान दें।



## भारत और कनाडा के मंत्री 5 माह में 5वीं बार मिले

■ **पीटीआई, म्यूनिख (जर्मनी):** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भारत-कनाडा रिश्तों को मजबूत करने और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की है। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की संभावित भारत यात्रा से पहले हुई इस मुलाकात पर जयशंकर ने कहा कि भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं। सितंबर 2025 के बाद से दोनों मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है। अनीता आनंद ने कहा, 'कनाडा-भारत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए आगामी कामकाज पर चर्चा करना अच्छा लगा।'

**25-26 फरवरी को दौरा**

## मोदी के दौरे पर नेतन्याहू ने कहा- भारत पावरफुल

■ **पीटीआई, यरूशलम (इस्राइल):** इस्राइली प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu) ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 फरवरी को दो दिन के इस्राइल दौरे पर रहेंगे। उनके प्रस्तावित कार्यक्रमों में इस्राइली संसद नेसेट में संबोधन भी है। इस्राइल और भारत के बीच गहरी साझेदारी है। हम विभिन्न प्रकार के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। ...भारत बहुत पावरफुल और लोकप्रिय है।



पिछले साल इस्राइल के टूरिज्म मिनिस्टर हैम कात्ज, अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री निर बरकत, कृषि और खाद्य सुरक्षा मंत्री अवी दिख्तर, वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भारत का दौरा कर चुके हैं।







10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकती है. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन के अनुसार बदल सकती है. फायनान्स उपलब्ध है फायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑक्सर नेबुला और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh** BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • **NORTH DELHI: Pitampura** BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • **Budh Vihar, Rohini** BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • **Rithala** BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • **Mahipalpur** BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • **Najafgarh** BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 9210600907 • **G.T. Karnal Road** SWADESHI BAJAJ 9212110787 • **Wazirpur** SWADESHI BAJAJ 9250211944 • **Zakhira SWADESHI BAJAJ** 9250211933 • **Narela GLOBAL BAJAJ** 9311300688 • **Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695** • **Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699** • **Burari GLOBAL BAJAJ** 9711998154 • **EAST DELHI** • **South Ganesh Nagar** GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •**Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station** GLOBAL BAJAJ–9319421555 •**KONDLI, Main Market-Global Bajaj** -9319423555 • **Shahdara-Durgapuri Chowk** RRAG BAJAJ -7678440243 • **Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309** • **Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905** • **WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730** • **Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366** • **Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339;** • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • **SOUTH DELHI: Khanpur** GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • **Pul Prahladpur** GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • **Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ** 9289906219/8447431069 • **Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ** 9560208232 • **Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612** • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * **HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad:** NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • **Palwal:** VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233.• **UTTAR PRADESH** • **Ghaziabad:** SHIVA BAJAJ 8595167770 • **Hapur:** SHIVA BAJAJ 9760020028 • **NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365** • **Noida SEC 63** KAY DEE BAJAJ 8750044099 • **Greater Noida SKYLINE BAJAJ** 7065000365 • **Sahibabad:** SHIVA BAJAJ 9311590335 • **Meerut:** • **Pallavpuram** BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 **Delhi Road: VIJETA BAJAJ** 7302255106 • **HARYANA Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :-** GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • **Palwal:** VIDYA BAJAJ 9416636037 01275-259233.




**AUTHORIZED NISSAN DEALERS: DELHI/NCR: DELHI: DWARKA:** JUBILANT NISSAN- 8291047061, **MOTI NAGAR:** JUBILANT NISSAN- 8291049380, **PATPARGANJ:** BRITE NISSAN- 8291095433, **PRASHANT VIHAR:** JUBILANT NISSAN- 9619895041, **SAFDARJUNG:** YOUWE NISSAN- 8291104027, **HARYANA: GURUGRAM: SECTOR 14:** VERTEX NISSAN- 8291044902, **FARIDABAD:** YOUWE NISSAN- 8291104586, **KURUKSHETRA :** PEARL NISSAN- 8422831424, **SONIPAT: KUNDLI:** MALWA NISSAN- 9167998356, **ROHTAK:** BA NISSAN- 8291041277, **UTTAR PRADESH: NOIDA SECTOR-63:** BRITE NISSAN- 9167258352, **GHAZIABAD:** ADIV NISSAN- 8291047453, **MEERUT:** ADIV NISSAN- 9619894235, **RAJASTHAN: ALWAR:** TIRUPATI NISSAN- 9619894676.

*Terms & conditions apply: The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants of MY 2025 which will be invoiced on or before 28th February 2026 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. *Extra cash benefit up to ₹30 000 is valid till 23rd February 2026. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variants are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. 5.55%* interest rate is applicable only through NRFSI Finance at their sole discretion . *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. #Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. ^Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. #Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party. @GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults.
TBWA\100076

NISSAN FINANCE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 02-16-2026 22:47 Color:



## इंडिया AI इंपैक्ट समिट की प्रधानमंत्री ने की शुरुआत, देश-दुनिया की कंपनियों के प्रोडक्ट भी देखे

# मोदी बोले- समिट में दुनियाभर से आए लोगों का स्वागत है...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया AI इंपैक्ट समिट की शुरुआत की। इससे पहले मोदी ने X पर लिखा, 'समिट में हिस्सा लेने आए दुनिया भर के नेताओं, बिजनेसमैन, इनोवेटर्स, रिसर्चर्स का दिल से स्वागत करता हूं। इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबका भला और सबकी खुशी' है। भारत मंडपम में करीब 65 देशों के AI प्रोजेक्ट का एक्सपो भी लगाया गया है। पीएम मोदी ने इनमें से कुछ प्रमुख कंपनियों के पविलियन का दौरा किया और उनके प्रोडक्ट की जानकारी भी ली। अल्पयु सिंह और प्रदीप तिवारी इन प्रोडक्ट की जानकारी दे रहे:

1 **Jio AI:** यह डिजिटल सेवाओं को और स्मार्ट बनाने पर काम कर रहा है। तेज इंटरनेट, स्मार्ट चैटबॉट और पर्सनलाइज्ड सेवाओं के जरिए ग्राहकों को बेहतर अनुभव देता है। इसका मकसद AI को आम मोबाइल यूजर तक आसान और सुलभ बनाना है।

2 **Bharat Gen:** यह एक स्वदेशी AI प्लैटफॉर्म है, जो अधिकतर भारतीय भाषाओं में काम करने के लिए तैयार किया गया है। यह टेक्स्ट, ऑडियो और इमेज को समझकर जवाब दे सकता है। इसका मकसद सरकारी सेवाओं, शिक्षा और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर लोगों को उनकी अपनी भाषा में सही और तेज जानकारी देना है।

3 **सर्वम AI:** भारतीय भाषाओं के लिए सर्वम AI लार्ज लैंग्वेज मॉडल तैयार कर रहा है। यह चैटबॉट, अनुवाद और कंटेंट बनाने में मदद करता है। खास बात यह है कि यह हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं को बेहतर तरीके से समझता है।



जियो के पविलियन में पीएम के साथ दिखे आकाश अंबानी।

4 **Addverb AI:** यह मुख्य रूप से स्मार्ट रोबॉट और ऑटोमेशन तकनीक पर काम करता है। इसके AI से चलने वाले रोबॉट गोदामों और फैक्ट्रियों में सामान की पहचान, उठाने-रखने और छंटाई जैसे काम तेजी और सटीकता से करते हैं।

5 **Wadhwani AI:** सामाजिक क्षेत्र के लिए Wadhwani AI समाधान बनाता है। यह खेती, स्वास्थ्य और टीबी जैसी बीमारियों की पहचान में मदद करता है। जैसे, यह AI एक्स-रे देखकर टीबी की शुरुआती पहचान कर सकता है।

6 **Meta AI Glasses:** Meta ने AI इनबिल्ट ऐसे स्मार्ट चश्मे हैं, जिनमें कैमरा और AI तकनीक लगी होती है। ये सामने दिख रही चीजों की जानकारी दे सकते हैं, फोटो-विडियो बना सकते हैं और वॉयस कमांड से काम कर सकते हैं। विजुअली चैलेंज्ड लोगों के लिए भी इससे मदद मिलेगी।

7 **Kinetic AI earable Technology:** इसकी AI Earable तकनीक स्मार्ट ईयरबड्स जैसी डिवाइस है, जो आवाज को समझकर तुरंत जवाब दे सकती है। यह कॉल, अनुवाद और हेल्थ मॉनिटरिंग जैसे काम कर सकती है। जिन्हें कम सुनाई देता है या कान में दिक्कत है, उनके लिए यह मददगार हो सकती है।

8 **Airtel fraud detection AI tool:** टेलीकॉम कंपनी Airtel का AI फ्रॉड डिटेक्शन टूल मोबाइल यूजर्स को धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। यह संदिग्ध कॉल और मैसेज की पहचान कर यूजर को चेतावनी देता है। इससे साइबर ठगी के मामलों को कम करने में मदद मिलती है।

## दुनियाभर के कई बड़े नेता भी आ रहे

### मंगलवार




मैक्रों

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों
- बोलिविया के उपराष्ट्रपति एडमंड लारा मोंटानो
- गयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव
- इस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार करिस
- श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके
- सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक

### बुधवार



सांचेज



टोबगे

- स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज
- सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सबेस्टियन पिल्लई
- क्रोएशिया के पीएम एंद्रेज प्लेनकोविच
- स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी
- UAE के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद
- भूटान के पीएम शेरिंग टोबगे
- क्रोएशिया के पीएम एंद्रेज प्लेनकोविच
- कजाखस्तान के पीएम ओल्जास बेक्टेनोव
- लिक्टेंस्टीन के युवराज एलोइस
- मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम
- स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी
- ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा।


## AI समिट लाइव

### इंडिया समिट AI का महाकुंभ शुरू: जितिन प्रसाद



केंद्रीय वाणिज्य एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने समिट को AI का महाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का बड़ा स्तर और भारी भागीदारी भारत की डिजिटल यात्रा के लिए एक ऐतिहासिक पल है। समिट में उन्होंने इनोवेटर्स और उद्यमियों से अपील की कि वे AI को अपनाएं और इसके जरिए नए समाधान तैयार करें, जो भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाएं।

### मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा- ठोस नीति की जरूरत




मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत में AI के लिए स्पष्ट प्रतिबद्धता और ठोस नीति की जरूरत है। AI इंपैक्ट समिट में वर्चुअल जुड़े नागेश्वरन ने कहा कि तकनीक अपनाने को बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के साथ जोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि AI अपनाना केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र, शिक्षाविदों के संयुक्त 'टीम इंडिया' प्रयास से ही संभव होगा।

### माइक्रोसॉफ्ट इंडिया हेड ने कहा, तेजी से बढ़ रहा AI




माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रेजिडेंट पुनीत चंडोक ने कहा कि AI मॉडल बहुत तेजी से बेहतर हो रहे हैं और अगले 3 साल में इस क्षेत्र में बहुत बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। समिट में पुनीत चंडोक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में AI ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, उससे साफ है कि यह तकनीक तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि आज के AI मॉडल बेहद उन्नत हैं।

### वैश्विक सहयोग को दे रहे नई दिशा: ब्रिटिश डिप्टी पीएम



ब्रिटेन के डिप्टी पीएम डेविड लैमी ने कहा कि यह समिट AI के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को नई दिशा देने वाला मंच बनकर उभर रहा है। लैमी ने इसे ऐसा महत्वपूर्ण क्षण बताया है, जहां अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के जरिए AI की पूरी क्षमता को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से उपयोग में लाने पर सहमति बनेगी। ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल AI मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में भारत आया है।

### आपदा प्रबंधन में भारत के AI प्रयास को सराहा



संयुक्त राष्ट्र के आपदा जोखिम से जुड़े ऑफिस (UNDRR) के अधिकारी सुजीत मोहंती ने कहा है कि आपदाओं से निपटने में AI बहुत मददगार हो सकता है, लेकिन इसके सही उपयोग के लिए साफ कानूनी और नैतिक नियम जरूरी हैं। AI की मदद से बाढ़, चक्रवात और अन्य आपदाओं का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है। भारत इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा है।

### AI के लिए रेगुलेटरी सैंडबॉक्स की बताई जरूरत



भारत में नई तकनीकों, खासकर AI के क्षेत्र में सुरक्षित और संतुलित इनोवेशन के लिए रेगुलेटरी सैंडबॉक्स जरूरी है। ये बात इंटरनैशनल फाइनैंशल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी (IFSCA) के चीफ टेक्नॉलजी ऑफिसर जोसेफ जोशी ने सोमवार को कही। सैंडबॉक्स होने से इनोवेशन को सुरक्षित दायरे में बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि कुछ AI मॉडल जोखिम पैदा कर सकते हैं, इसलिए जरूरी है कि उन पर निगरानी रखी जाए।

## 60 देशों के 4650 प्रोजेक्ट्स में से 3 कैटिगरी के आधार पर एक्सपर्ट ने सिलेक्ट किए AI मॉडल


# जरूर देखें ये टॉप 70 AI प्रोजेक्ट्स

इंडिया AI इंपैक्ट समिट में आज जाने का प्लान बना रहे हैं तो टॉप 70 AI प्रोजेक्ट्स के बारे में जरूर जानें। समिट में इस बार 60 से ज्यादा देशों से 4650 से ज्यादा AI प्रोजेक्ट्स के आवेदन मिले थे। इनमें से एक्सपर्ट ने AI फॉर ऑल, विमिन लीडरशिप और यूथ यानी YuvAI कैटिगरी में 70 प्रोजेक्ट्स चुने हैं। ये प्रोजेक्ट हेल्थ, एग्रीकल्चर, क्लाइमेट, एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में AI सॉल्यूशंस लेकर आए हैं। भारत मंडपम और सुषमा स्वराज भवन में मंगलवार को ग्रैंड फिनाले होगा। प्रदीप तिवारी की रिपोर्ट:

### AI फॉर ऑल

*इस कैटिगरी में 1350 से ज्यादा एंट्रीज आईं, जिनमें से 20 को चुना गया। ये प्रोजेक्ट्स हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, क्लाइमेट, फाइनैंस, एजुकेशन और हर तबके तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने पर फोकस्ड हैं।*

1 **AOne (भारत):** फैक्ट्रियों में मशीनों का काम और बिजली की खपत कम करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
2 **BeCrop (अमेरिका):** AI की मदद से मिट्टी की सेहत जांचने वाला प्लैटफॉर्म है।
3 **BiTTE (जापान):** मोबाइल फोन से किसी तरह के वायरस या गड़बड़ी को पकड़ने वाला AI टूल है।
4 **CoRE Stack (भारत):** यह सैटलाइट और जमीन से मिले डेटा के आधार पर जमीन और पानी के बेहतर इस्तेमाल में मदद करने वाला प्लैटफॉर्म है।
5 **CropScan (केन्या):** हाथ से ऑपरेट होने वाली डिवाइस के साथ इंटीग्रेट करके फसल और पोषक तत्वों की जांच की जाती है।
6 **Elementech (भारत):** यह AI टूल बताता है कि मार्केट में बिजली की डिमांड कितनी है। इससे खपत का पहले से ही अंदाजा लग जाता है।
7 **EQUITWIN (कैमरून):** यह मरीज की डिजिटल कॉपी बनाता है। इससे इलाज सटीक होने का दावा किया जा रहा है।
8 **Forus Health (भारत):** यह मेडिकल स्कैन पढ़ने वाला AI टूल है। डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद का पता लगाता है।
9 **Helios 2.0 (भारत):** बच्चों और दिव्यांगों की पढ़ाई को आसान बनाने के लिए इस टूल को बनाया गया है।
10 **Infiheal Healthtech (भारत):** अलग-अलग भाषाओं में मानसिक स्वास्थ्य सलाह देने वाला यह AI प्लैटफॉर्म है।
11 **Intello Labs (भारत):** फसल की गुणवत्ता जांचकर उसे बाजार से जोड़ने वाला सिस्टम है।
12 **Kidaura (भारत):** ऑटिज्म और बच्चों के विकास में देरी की जल्दी पहचान करने वाला टूल है।
13 **MadhuNetrAI (भारत):** डायबिटीज से जुड़ी आंखों की बीमारी की जांच वाला AI सिस्टम है।
14 **Helium Health (नाइजीरिया):** डॉक्टरों की मदद करने वाला AI असिस्टेंट है।
15 **Percept CTEM (भारत):** साइबर हमलों पर नजर रखने और सुरक्षा बढ़ाने वाला प्लैटफॉर्म है।
16 **Resilience360 (भारत):** मौसम से जुड़े खतरों का अंदाजा लगाने वाला सिस्टम।
17 **SatSource (भारत):** सैटलाइट से खेती के जोखिम का आकलन करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
18 **Torchit (भारत):** दिव्यांगों के लिए आसान पढ़ाई के लिए AI कंटेंट देने वाला प्लैटफॉर्म है।
19 **Vajra Global (भारत):** सरकारी डेटा को आसान और समझने लायक बनाने वाला AI सिस्टम है।
20 **Wysa (भारत):** चैट के जरिए मानसिक स्वास्थ्य सलाह देने वाला AI ऐप है।









### YuvAi : यूथ लीडर्स

*YUVAI में कैटिगरी में 13-21 साल के युवा लीडर्स ने आवेदन किया। 38 देशों से 2,500 से ज्यादा एंट्रीज मिली थीं। इनमें से टॉप 20 प्रोजेक्ट को सिलेक्ट किया गया, जो पब्लिक हेल्थ, एग्रीकल्चर, मोबिलिटी पर हैं।*

1 **MalariaX (थाईलैंड):** मलेरिया की जल्दी पहचान करने वाला AI सिस्टम है।
2 **Paraspeak (भारत):** बोलने में दिक्कत को साफ आवाज में बदलने वाला डिवाइस है।
3 **Arogya AI (भारत):** डॉक्टरों को बीमारी समझने में मदद करने वाला AI मॉडल है।
4 **CytoScanZ (थाईलैंड):** सर्वाइकल कैंसर की जांच करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
5 **SafePath AI (भारत):** दुर्घटना से बचाने वाला सिस्टम है।
6 **AgriTech Pro (भारत):** फसल की निगरानी और उत्पादन बढ़ाने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
7 **KedovoAI (भारत):** NCERT की पढ़ाई को इंटरैक्टिव बनाने वाला AI सिस्टम है।
8 **MooApps (इंडोनेशिया):** पशुपालन को बेहतर बनाने वाला AI सिस्टम है।
9 **WildTrack 360 (भारत):** वन्यजीव और गांवों की सुरक्षा के लिए AI प्लैटफॉर्म है।
10 **AgniSena (भारत):** जंगल में आग लगने की पहले चेतावनी देने वाला सिस्टम है।
11 **WAYV (भारत):** खेल सीखने के लिए खास AI ग्लव्स है।
12 **Circadian AI (अमेरिका):** मोबाइल से दिल की गड़बड़ी पहचानने वाला टूल है।
13 **MediCare (भारत):** गांवों में ऑनलाइन इलाज की सुविधा देने वाला प्लैटफॉर्म है।
14 **TrustTrace (भारत):** डीपफेक पहचानने वाला AI सिस्टम।
15 **Flood Warning System (भारत):** बाढ़ की पहले चेतावनी देने वाला सिस्टम है।
16 **Thirdeye (भारत):** रास्ता दिखाने वाला AI सिस्टम है।
17 **Dysarthric Speech Analysis (भारत):** बोलने की समस्या पहचानने वाला AI टूल है।
18 **INDEX (थाईलैंड):** दिमाग से जुड़ी बीमारियों की जांच में मदद करने वाला सिस्टम है।
19 **Deep Learning for Sustainable Tourism in Bishnupur (भारत):** पर्यटन और ऐतिहासिक जगहों की पहचान करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
20 **Z-TRACS (भारत):** शहर में ट्रैफिक को बेहतर तरीके से संभालने वाला AI सिस्टम है।

### विमिन लीडरशिप

*महिला लीडरशिप वाले इनोवेटर्स के लिए 50 से ज्यादा देशों से 800 से ज्यादा एंट्रीज आईं। इनमें से टॉप 30 को चुना गया। हेल्थ, सस्टेनेबिलिटी, फाइनैंशल इनक्लूजन पर ये प्रोजेक्ट फोकस्ड हैं। इनसे कैंसर स्क्रीनिंग, न्यूट्रिशन, क्रेडिट सिस्टम्स जैसी समाधान मिला।*


1 **Zeko:** कंपनियों को सही कर्मचारी चुनने में मदद करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
2 **Magicroll:** अपने आप विडियो बनाकर देने वाला AI टूल है।
3 **Vinoba:** बच्चों की पढ़ाई और गिनती सुधारने वाला AI प्लेटफॉर्म है।
4 **SODIET:** सेहत और सही पोषण की सलाह देने वाला AI सिस्टम है।
5 **Smart Scope:** सर्वाइकल कैंसर की जांच करने वाली पोर्टेबल मशीन है।
6 **Shabd:** 22 भारतीय भाषाओं में कंटेंट तैयार और अनुवाद करने वाला प्लैटफॉर्म है।
7 **Gooey:** बिना ज्यादा कोडिंग के AI ऐप बनाने वाला प्लैटफॉर्म है।
8 **Happykids:** बच्चों की भावनात्मक सेहत पर नजर रखने वाला सिस्टम है।
9 **Volar Alta:** ड्रोन से फैक्ट्री और साइट की जांच करने वाला AI प्लैटफॉर्म है।
10 **Aezo:** छोटे कारोबारियों को ऑनलाइन लाने में मदद करने वाला ऐप है।
11 **Ayu 2.0:** डॉक्टरों को इलाज का सुझाव देने वाला AI सिस्टम है।
12 **Neura:** शरीर की मूवमेंट जांचकर इलाज में मदद करने वाला प्लैटफॉर्म है।
13 **Remidio Medios:** मोबाइल से आंखों की जांच करने वाला AI सिस्टम है।
14 **Lightbees AbleCredit:** क्रेडिट क्षमता का आकलन करने वाला AI।
15 **nVIBES:** दांतों के इलाज के दौरान शोर कम करने वाला सिस्टम।
16 **EZSpeech:** बोलने में दिक्कत वाले लोगों के लिए स्पीच थेरेपी ऐप है।
17 **Project RISE:** बच्चों की सुरक्षा पर नजर रखने वाला AI सिस्टम है।
18 **FarmerLifeline:** किसानों को कीट और मौसम की जानकारी देने वाला सोलर AI सिस्टम है।
19 **SuperHuman Race:** प्रदूषण का हिसाब रखने वाला प्लैटफॉर्म है।
20 **Prosical:** पढ़ने की क्षमता जांचने वाला AI टूल है।
21 **WordWorks:** अलग-अलग प्लैटफॉर्म पर बातचीत करने वाला AI चैट सिस्टम है।
22 **Sustaining.AI:** कंपनियों के पर्यावरण संबंधी आंकड़ों का आकलन करने वाला प्लैटफॉर्म है।
23 **Talenti:** करियर और मेंटरिंग के लिए AI आधारित प्लैटफॉर्म है।
24 **Top Parent:** छोटे बच्चों की पढ़ाई के लिए स्थानीय भाषा वाला AI ऐप है।
25 **MevnAI:** अलग-अलग भाषाओं में स्किल आधारित पढ़ाई कराने वाला प्लैटफॉर्म है। छात्रों की क्रिएटिविटी में मददगार।
26 **fieldWISE AI:** खेती और सरकारी योजनाओं पर डेटा विश्लेषण करने वाला प्लैटफॉर्म है।
27 **Ashwin AI:** बोलकर मरीज की रिपोर्ट तैयार करने वाला हेल्थ सिस्टम है।
28 **Sivi AI:** डिजाइन और पोस्टर अपने आप बनाने वाला AI टूल है।
29 **Kandid AI:** ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने में मदद करने वाला AI सिस्टम है।
30 **Data Pigeon:** ईवी चार्जिंग स्टेशनों के मेंटिनेंस और खराबी पहले से बताने वाला प्लैटफॉर्म है।



## आर्मी दिखा रही है ड्युअल-यूज AI तकनीक

नई दिल्ली: भारतीय सेना तेजी से खुद को डेटा-आधारित और AI-सक्षम फोर्स में बदल रही है। AI Summit में सेना स्वदेशी AI एप्लिकेशंस पेश कर रही है, जिनमें शिक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, ट्रांसपोर्ट सेफ्टी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा जैसी क्षमता है। AI समिट में आर्मी इनका प्रदर्शन कर रही है। ये आर्मी ने इनहाउस डिवेलप की हैं। इनका मिलिट्री और सिविल यानी ड्युअल यूज किया जा सकता है। पूनम पाण्डे की रिपोर्ट:

- **Vehicle Tracking System:** यह एक AI आधारित फ्लीट मॉनिटरिंग सिस्टम है, जो GPS टेलीमेट्री, डेटा एनालिटिक्स और रियल-टाइम डैशबोर्ड को जोड़कर काम करता है। यह काफिले (कॉन्वॉय) की निगरानी, लॉजिस्टिक्स की बेहतर जानकारी और रास्तों को बेहतर तरीके से तय करने में मदद करता है।
- **Deepfake Video Detection System:** यह एक AI आधारित प्रणाली है, जो चेहरे और सिग्नल पैटर्न के विश्लेषण की मदद से नकली या छेड़छाड़ किए गए वीडियो की पहचान करती है। इसका मकसद भ्रामक जानकारी, झूठे प्रचार जैसी चुनौतियों से निपटना है।



- **Proactive Mobile Security System:** यह एक AI आधारित मोबाइल प्रोटेक्शन सल्यूशन है, जो असामान्य गतिविधियों, मैलवेयर के खतरों और संदिग्ध डेटा ट्रांसमिशन पैटर्न की पहचान करता है।
- **XFace (AI Facial Recognition System):** यह एक AI आधारित पहचान और सत्यापन प्रणाली है, जो तस्वीरों और वीडियो के जरिए तेजी से पहचान की पुष्टि करती है। यह ठिकानों की सुरक्षा, निगरानी करता है।
- **Driver Fatigue Detection:** यह एक पोर्टेबल AI डिवाइस है, जो ड्राइवर की थकान या नींद आने की स्थिति को रियल-टाइम में पहचानकर तुरंत अलर्ट देता है। लंबी ड्राइविंग की परिस्थितियों में भी भरोसेमंद है।
- **AI-in-a-Box:** यह एक छोटा, आसानी से तैनात किया जा सकने वाला हाई-कंप्यूट प्लेटफॉर्म है, जो सुरक्षित या बिना इंटरनेट वाले वातावरण में भी लोकल स्तर पर AI मॉडल चला सकता है। यह दूर-दराज या संवेदनशील ऑपरेशनल क्षेत्रों में AI के उपयोग को संभव बनाता है।
- **SAM-UN (सिचुएशनल अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर यूएन):** ये एक वेब-आधारित प्लेटफॉर्म है, जो जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस, स्ट्रक्चर्ड रिपोर्टिंग और AI एनालिटिक्स को एक साथ जोड़ता है। इससे मिशन की योजना बनाने, निगरानी, समन्वय और तेज प्रतिक्रिया के लिए रियल-टाइम में जानकारी मिलती है।
- **PRAKSHEPAN:** ये AI आधारित सैन्य जलवायु और आपदा पूर्वानुमान प्रणाली है। ये भूस्खलन, बाढ़ और हिमस्खलन जैसी आपदाओं का 3 से 7 दिन पहले तक पूर्वानुमान कर सकती है। यह संवेदनशील ऑपरेशनल क्षेत्रों के लिए सटीक है।

### AI सहयोग बढ़ाने पर गेट्स से चर्चा



माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स सोमवार को आंध्र प्रदेश पहुंचे और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के साथ स्वास्थ्य और AI के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। गेट्स और नायडू ने बाद में कृष्णा नदी के किनारे बसे गांव में भी पहुंचे। (PTI)


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 02-16-2026 22:08 Color:



युवराज को इंसाफ का इंतजार

# SIT रिपोर्ट पर अब तक कार्रवाई का इंतज़ार

## जांच हुई, दोषियों पर कब गिरेगी गाज?



नोएडा में 16 जनवरी को हुई थी मौत


युवराज की कार गड्ढे में गिरने के बाद दो घंटे तक बचाव कार्य नहीं हो पाया था शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**नोएडा सेक्टर**-150 में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की दर्दनाक मौत के मामले में गठित एसआईटी की रिपोर्ट पर कार्रवाई का इंतजार अब भी जारी है। पांच दिन में रिपोर्ट दाखिल कर दोषियों पर कार्रवाई की घोषणा की गई थी, लेकिन हफ्तों बाद भी स्थितियां जस की तस हैं। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। लेकिन शासन स्तर पर न तो रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है और न ही किसी अधिकारी पर दंडात्मक कदम उठाया गया है।

एसआईटी ने रिपोर्ट शासन को सौंप दी है, पर रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई

रिपोर्ट में कई विभागीय खामियों, समन्वय की कमी और बचाव कार्य में हुई गंभीर देरी का उल्लेख है। एसआईटी ने नोएडा अथॉरिटी समेत अन्य संबंधित विभागों व संबंधित एजेंसियों की गंभीर चूकें चिह्नित की हैं। जांच में सामने आया कि जिस गहरे, पानी से भरे निर्माण गड्ढे में युवराज की कार गिरी, वह वर्षों से बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुला पड़ा था। स्थानीय लोगों ने अपनी शिकायतों में कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन किसी विभाग ने ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद जब मामला तूल पकड़ा, तब सीएम ने तत्काल प्रभाव से सीईओ को हटाते हुए एसीईओ कृष्ण करुणेश को सीईओ की जिम्मेदारी सौंपी थी। साथ ही एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी गठित की गई।




■ नोएडा सेक्टर-150 में इसी जगह पानी से भरे गड्ढे में डूबने से हुई थी युवराज की मौत
■ जांच में सामने आया कि जिस गहरे, पानी से भरे निर्माण के गड्ढे में युवराज की कार गिरी, वह कई साल से बिना सुरक्षा व्यवस्था के खुला पड़ा था

16 जनवरी की रात घने कोहरे में युवराज की कार गड्ढे में गिरने के बाद लगभग दो घंटे तक बचाव कार्य शुरू नहीं हो पाया था। युवराज करीब 90 मिनट तक कार की छत पर खड़े होकर मदद का इंतजार करते रहे, लेकिन उपकरणों की कमी, विभागों के बीच तालमेल न होने और देरी से पहुंचे दस्तों ने उनकी जान नहीं बचा सकी। यही देरी उनकी मौत का मुख्य कारण मानी गई है।

सरकार ने दावा किया था कि एसआईटी रिपोर्ट मिलते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी, पर अब तक न जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई घोषित हुई है और न ही रिपोर्ट को सार्वजनिक किया गया है। इससे स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों में नाराजगी बढ़ी है।

सवाल यह है कि जब जांच पूरी होकर रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है, तो असली जिम्मेदारों पर कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? मामले की गंभीरता और सार्वजनिक आक्रोश को देखते हुए कार्रवाई की राह अब भी अटकी हुई दिख रही है।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, कोई हताहत नहीं



इंद्रलोक में हुआ हादसा, फायर ब्रिगेड ने 7 घंटे बाद आग पर पाया काबू

■ NBT न्यूज, इंद्रलोक : मोती नगर के इंद्रलोक इलाके की फैक्ट्री में सोमवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग काफी फैल गई। मौके पर आग बुझाने वाली 23 से ज्यादा गाड़ियां भेजी गईं। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

फायर कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार दिन में 11:23 बजे प्लास्टिक की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। आग की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस. के. दुआ, डिविजनल ऑफिसर ए.के. जायसवाल, मनीष कुमार सहित 115 से ज्यादा फायरकर्मी मौके पर आग बुझाने में जुटे रहे। लगभग 3 घंटे के बाद 6:30 के बाद आग पर काबू पाया गया। खबर लिखे जाने तक कूलिंग का काम चल रहा था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## मानहानिः सीतारमण को समन के बिंदु पर बहस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राउज एवेन्यू की एक मैजिस्ट्रेट अदालत ने आप नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ मानहानि की शिकायत पर नोटिस जारी करने के बिंदु पर बहस के लिए 27 फरवरी की तारीख तय की। मित्रा ने शिकायत के समर्थन में गवाह पेश करने की प्रक्रिया पूरी कर ली। मित्रा ने दावा किया कि सीतारमण ने 17 मई, 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपमानजनक बयान दिए जिनका एकमात्र मकसद उनके पति सोमनाथ भारती की प्रतिष्ठा को धूमिल करना।




## दिल्ली में अब तक डेंगू के आए 24 मामले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनवरी से लेकर अब तक डेंगू के 24 मामले दर्ज हो चुके हैं। फरवरी महीने में ही अब तक डेंगू के आठ मामले आए। मलेरिया के अब तक पांच मामले रेकॉर्ड हुए हैं। दिल्ली में अब तक चिकुनगुनिया का एक भी मामला नहीं आया।





# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## वसंत कुंज इलाके में सोमवार सुबह हुआ हादसा, आरोपी फरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वसंत कुंज** इलाके में सोमवार सुबह तेज रफ्तार डंपर मिक्सर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी डंपर मिक्सर का ड्राइवर गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान महरौली निवासी राजीव (27) के रूप में हुई है। वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस केस दर्ज कर आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, सुबह 11:44 बजे पीसीआर कॉल के जरिए वसंत कुंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि चर्च रोड स्थित बंदर फार्म के आगे एक बाइक सवार ट्रक की चपेट में आ गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी हुई है। पास में ही एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि राजीव महरौली इलाके के रहने वाले थे और रैपिडो में बाइक चलाते थे। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है।



■ वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी डंपर मिक्सर का ड्राइवर गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, तलाश कर रही पुलिस


भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर
एवं
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर
संयुक्त रूप से दो वर्षीय डिग्री कार्यक्रम

एमएसडीएसएम (बैच 6) के लिए प्रवेश प्रारंभ: 17 फरवरी 2026

**डेटा साइंस एवं प्रबंधन में मास्टर ऑफ साइंस**
(स्नातकों एवं कार्यरत पेशेवरों के लिए आदर्श)

पात्रता:
योग्यता डिग्री
प्रथम श्रेणी की डिग्री जैसे बी.टेक / बी.ई. / बी.एस. / बी.फार्म / बी.आर्क / बी.डिजाइन / बी.एस.टेक / चार वर्षीय बी.एससी. / एम.एससी. / एमसीए / एमबीए, या
समकक्ष डिग्री, जिसमें योग्यता डिग्री स्तर पर कम से कम दो गणित पाठ्यक्रम और एक कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ्यक्रम अनिवार्य
योग्यता परीक्षा
पिछले तीन वर्षों में प्राप्त कैट / गेट / जीमैट / जीआरई / जैम टेस्ट स्कोरकार्ड, या डीमैट (डेटा साइंस एंड मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट), जो दो चरणों में — 29 मार्च 2026 (चरण-1) एवं 07 जून 2026 (चरण-2) को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन (केवल आईआईटी इंदौर परिसर में) परीक्षा में सम्मिलित होने का विकल्प होगा। एमएसडीएसएम

आवेदन की अंतिम तिथि:
19 मार्च 2026 (चरण-1), 01 जून 2026 (चरण-2)
ऑनलाइन कक्षाएं 12 अगस्त 2026 से प्रारंभ होंगी

अधिक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध: https://msdsm.iiti.ac.in
संपर्क करें - 0731-2439736/ 666 या 0731- 6603333- 3128/5593
ईमेल आईडी: msdsm-office@iimidr.ac.in, msdsm-office@iiti.ac.in


## 21 साल पुराने मर्डर में आरोपी गिरफ्तार


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 2004 में हुए 14 साल की नाबालिग लड़की के बेरहमी से कत्ल के दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने बिहार से दबोचा है। इनकी शिनाख्त सिकंदर उर्फ सुक्खा (60) और उसकी पत्नी मंजू (55) के तौर पर हुई। डीसीपी (क्राइम) विक्रम सिंह के मुताबिक, बिहार का एक परिवार नांगलोई के शिवराम पार्क में रहता था। 14 साल की लड़की घर में अकेली थी। भाई 23 अप्रैल की सुबह घर लौटा तो बहन का गला धारदार हथियार से रेता हुआ था। पूछताछ में सिकंदर ने बताया कि मृतका के पिता के साथ काम करता था, जिसने पेमेंट नहीं की और प्लॉट दिलाने का वादा भी पूरा नहीं किया। इसलिए बच्ची की हत्या कर दी।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रिंग रोड पर धौलाकुआं से नारायणा की तरफ जाते समय एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान रोहित (37) के रूप में हुई है। घायल के बयान पर दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रोहित महरौली नेब सराय में रहते हैं। वह वकील हैं। 12 फरवरी को वह अपनी स्कूटी से धौला कुआं रिंग रोड से होते हुए नारायणा की तरफ जा रहे थे। तभी एक आई-10 कार ने उनकी स्कूटी को ओवरटेक किया। इस दौरान कार उनकी स्कूटी से टकरा गई। जिसके कारण वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## ट्रांसजेंडर समेत दो पर चाकू से हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आंबेडकर नगर में कहासुनी के दौरान एक व्यक्ति ने ट्रांसजेंडर और उनके मुंहबोले भाई पर चाकू से हमला किया। पुलिस को दी शिकायत में ट्रांसजेंडर हर्ष (24) ने बताया कि वह अपने मुंहबोले भाई कुणाल उर्फ भोला के साथ दक्षिणपुरी कॉलोनी में रहती हैं। ट्रांसजेंडर के अनुसार 12 फरवरी को वह रात 9.30 बजे घर से निकलकर जा रही थीं। कुछ दूर जाने पर सुरेश नामक व्यक्ति से उनकी कहासुनी हो गई। हर्ष ने बताया कि गुस्से में आग बबूला सुरेश उन्हें गालियां देने लगा। जब उनका भाई गली में शोर शराबा सुनकर मौके पर आया तो सुरेश ने घर से चाकू निकालकर इन दोनों पर हमला बोल दिया। घटना में दोनों के हाथ में गंभीर चोट आई।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: cci Time: 02-16-2026 22:44 Color:



# नेहरू प्लेस में मल्टीलेवल पार्किंग सुविधा हुई शुरू



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



- LG और CM ने किया उद्घाटन, ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात
- 660 कारें एक साथ खड़ी हो सकती हैं
- 350 टूवीलर भी हो सकेंगे यहां पार्किंग
- 9 EV चार्जिंग पॉइंट लगाए गए हैं

**नेहरू प्लेस** डिस्ट्रिक्ट सेंटर में सोमवार को स्टेट ऑफ द आर्ट मल्टी लेवल कार पार्किंग की सुविधा शुरू हो गई। एलजी वीके सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने इस मल्टीलेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। एशिया के बड़े आईटी और कमर्शल हब नेहरू प्लेस के डिवेलपमेंट के तहत इस पार्किंग का काम पूरा किया गया। यहां हर रोज औसतन 1.3 लाख लोग आते हैं। छह लेवल की इस पार्किंग में 660 कारें और 350 टूवीलर एक साथ पार्क हो सकेंगे। पार्किंग में दिव्यांगों और ई-वीइकल के लिए अलग स्पेस दिया गया है। यह पार्किंग मकेनिकल तकनीक से बनी है। इसके साथ ही 9 ईवी चार्जिंग पॉइंट, 148 CCTV कैमरे लगे हैं।

पार्किंग के उद्घाटन के बाद LG वीके सक्सेना ने कहा कि इस अत्याधुनिक मल्टीलेवल कार पार्किंग कॉम्प्लेक्स के शुरू होने से नेहरू प्लेस में लंबे समय से चल रही पार्किंग की समस्या खत्म होगी। इससे अनधिकृत पार्किंग की समस्या खत्म होगी और ट्रैफिक को गति मिलेगी। नेहरू प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर के रीडिवेलपमेंट प्लान में शामिल यह पार्किंग दर्शाती है कि हम सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम पार्किंग को लेकर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी की तरफ बढ़ रहे हैं। LG ने लोगों से अपील की कि पार्किंग के लिए इस अत्याधुनिक सुविधा का लाभ लें और ग्रीन व स्मार्ट दिल्ली के लिए अपना सहयोग दें।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नवनिर्मित छह मंजिला पार्किंग नेहरू प्लेस आने वालों के लिए अत्याधुनिक पार्किंग सुविधा प्रदान करेगी। LG वीके सक्सेना की निगरानी में DDA ने इसे रिकॉर्ड समय में बनाकर तैयार किया। इसके लिए LG और DDA का धन्यवाद। पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। MCD की पार्किंग पर अनेक नए प्रोजेक्ट बनाने की दिशा में काम आगे बढ़ा है। दिल्ली सरकार भी हर जगह पार्किंग सुव्यवस्थित करने, ट्रैफिक कंजेशन कम करने की दिशा में काम कर रही है। इस पार्किंग को इंटेलिजेंट पार्किंग मैनेजमेंट एंड गाइडेंस सिस्टम से जोड़ा गया है। इसमें ऑटोमेटेड टिकट जनरेट होगी और किस मंजिल पर जगह है और खाली पार्किंग स्पेस कहां है, इसकी जानकारी डिजिटल फ्लोर डिस्प्ले पर दिखेगी।

# 'मार्च तक नक्सली हिंसा से देश को कर देंगे मुक्त'

## दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री ने किया ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मैं पूरे** देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम नक्सली हिंसा को समाप्त करने के बेहद करीब हैं। मैं भरोसा दिलाता हूं कि 31 मार्च 2026 तक हम पूरे देश को माओवादी हिंसा से मुक्त कराने में सफल होंगे। यह हमारे सुरक्षा बलों की हासिल की गई एक अहम सफलता है। नॉर्थ ईस्ट भारत के दस हजार से ज्यादा युवा हथियार डाल कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। बारह से अधिक समझौतों के माध्यम से वहां स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में अहम प्रगति हुई है।' यह दावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस के मौके पर अपने संबोधन में किया।

दिल्ली पुलिस की तारीफ करते हुए शाह ने कहा कि राजधानी और राष्ट्र दोनों की रक्षा में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, 'संसद हमला हो या लाल किले के सामने हालिया ब्लास्ट समेत कई जटिल मामलों को दिल्ली पुलिस ने अपनी दक्षता और तत्परता से सुलझाकर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। ड्रग सिंडिकेट्स, जाली नोट गैंग, साइबर क्राइम, संगठित अपराध के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। स्पेशल सेल ने बड़े आतंकी मॉड्यूल और साजिशों का भी पर्दाफाश किया है।'

> यह हमारी सुरक्षा बलों की अहम सफलता है। **अमित शाह**

सीपी सतीश गोलछा समेत कई पुलिस अफसरों की मौजूदगी में शाह ने आने वाले वक्त को चुनौतियों भरा बताया। उन्होंने कहा, 'गृह मंत्रालय ने देश में एक सशक्त एंटी ड्रग्स अभियान शुरू करने, एक व्यापक सीसीटीवी नेटवर्क और क्राइम रूम सिस्टम स्थापित करने, कानूनी सहायता प्रदान करने, बॉर्डर सुरक्षा का आधुनिकीकरण करने, घुसपैठ रोकने और तीन नए कानूनों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। मुझे भरोसा है कि 2029 से पहले इन चुनौतियों के प्रभावी समाधान में सफल होंगे।'



**स्पेशल सेल का इंटीग्रेटेड हेडक्वॉर्टर**

गृह मंत्री ने 368 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के इंटीग्रेटेड हेडक्वॉर्टर का ई-शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह मुख्यालय आतंकवाद, नार्कोटिक्स और संगठित अपराध से निपटने के लिए देश का सबसे आधुनिक केंद्र बनेगा। इसमें अत्याधुनिक इंडोर फायरिंग रेंज, वॉर रूम, साइबर लैब और ट्रेनिंग सुविधाएं होंगी, जो देशभर के पुलिस बलों के लिए मॉडल साबित होंगी।

**C4I सेंटर, 10 हजार कैमरों का नेटवर्क**

■ करीब 857 करोड़ रुपये की लागत से बने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत आधुनिक C4I (कमांड–कंट्रोल–कम्युनिकेशन–कंप्यूटर) सेंटर जनता को समर्पित है। दिल्ली में 10,000 सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है, जिसमें पहले चरण में 2,100 कैमरे लाइव और पहले से मौजूद 15,000 से ज्यादा कैमरों को सिस्टम से जोड़ा गया। गृह मंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था दिल्ली की सुरक्षा को अगले स्तर पर ले जाएगी।


## ब्यूटी एक्सपर्ट से सीखें मिनटों में पार्लर जैसा मेकअप करना



NBT रंगमंच Club

**इं**स्टा फोटो के लिए खूबसूरत दिखना है, मगर मेकअप करने का सही तरीका नहीं आता? पार्टी और शादी में ढेर सारी रील बनानी है लेकिन पार्लर जाने के लिए टाइम नहीं है, तो क्यों ना आप खुद ही अपनी मेकअप आर्टिस्ट बन जाएं। ऐसे में अगर आपको मेकअप करना नहीं आता और आप बार-बार पार्लर में खर्च करने से बचना चाहती हैं तो एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ब्यूटी बेसिक्स स्पेशल वर्कशॉप। इस वर्कशॉप में ब्यूटी एक्सपर्ट जेनब एस. सिद्दीकी लाइव डेमो में आपको कम समय में मेकअप करने का सबसे आसान और सही तरीका सिखाएंगी, साथ ही मेकअप से जुड़े आपके तमाम सवालों के जवाब भी देंगी। तो देर किस बात की है, वर्कशॉप में शामिल होने के लिए आज ही रजिस्टर करें।

- तारीख: 18 फरवरी 2026
- समय: दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक
- स्थान: टाइम्स हाउस, बहादुर शाह जफर मार्ग, आईटीओ, नई दिल्ली



जेनब एस. सिद्दीकी (ब्यूटी एक्सपर्ट)

**लाइव डेमो में सीखें मेकअप करना**
- मिनटों में पार्लर जैसा मेकअप
- शादी-पार्टी जैसा मेकअप
- मेकअप बिगड़ने पर उसे ठीक करने का तरीका
- ब्यूटी बेसिक्स होली में स्किन केयर के टिप्स

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल/वट्सऐप करें।


# प्रेग्नेंट बैंककर्मी की हत्या, पति गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, झज्जर

- झज्जर के बादली में पाहसौर के पास हुई वारदात
- गुड़गांव स्थित एक निजी बैंक में कार्यरत थी महिला
- पति पर लगा था हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**जिले के** पाहसौर गांव के पास हांसी की रहने वाली महिला बैंककर्मी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतका दो महीने की गर्भवती थी। परिजनों ने महिला के पति पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस की जांच और पूछताछ के दौरान आरोपी पति के बयानों में विरोधाभास दिखा, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फिलहाल उससे वारदात की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार, हिसार के रहने वाले अंशुल के साथ हांसी की महक की शादी करीब चार महीने पहले हुई थी। महक गुड़गांव में एक निजी बैंक में काम करती थी। महक का पति अंशुल भी गुड़गांव में सीए है। हत्या की सूचना पुलिस को मृतका के पति ने ही दी थी। इसी बीच मृतका की बहन ने पति पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी।

**धारदार नुकीले हथियार से दिया वारदात को अंजाम :** बताया जा रहा है कि धारदार नुकीले हथियार से गला रेतकर महक की हत्या की गई। मृतका के परिजनों ने पुलिस से इंसाफ की मांग की है। मृतका की बहन श्रुति ने बताया कि उनकी बहन दो महीने की गर्भवती थी। उन्होंने अंशुल पर ही महक की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच सब कुछ सही था तो फिर उसने उनकी बहन की हत्या क्यों की। श्रुति ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है ताकि पूरी सच्चाई सामने लाई जा सके।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, कार भी जली

■ **NBT न्यूज, रेवाड़ी :** बावल रोड स्थित गांव खिजूरी के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई।

> पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर को अरेस्ट किया

जिला के गांव निमोठ निवासी 25 वर्षीय हरीश कुमार आईएमटी बावल की एक कंपनी में काम करते थे। वह रविवार रात ड्यूटी खत्म कर करीब 12 बजे घर लौट रहे थे। खिजूरी के पास करीब एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने हरीश को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसा इतना भयानक था कि बाइक को टक्कर मारने के बाद कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में आग लग गई। चालक मदन ने कार से कूदकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड ने कार में लगी आग पर काबू पाया। चालक मदन को पुलिस थाने ले गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि हरीश अपने पिता रोशन लाल का इकलौता बेटा था। गत 23 नवंबर को ही उसकी शादी हुई थी। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार सदमे में है।

# जन्म के पांच दिन बाद नवजात की ब्रेन सर्जरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**द्वारका स्थित** HCMCT मणिपाल अस्पताल के डॉक्टरों ने महज पांच दिन के नवजात की जटिल ब्रेन सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी। बच्चे को जन्मजात हाइड्रोसेफेलस नामक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी थी। सर्जरी के बाद नवजात की हालत ठीक है। न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अनुराग सक्सेना ने बताया कि नवजात में इस तरह की सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है। शरीर की नाजुक संरचना, ब्लड की मात्रा कम और एनेस्थीसिया की जटिलताओं के कारण जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान समय पर पहचान होने से सर्जरी की पूर्व योजना संभव हो सकी और स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम के सहयोग से सकारात्मक परिणाम मिला।

नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. मीनू ब्रेवाल ने बताया कि सर्जरी के बाद बच्चे की हालत स्थिर रही और NICU में बिना किसी जटिलता के रिकवरी हुई। समय पर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का खतरा काफी हद तक कम हुआ है। डॉक्टरों के मुताबिक, इस बीमारी में मस्तिष्क में अतिरिक्त तरल पदार्थ जमा होने से सिर का आकार बढ़ जाता है और दिमाग पर दबाव पड़ता है। अगर समय पर इलाज न हो तो यह दिमाग की नसों को डैमेज, विकास में देरी, दौरे और जानलेवा स्थिति तक पहुंच सकता है।

> बच्चे को जन्मजात हाइड्रोसेफेलस नामक दुर्लभ बीमारी थी




**TIMES TRIBUTE**
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

शोक सन्देश

चौथा-उठामना

ॐ नमः शिवाय ॥
CHAUTHA / UTHALA RASAM PAGRI
With deep sorrow, we inform you about the passing of my beloved Sarlaji on 14 February 2026



MRS SARLA BHATIA
07 Mar 1951-14 Feb 2026
The Rasam Pagri ceremony will take place on: Date: 17th February 2026
Time: 3 to 4 PM
Venue: JVCC (Open Lawns), Sector 21, Noida
Family of Wg Cdr CP Bhatia

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727

**TIMES TRIBUTES**
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 30 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

**TIMES inter act**

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

I, Upender Mahto S/o Sh. Nagina Mahto permanent R/o Ward no. 13, Barua p.o. Digwara District Saran Bihar -841207, and persntly address R/o H.No 222 sector 23,A.Om vihar phase 2 Gurugram have disowned my Son Roshan Mahto and Daughter in Law mrs. Sharda Kumari from my all movable-immovable property. Anybody dealing with them, do at own risk, me & my family will not be responsible.

मैं, जमील पुत्र होशियार खान निवासी वार्ड नंबर 12, बसपुर सोहना जिला गुरुग्राम। बयान करता हूं मेरा पुत्र इरशाद खान मेरे व मेरे के कहने सुनने से बाहर है। अपनी मनमानी करता है। लड़ाई झगड़े करता है। इसको मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके साथ किसी भी तरह का लेन-देन एवं व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

मैं, राधा पत्नी किशन निवासी मकान नं- 405/26, वीर नगर गुरुग्राम हरियाणा 122001 सूचित करती हूं कि मैंने अपनी पुत्री कोमल पत्नी पवन को उसकी मनमर्जी की वजह अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके साथ किसी भी तरह का लेनदेन व संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

मैं, संदीप कुमार पुत्र श्री बालमुकुंद शर्मा निवासी मकान नंबर 390, दयाजी मौहल्ला, गांव कोसली, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)-123411 सूचित करता हूं कि मेरी 10वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरे पिताजी का नाम बाल मुकुंद गलत दर्ज है। मेरे आधार कार्ड के अनुसार भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु मेरे पिताजी का सही नाम बालमुकुंद शर्मा है।

I Gaurav Kumar S/o Prem Sagar R/o Plot No P12, Flat No 302, 3rd Floor, Shivpuri, New Colony circular Road, Gurgaon have changed my name to Gaurav Arora.

I, Anagha Tharavath D/o Ramesh Kumar R/o 3032/3rd floor, ATS Kocoon, Sec-109, Gurgaon-122017 have changed my name to Anagha Nair


I Parneet Kaur Bhinder W/o Rubal Sambyal R/o A1/1102 Lifestyle Homes Vatika India Next Sec-83 Gurgaon-122004 have changed my name to Parneet Kaur

I Army No. 16117794K LNK VENKATESHA GG R/at 145, Gowdalli VPO Somwarpet Taluk Gowdalli, Distt. Kodagu, Karnatak 571236 have change my name VENKATESHA G G vide affidavit dt 16.02.2026 Gurugram

I, Aarti Wadhwa d/o Hitesh r/o H.No. 553/14, Bhagat Singh Colony Rohtak declare that Aarti Wadhwa, Aarti & Arti are same & one person's name. Actual/ future name is Aarti Wadhwa.

TO BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT
SUNIL : 99994 99496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com


# JNU : पांचवें दिन भी हड़ताल जारी



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (JNU) में यूनियन के चारों पदाधिकारियों समेत पांच स्टूडेंट्स के निष्कासन के खिलाफ पांचवें दिन भी हड़ताल जारी रही। इस बीच यूनिवर्सिटी के टीचर्स भी यूनियन को अपना साथ दे रहे हैं। सोमवार को स्टूडेंट्स ने 'आउट ऑफ बाउंड्स - क्लासरूम' के साथ इस विरोध को और बढ़ाया, जिसमें क्लासरूम से बाहर उन्हें वो टीचर्स पढ़ाएंगे, जो उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं। सोमवार को यूनिवर्सिटी की पूर्व प्रो निवेदिता मेनन ने स्टूडेंट्स की क्लास ली। यूनियन के नेतृत्व में रविवार रात भी चेतावनी रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी तादाद में स्टूडेंट्स शामिल हुए।

> चारों पदाधिकारियों समेत पांच स्टूडेंट्स के निष्कासन के खिलाफ हो रहा विरोध

21 नवंबर को डॉ. बी.आर. अंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में लगाए गए फेस रिकग्निशन टेक्नॉलजी आधारित एक्सेस गेट्स में तोड़फोड़, हिंसा, पढ़ाई और प्रशासनिक काम में बाधा डालने के आरोप के साथ JNUSU के चारों पदाधिकारियों- प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट के. गोपिका, जनरल सेक्रेटरी सुनील यादव, जॉइंट सेक्रेटरी दानिश अली समेत JNUSU के पूर्व प्रेसिडेंट नीतीश कुमार को दो सेमेस्टर के लिए रस्टिकेट कर दिया है। साथ ही, 'आउट ऑफ बाउंड्स' और 20 हजार रुपये का फाइन देने का आदेश दिया है। यूनियन का कहना है कि यह कार्रवाई स्टूडेंट्स यूनियन पर हमला है क्योंकि यूनियन के कार्यकाल तक के लिए यह कार्रवाई है। स्टूडेंट्स की मांग है कि रस्टिकेशन, आउट ऑफ बाउंड्स, जुर्माने के आदेश, CPO मैनुअल को वापस लिया जाए।

# महिला के वेश में पत्नी की बहन की हत्या करने पहुंचा, धरा गया

■ **NBT रिपोर्ट, बुध विहार : रोहिणी** में सोमवार दोपहर एक युवक महिला के कपड़े पहनकर साली को जान से मारने पहुंच गया। चाकू से हमला कर दिया। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घायल महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

अडिशनल डीसीपी राजीव रंजन के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12:21 बजे बुध विहार थाना पुलिस को PCR कॉल मिली। बताया गया कि एक महिला को चाकू मारा गया है। पुलिस तुरंत पॉकेट-17, वेस्ट मेन मॉल, सेक्टर-24 रोहिणी पहुंची। जहां भीड़ जमा थी। महिला को हॉस्पिटल पहुंचा दिया गया था। लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। जिसकी पहचान नजफगढ़ के जनता विहार निवासी जय प्रकाश यादव के तौर पर हुई। वह पीड़िता का जीजा है और कोचिंग सेंटर में टीचर है। शुरुआती जांच में पता चला कि अप्रैल 2025 से आरोपी का अपनी पत्नी (टीचर) और उनके परिवार के साथ झगड़ा चल रहा था। जिसकी वजह से वह गुस्से में था और बदला लेने की नीयत से वहां पहुंचा था।


NBT नवभारत टाइम्स | NBT रंगमंच Club

## योग और आत्मिक जागरण का दिव्य संगम

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वच्छ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



- स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
- तिथि: 27 से 30 मार्च 2026

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें।
*शर्तें लागू

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति


# पंचकल्याणक में हुआ गर्भकल्याणक महोत्सव

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

- लाल किला मैदान में चल रहा है श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर चांदनी चौक का पंचकल्याणक महोत्सव

**प्राचीन श्री** अग्रवाल दिगंबर जैन पंचायत के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर चांदनी चौक के पंचकल्याणक महोत्सव में लालकिला मैदान में सोमवार को आचार्य श्री श्रुतसागरजी और सौरभसागरजी के संघ सान्निध्य में गर्भकल्याणक की क्रियाओं में याग मंडल विधान, नवग्रह होम, जल होम, माता की गोद भराई, इंद्र दरबार, तत्व चर्चा, रत्न वृष्टि, 16 स्वप्न और उनके फल आदि का मंचन किया गया। प्रमोद जैन-वर्धमान, जंबू प्रसाद जैन, पुनीत जैन, हेमचंद जैन, नवीन जैन, नीरज जैन आदि ने संतों को भावभीनी विनयांजलि अर्पित की। विधि-विधान के कार्य प्रतिष्ठाचार्य ब्र. धर्मचंद शास्त्री और पं. प्रदीप जैन मधुर संपन्न करा रहे हैं। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चक्रेश जैन ने बताया कि लाल मंदिर के इतिहास में 432 वर्ष बाद यह महोत्सव हो रहा है।

**रथयात्रा:** श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-16 रोहिणी में मुनि श्री सौम्यसागरजी के सान्निध्य में 64 ऋद्धियों द्वारा अभिषेक, शांतिधारा, शंका समाधान व गुरुभक्ति कार्यक्रम के बाद भव्य रथयात्रा निकाली गई।

**शिवपुराण कथा:** श्रीराम मंदिर सी-3, जनकपुरी में पंडित किशनचंद जी शास्त्री द्वारा शिवमहापुराण कथा महती धर्मप्रभावना के साथ संपन्न हुई।

# जरूरतमंदों को बांटे AI स्मार्ट विज़न चश्मे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** AI स्मार्ट चश्मों की मदद से कम दिखाई देने वाले लोगों को मदद मिलेगी। 'प्रोजेक्ट दृष्टि' के तहत एआई आधारित स्मार्ट विजन चश्मे बांटने का काम किया जा रहा है। यह पहल रोटरी क्लब ने विजिन AID और SHG टेक्नॉलजी और एम्स दिल्ली के साथ मिलकर शुरू की है। इसका मकसद उन लोगों की मदद करना है, जिनकी नजर स्थायी रूप से प्रभावित है। इस स्मार्ट चश्मों के साथ लोगों को इसके इस्तेमाल की ट्रेनिंग, ओरिएंटेशन और लगातार तकनीकी मदद भी दी जाती है, ताकि वे इसका पूरा फायदा उठा सकें। एआई तकनीक की मदद से ये चश्मे चीजों की पहचान, लिखे हुए शब्दों को आवाज में बदलने, चेहरा पहचानने, आसपास के दृश्य को समझाने और रास्ता बताने जैसे काम करते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 02-16-2026 22:41 Color:



## फटाफट खबरें

### अस्पताल के बाहर महिला का गर्भपात

■ NBT न्यूज, करनाल: घरौंडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर करीब 6 महीने की गर्भवती महिला का गेट के पास ही गर्भपात हो गया। महिला चेकअप के बाद अस्पताल से बाहर निकल रही थी, तभी अचानक उसे तेज दर्द हुआ और वह गेट के बाहर पेड़ के चबूतरे पर बैठ गई। कुछ ही देर में गर्भ गिर गया, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया।

### खेतों का पानी रोकने का आरोप

■ NBT न्यूज, रोहतक: रोहतक जिले के गांधरा गांव में एक कंपनी पर खेतों में जाने वाले पानी का रास्ता रोकने का आरोप लगा है। इससे गांव के 1500 से ज्यादा किसान प्रभावित बताए जा रहे हैं। सोमवार को किसान समाधान शिविर में पहुंचे और डीसी सचिन गुप्ता के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की और ने चेतावनी भी दी।

### फेक न्यूज के खिलाफ ऐक्शन

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़: हरियाणा पुलिस ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर अवैध, आपत्तिजनक और भ्रामक सामग्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एक माह के भीतर 1616 लिंक और प्रोफाइल ब्लॉक या हटाए गए हैं। डीजीपी अजय सिंघल ने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री से समाज में तनाव की स्थिति बन रही थी।

### निजी यूनिवर्सिटी कानून को चुनौती

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: फरीदाबाद स्थित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट और अल फलाह यूनिवर्सिटी ने पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। दिल्ली में लाल किले के पास कार विस्फोट मामले के बाद सुर्खियों में आए इस संस्थान की याचिका स्वीकार करते हुए अदालत ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# दो मार्च को विधानसभा में बजट पेश करेंगे मुख्यमंत्री

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़

File Photo



- 20 फरवरी से शुरू होगा 27 दिन का बजट सत्र, 18 मार्च तक चलेगा
- राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र की शुरुआत, 19 को कार्यक्रम पर अंतिम मुहर

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर वित्त मंत्री दो मार्च को विधानसभा में प्रदेश का बजट पेश करेंगे। राज्य सरकार ने सोमवार को बजट सत्र का अस्थायी कार्यक्रम विधानसभा सचिवालय को भेज दिया है। इस कार्यक्रम पर अंतिम निर्णय 19 फरवरी को होने वाली बिजनेस सलाहकार कमिटी की बैठक में लिया जाएगा।

अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र की शुरुआत 20 फरवरी को सुबह राज्यपाल प्रो. असीम घोष के अभिभाषण से होगी। राज्यपाल बनने के बाद यह उनका पहला संबोधन होगा। इसी दिन दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। सत्र 18 मार्च तक चलेगा। कुल 27 दिन के सत्र में 13 दिन अवकाश रहेंगे और सदन की कार्यवाही 14 दिन चलेगी।

21 और 22 फरवरी को अवकाश रहेगा। 23 फरवरी को सुबह 11 बजे से राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी, जो 26 फरवरी तक चलेगी। 27 फरवरी को मुख्यमंत्री अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देंगे। 28 फरवरी और एक मार्च को अवकाश रहेगा। दो मार्च को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री अपनी सरकार का दूसरा बजट पेश करेंगे।

3 मार्च को कोई बैठक नहीं होगी और 3 मार्च को होली की छुट्टी रहेगी। 5 से 9 मार्च तक बजट पर सिफारिश, संशोधन और सुझाव के लिए विधायकों के समूहों की बैठकें होंगी। इस दौरान सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी।

10 मार्च से 13 मार्च तक वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट पर चर्चा होगी। 14 और 15 मार्च को छुट्टी रहेगी। 16 मार्च को विधायकों के समूहों की रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी और मुख्यमंत्री बजट पर चर्चा का जवाब देंगे।

### सीवर और STP के नियम बदले

**हरियाणा सरकार** ने सीवरेज सिस्टम और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से जुड़े टेंडर नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। अब निर्माण के साथ लंबे समय तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदारों की होगी। नई व्यवस्था के तहत परियोजनाओं को 3 कैटिगरी में बांटा गया है। इनमें 40 MLD तक की क्षमता वाले एसटीपी, 40 MLD से बड़े एसटीपी और बिना ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस वाले सीवरेज सिस्टम शामिल हैं। सरकार ने हर श्रेणी के लिए अलग लागत बंटवारा, डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड, ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टाइम (O&M), सुरक्षा राशि और परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (PBG) की शर्तें तय की हैं। सरकार का कहना है कि इन बदलावों से परियोजनाओं की गुणवत्ता और लंबे समय तक बेहतर संचालन सुनिश्चित होगा।

# कांग्रेस का ट्रेड डील और पेंशन को लेकर प्रदर्शन

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र/ रोहतक/ हिसार/ कैथल



- अमेरिका-भारत ट्रेड डील की समीक्षा और युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग
- बुजुर्ग पेंशन बहाली और बीपीएल राशन कार्ड में नाम काटने का भी विरोध

**हरियाणा के** कई जिलों में सोमवार को कांग्रेस ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र, रोहतक, हिसार और कैथल में कार्यकर्ताओं ने धरना देकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में अमेरिका-भारत ट्रेड डील, बुजुर्गों की पेंशन रोकने, बीपीएल राशन कार्ड काटने और हरियाणा लोक सेवा आयोग में प्रदेश के युवाओं की अनदेखी जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसान, मजदूर, बुजुर्ग और युवाओं के हितों के खिलाफ हैं।

कुरुक्षेत्र में जिला अध्यक्ष मेवा सिंह के नेतृत्व में लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका से ट्रेड डील कर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अगर विदेशी माल बाजार में आएगा तो लोकल किसान की फसल कौन खरीदेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की नौकरियों में 95 प्रतिशत बाहरी युवाओं को जगह दी गई। बुजुर्गों की पेंशन रोकने और बाद में शर्तों के साथ जारी करने को भी अन्याय बताया। पिहोवा विधायक मनदीप चट्ठा ने बीपीएल कार्ड काटने का मुद्दा उठाया, जबकि शाहबाद विधायक रामकरण काला ने इसे जनविरोधी नीति बताया।

रोहतक में विधायक बलराम दांगी की अगुवाई में प्रदर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक बुजुर्गों की पेंशन काटी गई और सरकार इनकार कर रही है। चुनाव से पहले बने राशन कार्ड बाद में काट दिए गए। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को विधानसभा में उठाया जाएगा। हिसार में ग्रामीण जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि ट्रेड डील किसानों, युवाओं और छोटे व्यापारियों के हित में नहीं है। उन्होंने बड़े समझौतों पर संसद में चर्चा और शर्तें सार्वजनिक करने की मांग की। कैथल में सुदीप सुरजेवाला और जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।





आपके समर हॉलिडेजपर बड़े ऑफर्स

चुनिंदा हॉलिडेपर हर कपल को ₹ 1 00 000.00 तक की छूट पाए | वीजा रिजेक्ट होने पर फ्री रीशेड्यूलिंग और कैंसलेशन

हॉट पिक्स
9-दिन जापान – चेरी ब्लॉसम स्पेशल हमारे अपने भारतीय शेफ के बनाए खाने का मजा लें
7-दिन सिंगापुर ऐंड मलेशिया ₹ 1 16 900.00
7-दिन वियतनाम ₹ 1 19 600.00 | 7-दिन श्रीलंका ₹ 65 200.00 (Land Only)
5-दिन दुबई ₹ 94 500.00 | 7-दिन चीन ₹ 1 76 200.00

यूरोप
7-दिन ईस्ट यूरोप ₹ 1 69 900.00 से शुरू
8-दिन अमेजिंग यूरोप 4 रात का रेड-अनि-फ्रेच रिवेरा हॉलिडेज फ्री पाएं
13-दिन वंडर्स ऑफ यूरोप


ICICI Bank ₹15,000* Instant Discount on Credit Cards

1800 209 3344
sotc.in
SOTC For Holidays.

Call: DELHI: South Extension: 9619202458, Connaught Place: 9619921871, Vasant Kunj: 8291061189, Greater Kailash: 9167708356, Ashok Vihar: 9619925537, Pitampura: 9619924883, East Delhi V3S Mall: 9167253434, Punjabi Bagh: 9167081358, DWARKA: 8291061164, FARIDABAD: 9167270891, GHAZIABAD: 9619924676, NOIDA: 9619924198, RAJOURI GARDEN: 9167708416, CHANDIGARH: Madhya Marg Sec 8C: 9619927339, AMBALA: 9167146096, JALANDHAR: 9619931516, LUDHIANA: 9167119631, AGRA: 9619931546, PANCHKULA: 8291357787, KARNAL: 9167171685.


# दिल्ली-अंबाला हाइवे पर ट्रक पलटा, दो की मौत

■ NBT न्यूज, अंबाला



**कोहरे के** कारण सोमवार सुबह दिल्ली-अंबाला हाइवे पर बड़ा हादसा हो गया। शाहपुर के टांगरी पुल के पास, अंबाला से करीब दो किलोमीटर पहले, सामान से लदा ट्रक बेकाबू होकर पहले एक कार से टकराया और फिर साइड से गुजर रही बाइक पर पलट गया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, ट्रक दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहा था। तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया। पहले ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मारी, हालांकि उसमें सवार लोग बच गए। इसके तुरंत बाद ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक को चपेट में लेते हुए पलट गया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर ट्रक को हटाया और काफी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाले। हादसे के बाद दिल्ली-अंबाला हाइवे पर करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार को रौंदा

■ NBT न्यूज, जींद: गांव उझाना के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली उनको रौंदते हुए निकल गई।

# 'सिस्टम की जिम्मेदारी कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना'

■ NBT न्यूज, जींद: हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ललित बत्रा ने कहा कि मानवाधिकार हर शख्स पर समान रूप से लागू होते हैं, चाहे वह आम नागरिक हो या जेल में बंद कैदी। कैदियों को सही भोजन, साफ आवास, स्वास्थ्य सुविधा, पैरोल और फरलो जैसी कानूनी सुविधा तथा परिवार से मिलने का अधिकार मिलना जरूरी है। इन अधिकारों की सुरक्षा करना न्याय व्यवस्था की जिम्मेदारी है।



ह्यूमन राइट्स कमिशन के अध्यक्ष ने लिया जेल का जायजा

सोमवार को ललित बत्रा मानवाधिकारों की सुरक्षा और जेल में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा के लिए जींद पहुंचे। उनके साथ मेंबर जुडिशल कुलदीप जैन, मेंबर दी. भाटिया, रजिस्ट्रार जुडिशल संजय खंडूजा और असिस्टेंट रजिस्ट्रार पुनीत अरोड़ा मौजूद रहे।

# जन चेतना दिवस की तैयारियों में जुटी JJP, अगले महीने कार्यक्रम

■ NBT न्यूज, भिवानी/ हिसार



युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला का हरियाणा दौरा शुरू

**जननायक जनता** पार्टी (JJP) ने 13 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर हांसी जिले में होने वाले प्रदेश स्तरीय सर्व हरियाणा जन चेतना दिवस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी सिलसिले में JJP के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा में दौरे शुरू कर दिए हैं।

सोमवार को दिग्विजय चौटाला हिसार, हांसी और दादरी जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की बीजेपी सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर कर किसान, कमेरे और युवा वर्ग की आवाज दबाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हांसी में होने वाले कार्यक्रम में युवा बड़ी संख्या में पहुंचें और मौजूदा हालात को देखते हुए बीजेपी सरकार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं।

**बेरोजगारी को लेकर साधा निशाना:** युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने सोमवार को हिसार में बीजेपी सरकार और इंडियन नेशनल लोकदल पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और बीजेपी सरकार भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता नहीं बरत रही। उन्होंने एचटेट और एचपीएससी के खाली सीटों को भरने में देरी पर सवाल उठाया।

# पुलिस का दावा, नफरत में की भतीजे ने चाची की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, यमुनानगर




इसी घर में हुई थी हत्या, इनसेट में मोनिका का फाइल फोटो

वारदात को अंजाम देने दोस्त के साथ आया था आरोपी

**सेना में** हवलदार जसबीर सिंह की पत्नी मोनिका (34) की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है कि हत्या उसके भतीजे योगराज ने की थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि योगराज अपनी चाची मोनिका से नफरत करता था और वारदात को अंजाम देने की पूरी योजना बनाकर आया था।

परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब साढ़े 11 बजे योगराज अपने एक दोस्त के साथ घर पहुंचा। उसे पता था कि घर के दरवाजे बंद मिलेंगे। दोस्त की मदद से उसने 24 फुट ऊंची दीवार पार की और उस कमरे तक पहुंचा, जहां मोनिका सो रही थी। इसके बाद उसने सो रही मोनिका का गला काट दिया। चीख सुनकर दूसरे कमरे में सो रही मोनिका की मां कांता देवी वहां पहुंचीं लेकिन आरोपी नहीं रुका और वार करता रहा। जब कांता देवी ने शोर मचाया तो वह सीढ़ियों से भाग निकला। पुलिस ने कांता देवी की शिकायत पर योगराज और उसके दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। काफी समय के बाद आज आपकी परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आज किसी वाहन से दूर की यात्रा भी हो सकती है। छोटे-मोटे घरेलू कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा।

**TAURUS** (20 Apr - 20 May): आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक काम के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। शाम के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है, तैयार रहें।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी आशातीत उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा अभी पलभर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** (22 Jun - 22 July): आज का दिन किसी बहन-भाई की चिंता और सेवा में व्यतीत होगा, क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। आज भी यह चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सवारी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं। इससे आपको थोड़ी राहत मिलेगी।

**LEO** (23 July - 22 Aug): आज आपकी कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अधिकांश आपका पैसा नहीं छोड़ रहा है। नौकरी, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम को त्यागना पड़ेगा। लगातार मेहनत करनी होगी।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आपकी राशि का स्वामी तृतीय घर में आ चुका है, सूर्य के साथ तप रहा है। इसलिए विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने काम को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुभव आपको प्राप्त होगा।

**LIBRA** (23 Sep - 23 Oct): आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो काल्पनिक हैं तो कुछ आप अपने अहंकारी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस से ही इन्हें पराजित करेंगे।

**SCORPIO** (24 Oct - 21 Nov): आज अकस्मात महत्वपूर्ण समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े-झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय अनुकूल है।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, लेनदेन के कामों में जल्दबाजी न करें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात के समय मांगलिक अवसरों में जाएंगे।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। यह वक्त भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों से भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थलों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): उच्च अधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। अपना निर्णय के उत्साह आप करने का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्ययन और धर्म में रुचि बढ़ेगी। वाद, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है। समय के सदुपयोग से आपके भाग्य का सितारा बुलंद होगा।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): आपकी राशि का स्वामी-देवगुरु बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में नए मार्ग खोलेगा। अध्ययन और अध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु से सावधान रहें। किसी को आज पैसा उधार न दें, वापस नहीं मिलेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। फरवरी 2026 तक ये राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। मार्च में ग्रह चाल मध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। अप्रैल, मई व जून पूर्णरूपेण शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जुलाई से अक्टूबर तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों के बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। सितंबर से अक्टूबर में कुछ अनावश्यक प्रपंचों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कामों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष नवंबर में अपने काम काज का विस्तार करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव दिसंबर से जनवरी 2027 तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 फरवरी से लेकर 29 फरवरी तक सभी स्थितियां सामान्य सुखद रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है। इसलिए श्री सुंदरकांड पाठ एक नियत रात में 8 बजे के बाद शुद्ध घृत का दीपक जलाकर 40 दिन तक करें। शनिवार शाम को पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


## कल का पंचांग
(बुधवार, 18 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 29, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ला प्रतिपदा, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 7, शब्बान 29, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 18 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। प्रतिपदा तिथि शाम 4 बजकर 58 मिनट तक के बाद द्वितीया तिथि का आरंभ। शतभिषा नक्षत्र रात 9 बजकर 16 मिनट तक के बाद पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। शिव योग रात 10 बजकर 45 मिनट तक के बाद सिद्ध योग का आरंभ। बव करण शाम 4 बजकर 58 मिनट तक के बाद कौलव करण का आरंभ। आज ही बसंत ऋतु प्रारंभ होगा। आज के व्रत त्योहार भैमवती अमावस्या, फाग प्रारंभ सुबह 9 बजकर 6 मिनट से।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 5 | | | | | | 1 |
| | | | | 5 | | 8 | | 6 |
| | 2 | | 3 | | | | 5 | |
| | 8 | | | 2 | 5 | | | |
| 9 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | | | 9 | 1 | | | 2 | |
| | 4 | | | | 6 | | 7 | |
| 1 | | 6 | | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | 9 | 6 | |

## TELEVISION




big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 फसल् फसल् | 14:00 हम पांच |
| 10:00 बहुरूप बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 सद के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 18:30 सद के रक्षक |
| 12:00 यशोमती अजेय कृष्णा | 21:00 पीस |
| 13:00 भ से भाई | |


दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

# सुरक्षा
सुरक्षा से विश्वास तक

दिल्ली पुलिस 79वां स्थापना दिवस 2026



दिल्ली पुलिस सप्ताह 16–22 फरवरी, 2026

7 दिन 7 संकल्प
एक सुरक्षित दिल्ली

1 सेवा 2 सुरक्षा 3 समर्पण 4 साहस
5 संवेदनशीलता 6 सतर्कता 7 सहयोग

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 16.02.2026 | दिल्ली भर में रक्तदान शिविरों का आयोजन |
| 17.02.2026 | प्रत्येक पुलिस स्टेशनों में छात्रों का दौरा |
| 18.02.2026 | दिल्ली भर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम |
| 19.02.2026 | आरडब्ल्यूए एवं एमडब्ल्यूए के साथ संवाद कार्यक्रम |
| 20.02.2026 | दिल्ली भर में ग्रामीण खेल/औषध एवं कान/प्रहरी बैठक; 20 से 22 फरवरी 2026 तक सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस, दिल्ली में भव्य प्रदर्शनी; कवि सम्मेलन–लाल किला (शाम 6.30 बजे से) |
| 21.02.2026 | दिल्ली के प्रत्येक पुलिस स्टेशनों में जन संपर्क कार्यक्रम |
| 22.02.2026 | मादक द्रव्य दुरुपयोग के विरुद्ध जन–जागरूकता कार्यक्रम (1) एंटी ड्रग्स रन नेहरू पार्क से राष्ट्रीय पुलिस स्मारक तक (प्रातःकाल) (2) एम्फीथिएटर, सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस, दिल्ली में सायंकालीन संगीतमय कार्यक्रम |

नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं भरोसे की मजबूत नींव तैयार करना।

सुरक्षा जो विश्वास बनाए

स्पेशल सेल – संगठित अपराधों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों की रोकथाम एवं जांच
आतंकवाद विरोधी दस्ता – आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों का पता लगाना, उन्हें रोकना तथा उन पर कार्रवाई करना
दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस – दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना
विशेष सुरक्षा इकाई (एसएसयू)/ वीआईपी सुरक्षा – संरक्षित व्यक्तियों और संवेदनशील प्रतिष्ठानों को बहु-स्तरीय सुरक्षा प्रदान करना
जिला पुलिस / कानून-व्यवस्था इकाइयाँ – कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आस-पड़ोस में रोज़ाना सुरक्षा सुनिश्चित करना

साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर : 1930

DP/9855/2026

पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई–मेल करें: cpdelhi@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को, पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर

@DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @delhi.police_official @DelhiPoliceofficial delhipolice.gov.in

तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें | पुलिस को सूचना देने के लिए 14547 पर कॉल करें

# SC ने कहा, HC कमतर नहीं, हिमंता से जुड़ी अर्जी नहीं सुनी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ एक वायरल विडियो के संबंध में कार्रवाई की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। विडियो में कथित रूप से उन्हें एक विशेष समुदाय के लोगों पर राइफल तानकर गोली चलाते हुए दिखाया गया है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे अपनी शिकायतों के साथ गुवाहाटी हाई कोर्ट का रुख करें। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से भी मामले की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित करने को कहा। बेंच ने पार्टी से कहा कि आप हाई कोर्ट क्यों नहीं गए? हाई कोर्ट की अथॉरिटी को कमतर मत आंकिए। हम पक्षकारों से संयम बरतने और संवैधानिक मर्यादा की सीमाओं में रहने को कहेंगे, लेकिन चुनाव से ठीक पहले यह प्रवृत्ति बनती जा रही है।

# SIR में धांधली का आरोप, बंगाल में 7 सस्पेंड

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली : निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के रूप में काम कर रहे सात अधिकारियों को सोमवार को सस्पेंड कर दिया। सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी अधिकारियों ने लोगों को फर्जी तरीके से वोटर बनाने के लिए सिस्टम में डॉक्यूमेंट अपलोड वाले कॉलम में कहीं न्यूज पेपर की कटिंग, कहीं ब्लैंक पेपर तो कहीं ऐसे ही हाथ से साइन किए हुए कागज अपलोड कर दिए। यह सब मामले आयोग द्वारा नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर और रोल ऑब्जर्वर की जांच में पकड़ में आए। जिसमें इन अधिकारियों द्वारा कथित रूप से किए गए इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

बूथ लेवल ऑफिसर, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और उनके सहायक राज्य सरकार के कर्मचारी होते हैं, जो मतदाता सूची अपडेट करने और चुनाव कराने में सहायता के लिए प्रतिनियुक्ति (डिपोटेशन) पर काम करते हैं।

वहीं, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को चुनाव आयोग की कार्रवाई का स्वागत किया है।

## कुछ और अधिकारी भी रेडार पर

आयोग बोला, इन अधिकारियों के खिलाफ ऐक्शन वोटर लिस्ट को शुद्ध बनाने के लिए लिया गया। चूंकि, जांच में पाया गया कि अफसर कथित रूप से नियमों के खिलाफ जाकर काम कर रहे थे, इसलिए कार्रवाई हुई। सूत्रों का कहना है कि अभी कुछ और अधिकारी रेडार पर हैं, जिनके खिलाफ सस्पेंड करने जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

# न्यूजक्लिक पर ED ने ₹184 करोड़ का जुर्माना लगाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक (NewsClick) और इसके एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (FEMA) के प्रावधानों के तहत 184 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सोमवार यह आदेश जारी किया गया। इसमें मेसर्स PPK न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड पर 120 करोड़ रुपये और इसके डायरेक्टर पुरकायस्थ पर 64 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। ED ने कहा कि नियमों का उल्लंघन 'जानबूझकर' किया गया था।


Z-18012/1/2021/एनएमएल/बाइंडिंग
नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
नई दिल्ली-110029
दूरभाष: 26589128 / 26589489

**निविदा सूचना**

नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

1. मेडिकल लिट बुक्स/इसी तरह के प्रकाशनों की आपूर्ति,
2. बुक्स, जर्नल्स आदि के बाइंडिंग कार्य के लिए दर अनुबंध प्रदान करना।

निविदा दस्तावेज आधिकारिक वेबसाइट http://eprocure.gov.in/epublish और https://dghs.mohfw.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा दस्तावेज, सभी त्रुटियों से पूर्ण, निदेशक, नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी के पास 10.03.2026 को या उससे पहले 13:00 बजे तक, निविदा की अपेक्षित लागत (यदि डाउनलोड किया गया हो), बयाना जमा राशि (ईएमडी), और निविदा में निर्दिष्ट अन्य दस्तावेजों के साथ पहुंच जाना चाहिए।

हस्ताक्षर/-
निदेशक
नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी
CBC 17135/11/0007/2526

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा सूचना

निविदा सं.: डीके/यूडी/सीओआरआर-ओएस/303 — निविदा आईडी: 2026_एनसीआरटीसी_... दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में बाधा बन रही एचवीसीएल की 220 केवी और 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के स्थानांतरण/संशोधन कार्य (सीएच 103000 से सीएच 133750)। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 17.03.2026 (1500 बजे) — हस्ता/- ईडी/प्रोक्योरमेंट

निविदा सं.: डीएम/सीएच/सीओआरआर-ओएस/299 — निविदा आईडी: 2026_एनसीआरटीसी_... दिल्ली गाजियाबाद मेरठ नमो भारत कॉरिडोर ... स्टेबलिंग लाइन के लिए रोड ओवरब्रिज ... (पियर संख्या HP-15 से HP-25) और अन्य सहायक कार्यों के निर्माण हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 18.03.2026 (1500 बजे) — हस्ता/- ईडी/प्रोक्योरमेंट

विस्तृत जानकारी, एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो), के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 17.02.2026


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 30–35 साल, **कद:** 5.6 फुट, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **रंग:** सांवला, **पहचान:** सिर पर चोट, जिसने सफेद रंग की शर्ट और नीले रंग की जींस पहने हुए, कि.मी. पोल संख्या 08–2/8–3, एस.एस.बी. पावर हाउस के पास, पंजाबी बाग, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया था। इस संबंध में डीडी नं. 26ए दिनांक 26.01.2026 को थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष: थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 011-28711697, 9868668666, 8750871308**

DP/2072/Rly/2026

## गुमशुदा महिला की तलाश



नीतू कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम नीतू कुमारी **W/o** दिवाकर कुमार **R/o** सुरेंद्र सिंह का मकान, पुरानी चौपाल के पास, गांव ताजपुर, दिल्ली **उम्र** 19 साल जो कि 12.02.2026 को करीब सुबह 9:30 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.54A दिनांक 12.02.2026** थाना अलीपुर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:-

**रंग:** गोरा, **कद:** 5'3", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, जिसने काले रंग की जींस, काले रंग की कमीज, लाल रंग का स्वेटर और काले रंग की सैंडल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

थानाध्यक्ष: अलीपुर, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-27202265, 7065036325

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641

DP/2033/ON/2026


**पश्चिम रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2x25/EPC-PSI/01. कार्य का नाम:** Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132/55KV Scott Connected Traction Substation and Switching Posts for 2x25KV feeding system between Godhra-Ratlam section of Ratlam Division of Western Railway. **अनुमानित लागत:** ₹ 146,06,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 74,53,000/- **समापन अवधि:** 24 Months. **निविदा दस्तावेज की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 02/03/2026 upto 15:00 hrs की जगह 12/03/2026 upto 15:00hrs. **तकनीकी बोलियां खोलने की दिनांक एवं समय:** 13/03/2026 upto 15:30 hrs की जगह 24/03/2026 upto 15:30 hrs. **ऑफर की वैधता:** 180 days from the date of opening. **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in. **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।
V-461
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

ONGC ओएनजीसी ONGC

**इच्छा की अभिव्यक्ति की अधिसूचना**

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), भारत सरकार का एक 'महारत्न' उद्यम और देश की प्रमुख ऊर्जा कंपनी, **पोर प्वाइंट डिप्रेसेंट (पीपीडी)/फ्लो इम्प्रूवर – ईओए काकीनाडा के लिए वैश्विक इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)** आमंत्रित करती है।

इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से ऐसे तकनीकी रूप से सक्षम और अनुभवी विक्रेताओं की पहचान करना है जो समुद्र के नीचे उपयोग के लिए पोर प्वाइंट डिप्रेसेंट (पीपीडी)/फ्लो इम्प्रूवर – ईओए काकीनाडा की आपूर्ति करने में सक्षम हों और ओएनजीसी के तकनीकी विनिर्देशों और आवश्यकताओं का पालन करते हों।

जिन कंपनियों/संगठनों के पास आवश्यक अनुभव और क्षमता है, उन्हें इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत ईओआई दस्तावेज ओएनजीसी पोर्टल **https://tenders.ongc.co.in** पर उपलब्ध है।

दिनांक 23.02.2026 को ऑनलाइन प्री–सबमिशन मीटिंग निर्धारित है, और जमा करने की अंतिम तिथि 04.03.2026 है। प्री–सबमिशन मीटिंग में भाग लेने के लिए, कृपया **yadav_ashwani@ongc.co.in** और/या **raigar_rk@ongc.co.in** पर सम्पर्क करें।

सूचना प्रस्ताव में शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, संशोधन और समय सीमा विस्तार (यदि कोई हो) केवल **https://tenders.ongc.co.in** पर प्रकाशित किए जाएंगे। प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए पोर्टल को नियमित रूप से देखें।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अन्य रिक्तियां
एकाधिक रिक्तियां

Reputed CA ऑफिस, दरियागंज नई दिल्ली & सेक्टर-30, फरीदाबाद में Computer Op../c/s trainees – B.Com / bba / M.Com / CA, चीफ / servant / ऑफिस बॉय चाहिए। बायोडाटा +aadhar+pan के साथ मिलें Mob no 9810538874

REQ. Security Guard, Peon, Office Cum Pantry Boy, Cook, Prefd. Good Exp & Age below 50y for Kothi in Sainik Farm (S.Del) Ph/W'Ap: 9810096572

आवश्यकता है
1. स्टेशनरी विक्रय हेतु सेल्समैन की जो मोटर साइकिल चलाना जानता हो
2. दिल्ली से बाहर स्टेशनरी विक्रय हेतु सेल्समैन की
3. थ्री व्हीलर विक्रय ड्राइवर की
4. कंप्यूटर ऑपरेटर की
5. हैल्पर की
10 कि. मी. तक रहने वालों को प्राथमिकता बायो-डाटा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं फोटो सहित मिलें
Neelgagan
...फोन नं 011-40239001 मो. 9818527423
समय शाम 4:00 से 5:00 बजे तक

प्रॉपर्टी
गोवा प्रॉपर्टीज
बिक्री के लिए भूमि

SOUTH Goa Cuncolim 1225 Square meter Plot for sale with SANAD @20500 PSqM contact owner on WhatsApp

बिजनेस
RAW MATERIAL FOR SALE

PREMIUM EUROPEAN COATING RESINS/ ADDITIVES
We can offer a diverse range of high-performance materials regularly at low prices, including:
• Waterborne Polyurethane Dispersions
• Acrylic Polyols
• Alkyds & Epoxies
• Functional Monomers & Crosslinkers
Please contact: Euro Exim Limited, Manchester (UK)
Email: sales@euroeximlimited.co.uk
WA No: +447930990094

BOOK YOUR BUSINESS ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

SBI भारतीय स्टेट बैंक
सार्वजनिक सूचना
+91 84481 82255

फॉर्म नं. RSC–4
राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ के समक्ष ...
एसबीआईसीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

This is to bring to the knowledge of the public at large that our client is intending to purchase the below mentioned land from their respective owners as mentioned below and has entered into an agreement to sell with for the said purpose. The details of the owners and of the land are as under : 1. Sh. Raj Kumar Jain, S/o Sh. Shikar Chand Jain, R/o Teh. Ramgarh Naugawan, P.O. Nogaon, Dist. Alwar-301025, Rajasthan owner of land comprises in Khasra No. 640, admeasuring 0.14 Hec situated within revenue state of Village Khojka, Tehsil Ramgarh, Dist. Alwar, as per Jamabandi Record for the Year 2075-2078 (Samvat) 2. (a) Abhimanyu Pal S/o Sh. Abhijeet Pal, R/o M-51, Park Place, DLF Phase 5, Sector 56, Gurugram (667/11450 share), (b) Sh. Aadil Juber, S/o Juber Khan, R/o H. No. 145, Shanti Kunj, Dist. Alwar, (1/2th Share), (c) Sh. Jaideep Singh Rathore, S/o Sh. Satvir Singh Rathore, R/o H. No. 213, Police Colony, Ward No. 19, Hanumangarh House, Hanumangarh Town, Hanumangarh, - 335513 (2529/22900th share) and (d) Hanut Singh, S/o Sh. Jagat Singh Kanwar, R/o Maharani Farm, Dera Mandiroad, Dera Gaon, Delhi 110074 (7587/22900th share). All Joint owner of land comprises in Khasra No. 580, admeasuring 1.10 Hec situated within revenue state of Village Khojka, Tehsil Ramgarh, Dist. Alwar, as per Jamabandi Record for the Year 2075-2078 (Samvat) 3.(a) Ajmat S/o Mangal, R/o H. No. 40, Kota Khurd, Alwar, (1/4th share), (b) Insaf, S/o Mangal, (1/4th share) R/o H.No. 40, Kota Khurd Alwar (c) Kushalkhan S/o Mangal Khan, R/o - Kota Khurd, Khilora, Tehsil-Ramgarh, Dist-Alwar,(1/4th share) and (d) DillaKhan S/o Mangal Khan, R/o - Kota Khurd, Khilora, Tehsil - Ramgarh, Dist. - Alwar (1/4th share). All Joint owner of land comprises in Khasra No. 576, admeasuring 0.4300 Hec,Khasra No. 577, admeasuring 0.0300 Hec, Khasra No. 582, admeasuring 0.1000 Hec, Khasra No. 583, admeasuring 0.2800 Hec and Khasra No. 608, admeasuring 1.1500 Hec situated within revenue state of Village Khojka, Tehsil Ramgarh, Dist. Alwar, as per Jamabandi Record for the Year 2075-2078 (Samvat). All persons/companies/entities having any right, title, interest, benefit, claim or demand into, upon or against the aforesaid property or any part thereof, by way of inheritance, mortgage, possession, sale, exchange, license, gift, lease, lien, charge, trust, maintenance, bequest, easement, development rights, partnership, joint venture, Decree or Order of any Court of Law or under any other agreement whatsoever are hereby required to make the same known in writing to the undersigned at the address specified herein below with supporting documentary evidence within 15 (Fifteen) days of issuance of this Public Notice, failing which the claim and/or objection, if any, shall be considered as waived or abandoned and our client shall complete the transaction of sell above referred to without reference to such claim or demand.

INDIAN LAW PARTNERS
1228, DLF CITY PHASE-IV GURUGRAM
ATTN. MR. DHARMENDER SEHRAWAT
PH. 9871262784

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल, केंद्रीय कार्यालय
239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
... www.unionbankofindia.bank.in/tenders ... auction notice ...
(दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन)

RE-TENDER NOTICE

SBI भारतीय स्टेट बैंक
... नई दिल्ली-110077

न्यायालय सूचना

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the Court of Sh. Pulastya Pramachala, District Judge (Commercial Court)-01, Room No. 01, New Delhi District, Patiala House Courts, New Delhi
Case No. CS (Comm) 515/2022
Case Title: Shadowfax Technologies Pvt. Ltd. Versus Monica Arora
To,
Ms. Monica Arora, Prop: Icon Express, 8/90, Mehram Nagar, Opp. Domestic Airport, Terminal-I, New Delhi -110010
Whereas above named Plaintiff has instituted a suit against you. You are hereby summoned to appear before this court in person or by pleader on 06.04.2026 at 10:00 AM to answer the same.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of this court, this 4th Day of February, 2026.
District Judge (Commercial)-01
Seal Patiala House Court, Delhi

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण
प्रधान पीठ, नई दिल्ली
2 और 3 मंजिल, महानगर दूरसंचार सदन, एम. टी. एन. एल. भवन, 09 सी. जी. ओ. कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली 110003
कंपनी अपील (ए.टी.) (दिवालिया) संख्या ...

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

मैं, बदर मिर्जा, S/O कासिम मिर्जा R/O C-189 गली न -1 चांदबाग दिल्ली-94, यह घोषित करता हूं कि बदरुज्जमा बेग एवं बदर मिर्जा एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

TIMES interact
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

I, Siddhanth Vasisht S/o Anjani Kumar R/o D-10,Geetanjali Enclave,NewDelhi-17,have changed my name from Siddhant Vasisht to Siddhanth Vasisht for all future purpose

I, Imti Angnen S/o Jungshikokba R/o 46, West Bengal, I have Changed my Daughter's Name in my Army Service record from Jianaro to Moanaro and she is correct & actual Date of Birth is 21 August 2015. Vide affidavit dt. 14 Feb 2026 before Notary Public Delhi.

मैं,अरुण कुमार सिंह परिहार पुत्र जयेंद्र प्रताप सिंह, निवासी फ्लैट न.-48, ब्लॉक-डी-8, पॉकेट-8, सेक्टर-23 बी, द्वारका, पुलसिस, साउथ वेस्ट दिल्ली; अरुण कुमार सिंह परिहार से अरुण सिंह परिहार, नाम परिवर्तन किया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मैं, अंसारी अदीब अख्तर,S/o आबिद अख्तर अंसारी घोषणा करता हूँ अंसारी अदीब अख्तर और अदीब अख्तर अंसारी एक ही व्यक्ति के नाम हैं, अर्थात् मैं स्वयं।

खोया एवं पाया

मेरे स्वामित्व वाली संपत्ति प्लॉट नं: 40 रकबा (क्षेत्रफल): 25 वर्ग गज (20.90 वर्ग मीटर) खसरा नं: 286, प्रकाश नगर, ग्राम खोड़ा, परगना लोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद, उ.प्र. के मूल मोटी एस्क्रो/अनुबंध पत्र कहीं गुम हो गए हैं। ...

NOTICE: It is notified that the Original Sale Deed of Reshma India Pvt. Ltd. with Serial No.1076/2007/00280 for property no.C-116 Anand Niketan, first floor has been lost / misplaced. If found, kindly contact immediately on ...

TIMES interact SPECIAL
PRIME MICROBREWERY & RESTAURANT - FULLY OPERATIONAL FOR SALE
Bangalore Hotspot | Night Club + 700+ Seating | High Revenue
TOP FEATURES
• Battle-tested dining setup + proven profits
• Killer organic Instagram for instant traction
• All licenses/assets included – turnkey ready!
• 4.5* Google rating (buyer magnet)
Investors Call : 7795899163

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

HEALTH & WELLNESS

IVF क्यों? जब है Ayurved
निसंतान-शुक्राणु कमी
SEX रोगी मिलें
आकाश ... 9953396533 8860003863

सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें
नवीन क्लीनिक
9811564909 9210990444

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आज़ाद क्लीनिक
9873144909 9821124909

निःसंतान
चेतन आयुर्वेद
• बदरपुर • दरियागंज • भजनपुरा • छतरपुर
9817469817

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS


Please call us at the below mentioned nos.


| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 | Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | | | | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 | Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

# केंद्र से SC, साइबर ठग कैसे काम करते हैं, सबको बताएं

## बैंक खाते बेचने के आरोपी को ज़मानत देकर कोर्ट की टिप्पणी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



### ASG ने सुनाई आपबीती

ASG ने कहा कि ये साइबर क्रिमिनल बहुत कॉन्फिडेंट और स्मार्ट होते हैं और वह खुद भी एक बार लगभग उनका शिकार हो ही गए थे। बेंच को बताया कि सरकार संचार साथी ऐप लेकर आई है। इस पर साइबर क्राइम, मोबाइल चोरी के बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'लोगों को दिखाएं कि ये स्कैमस्टर कैसे काम करते हैं और ये फ्रॉड कैसे किए जाते हैं। आप लोगों को एजुकेट करें कि आपके पास ऐसी ही बातें आएंगी।

**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा कि सरकार को उन कमजोर लोगों को जागरूक कर मुआवजा देना चाहिए, जिन्होंने साइबर फ्रॉड में अपनी मेहनत की कमाई गंवा दी है। खासकर बुजुर्ग पीढ़ियों की रक्षा करने की कोशिश भी करनी चाहिए। सोमवार को परमजीत खरब नाम के शख्स को जमानत देते हुए जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और उज्ज्वल भुयान की बेंच ने यह टिप्पणी की। परमजीत पर ऑनलाइन-फ्रॉड पीड़ितों से वसूले गए पैसे को जमा करने के लिए बैंक अकाउंट बनाने और उन्हें कथित साइबर क्रिमिनल्स को बेचने का आरोप है।

जस्टिस नागरत्ना ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) एस. डी. संजय से कहा, 'आपको लोगों को एजुकेट करना होगा। टीवी और रेडियो पर रेकॉर्डिंग चलाकर बताएं कि ये साइबर क्रिमिनल कैसे काम करते हैं। वे अधिकतर बुजुर्गों को टारगेट करते हैं और उन्हें उनके काम करने के तरीके के बारे में पता होना चाहिए। उन्होंने लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की मेहनत की कमाई गंवाई है।'

**शर्तों के साथ जमानत :** बेंच ने खरब को यह देखते हुए जमानत दी कि दूसरे सह-आरोपियों को राहत दी गई है। उसे पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करने और हर महीने के पहले सोमवार को पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया। कोर्ट ने कहा, 'यह निर्देश दिया जाता है कि अपील करने वाला आगे के ट्रायल में पूरा सहयोग करेगा। ASG ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध जताया।

# वांगचुक मामले में SC बोला- अनुवाद बिल्कुल सटीक हो

■ भाषा, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ केंद्र की ओर से प्रस्तुत विडियो के ट्रांसक्रिप्ट को लेकर सवाल उठाए। कहा कि एआई के दौर में अनुवाद बिल्कुल सटीक होना चाहिए। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि सरकार वांगचुक के बयानों की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करे, क्योंकि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि कार्यकर्ता के नाम पर कुछ ऐसे शब्द जोड़े गए हैं, जो उन्होंने कभी कहे ही नहीं।

पीठ ने कहा, 'श्रीमान सॉलिसिटर, हमें भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट चाहिए। जिस पर उन्होंने भरोसा किया है और जो आप कह रहे हैं, वह अलग है। हम निर्णय करेंगे। उन्होंने जो कहा है, उसकी वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट होनी चाहिए। आपके पास अपने कारण हो सकते हैं। आपका अनुवाद सात से आठ मिनट तक चलता है, जबकि भाषण केवल तीन मिनट का है।'

# CUET-PG 6 मार्च से, एक दिन में 2 से 3 शिफ्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**केंद्रीय विश्वविद्यालयों** समेत दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों के पीजी कोर्सेज में दाखिले के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-PG) की डेटशीट आ गई है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के शेड्यूल के मुताबिक, CUET- PG 6 मार्च से शुरू होगा और एक दिन में दो से तीन शिफ्ट होंगी।

4,11,366 कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है

कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में सारे पेपर होंगे। 157 विषयों के लिए होने वाले इस एग्जाम के लिए 411366 यूनीक कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। हर पेपर 90 मिनट का होगा। डेटशीट के मुताबिक, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 16, 17, 18, 19, 24, 25 और 27 मार्च को एग्जाम होगा। कुल 44 शिफ्ट होंगी। एक कैंडिडेट अधिकतम 4 विषयों का एग्जाम दे सकता है। कौन से शहर में एग्जाम होगा, यह स्टूडेंट की चॉइस के आधार पर तय होगा और सिटी एग्जामिनेशन स्लिप जारी की जाएगी। एनटीए ने अपनी वेबसाइट पर सब्जेक्ट के हिसाब से डेटशीट जारी की है। सब्जेक्ट कोड भी डेटशीट के साथ जारी किए गए हैं। एक दिन में अधिकतम तीन शिफ्ट होंगी। पहली शिफ्ट का एग्जाम सुबह 9 से 10.30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट 12.30 से 2 और तीसरी शिफ्ट 4 से 5.30 बजे तक होगी।

# डेटा संरक्षण कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को SC का नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2023 के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) अधिनियम की कई धाराओं की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। यह याचिका 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' और एक वरिष्ठ पत्रकार ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि नया कानून आरटीआई को कमजोर करता है। चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने एक्ट से जुड़ी जटिलताओं की जांच पर सहमति जताई, पर प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया।

AMITY UNIVERSITY
Proud to be Knowledge Partner at India AI Impact Summit 2026
SESSION ON
AI for Medical Imaging & Clinical Diagnostics
AI IMPACT SUMMIT
16th-20th Feb.'26 | New Delhi
AMITY'S LEADERSHIP IN AI:
• Amity has one of India's most advanced University AI Supercomputing facilities, with leading AI scientists
• India's #1 Ranked pvt. University for Computer Science as per Times Higher Education (UK) Rankings 2025 & 2026
www.amity.edu

# J&K में पहलगाम हमले के बाद बंद 14 पर्यटन स्थल खुलेंगे

■ भाषा, जम्मू : पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद किए गए जम्मू-कश्मीर के 14 पर्यटन स्थलों को फिर से खोला जाएगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यह आदेश जारी किया। 'एक्स' पर सिन्हा ने कहा कि कोकरनाग में यूसमर्ग, दूधपथरी, दांडीपुरा पार्क, शोपियां में पीर की गली, दुबजान और पदपावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गांदरबल में हंग पार्क और बारामुला में वुलर और वाटलाब को तत्काल फिर से खोला जाएगा। जम्मू के रियासी में देवी पिंडी, रामबन में महू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान, गुरेज, अथवाटू और बंगस और जम्मू संभाग के रामबन में रामकुंड बर्फ हटने के बाद फिर से खोल दिए जाएंगे।

# 9 जजों की बेंच सुनेगी सबरीमला समेत महिलाओं से जुड़े मामले

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली : सबरीमला मंदिर में हर उम्र की महिलाओं की एंट्री, मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद में प्रवेश और पारसी महिलाओं के दूसरे समुदाय में शादी के बाद अधिकार के मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच 7 अप्रैल से सुनवाई करेगी। इन मामलों से जुड़ी याचिकाओं के समूह को लार्जर बेंच को रेफर किया गया था। धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने सोमवार को कहा कि सुनवाई 22 अप्रैल तक पूरी होने की संभावना है। सभी पक्षकारों से 14 मार्च तक लिखित प्रतिवेदन मांगे गए हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह 2018 के सबरीमला फैसले की समीक्षा की मांग का समर्थन करते हैं। 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सबरीमला मामले में दाखिल अर्जी पर 9 जजों की संवैधानिक बेंच सुनवाई करेगी। सबरीमला में हर उम्र की महिलाओं को सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में प्रवेश का अधिकार दिया था। इसके खिलाफ रिव्यू अर्जी दाखिल की गई।

सात अप्रैल से संवैधानिक बेंच शुरू करेगी याचिकाओं के समूह पर सुनवाई

### फैसला आगे अन्य मुद्दे का भी देगा हल

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

सबरीमला मामले में सुनवाई के दौरान तत्कालीन चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बहुमत की बेंच ने कहा था कि धर्म एक जीवन शैली है और ये जीवन और देवत्व से जुड़ा हुआ है। जस्टिस इंदु मल्होत्रा ने अल्पमत में कहा था कि तार्किक भाव धार्मिक मामले में लागू नहीं हो सकता। अब मामले को व्यापक आयाम दिया गया है। जो फैसला आएगा, वह आगे के लिए धर्म से जुड़े अन्य मुद्दे का भी हल देगा।

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय
मस्जिद मोठ सेक्टर 3 सादिक नगर,
नई दिल्ली - 110049
दूरभाष न.:- 011-20887151/20887150

प्रत्यक्ष साक्षात्कार सूचना

**शैक्षणिक सत्र 2026-27** हेतु **अंशकालिक संविदा आधारित शिक्षकों** का पैनल तैयार करने के लिए विद्यालय में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण समय **प्रातः 07:45 से 9:30 बजे** तक रहेगा तथा साक्षात्कार **प्रातः 8:30 बजे** से प्रारंभ होगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थी साक्षात्कार में सम्मिलित हों।

| स्थान | दिनांक | पदनाम |
|---|---|---|
| पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ सादिक नगर नई दिल्ली 110049 | 19/02/2026 | स्नातकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान , जीव विज्ञान, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, संगणक विज्ञान)<br>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत) एवं संगणक अनुदेशक (Computer Instructor) |
| | 23/02/2026 | प्राथमिक शिक्षक, संगीत प्रशिक्षक, कला प्रशिक्षक, काउंसलर, स्पेशल एजुकेटर, नर्स, डॉक्टर, योग प्रशिक्षक, स्पोर्ट्स कोच एवं नृत्य प्रशिक्षक |

सभी पद पूर्णतः अंशकालिक व अनुबंध आधारित हैं तथा विद्यालय की आवश्यकता पर निर्भर हैं। किसी भी अभ्यर्थी को नियमित नियुक्ति का अधिकार नहीं होगा। पात्रता व अन्य जानकारी हेतु विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **https://masjidmoth.kvs.ac.in/** देखें। साक्षात्कार के लिए पूर्णतः भरा आवेदन पत्र, मूल दस्तावेज, उनकी स्वप्रमाणित दो प्रतियां एवं दो फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

प्राचार्य

केंद्रीय विद्यालय
ए.ए.आई रंगपुरी, दिल्ली संभाग

साक्षात्कार सूचना

**शैक्षिक सत्र 2026-27** के लिए **पूर्णतः अंशकालिक संविदा** के आधार पर **पी.जी.टी. (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, गणित, कॉमर्स, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान), टी.जी.टी (विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, संस्कृत), कंप्यूटर अनुदेशक, खेल प्रशिक्षक सह योग प्रशिक्षक, संगीत प्रशिक्षक, स्पेशल एजुकेटर एवं नर्स** पैनल तैयार करने हेतु **केंद्रीय विद्यालय ए.ए.आई रंगपुरी, नई दिल्ली** में साक्षात्कार दिनांक **02/03/2026** को आयोजित किए जाएंगे।

साक्षात्कार के लिए आवेदन पत्र, प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित ज़ेरॉक्स कॉपी और पासपोर्ट आकार की तस्वीर के साथ दिनांक **02/03/2026 को प्रातः 9:00 बजे** विद्यालय में आएं।

**नोट-** प्रत्येक पद के लिए शैक्षणिक योग्यता की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप के लिए विद्यालय की वेबसाइट **https://rangpuriaai.kvs.ac.in/** पर जाएं।

Sd/-,
प्राचार्य

# भुगतान के बाद राजपाल यादव को जेल से राहत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को चेक बाउंस केस में बॉलिवुड एक्टर राजपाल यादव की सजा निलंबित कर दी। इससे उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया। एक्टर को राहत शिकायतकर्ता को डेढ़ करोड़ का भुगतान करने और भतीजी की शादी के मद्देनजर दी गई है। हाई कोर्ट ने कुछ शर्तें भी तय कीं। मसलन, वह शाहजहांपुर तक का ही सफर तय करेंगे। अदालत से इजाजत लिए बिना देश से बाहर नहीं जाएंगे। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि आवेदक की भतीजी की शादी 19 फरवरी को शाहजहांपुर में है। इसे भी ध्यान में रखते हुए कि आवेदक ने 1.5 करोड़ शिकायतकर्ता को दिए हैं।



भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2026/आरएस(ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक: 13.02.2026
विषय: 24 अदद् पॉइंट्स और क्रॉसिंग चेंजिंग मशीन (पीसीसीएम) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी के बाद एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 15.04.2026 को बंद होने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा सं. 2026- टीएम-2
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से 24 अदद् पॉइंट्स और क्रॉसिंग चेंजिंग मशीन (पीसीसीएम) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी के बाद एएमसी के साथ, के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा करने के लिए http://www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा से संबंधित कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर ही अपलोड किया जाएगा, प्रिंट मीडिया में नहीं किया जाएगा।
निदेशक, रेल भंडार (एम)
(रेलवे बोर्ड)
511/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अबू सलेम की याचिका पर विचार से इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सलेम का दावा था कि वह 1993 मुंबई धमाके में 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीनों से अवैध हिरासत में है। 1993 के मुंबई बम धमाकों में दोषी करार दिए गए सलेम को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर 2005 को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था।

AI Image



# सलमान खान केस की सुनवाई से जज अलग

■ पीटीआई, जोधपुर : राजस्थान हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू ने सोमवार को काले हिरण शिकार मामले में बॉलिवुड ऐक्टर सलमान खान और राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। सलमान पर 1998 में की शूटिंग के दौरान जोधपुर जिले के कांकाणी गांव में दो काले हिरणों का शिकार करने का आरोप था।



# इस्रायली टूरिस्ट से गैंगरेप में 3 को फांसी की सजा

■ पीटीआई, कोप्पल (कर्नाटक) : इस्रायली टूरिस्ट से गैंगरेप और युवक की हत्या में कर्नाटक के एक कोर्ट ने सोमवार को तीन लोगों को मौत की सजा सुनाई। गंगावती सिविल कोर्ट ने मल्लेश उर्फ हांडी मल्ला, शरणबसव और चैतन्य साई को 7 फरवरी को दोषी ठहराते हुए 16 फरवरी के लिए ऑर्डर सुरक्षित रखा था। यह वारदात 6 मार्च 2025 को सनापुर के पास हुई थी।

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय)
भारत सरकार
फरोग-ए-उर्दू भवन, FC-33/9, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जसोला, नई दिल्ली-110025

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय)
भारत सरकार
नाइलिट चंडीगढ़,
बड़ा फूल, रोपड़-140001 (पंजाब

सार्वजनिक सतर्कता सूचना

आम जनता, जिसमें शैक्षणिक संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र और मान्यता प्राप्त केंद्र शामिल हैं, को सूचित किया जाता है कि NCPUL/NIELIT चंडीगढ़ के प्रतीक चिन्ह (logo), मुहर या नामों का उपयोग निजी प्रमाणपत्रों, प्रचार सामग्री, वेबसाइटों या किसी भी प्लेटफॉर्म पर तब तक सख्ती से प्रतिबंधित है, जब तक संबंधित निकायों, यानी NCPUL/NIELIT चंडीगढ़ के सक्षम प्राधिकारी से पहले लिखित अनुमति प्राप्त न हो जाए।

इस नोटिस के किसी भी प्रकार उल्लंघन किए जाने पर न्यायालय में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों को मान्यता रद्द करने, ब्लैकलिस्ट करने या अन्य आवश्यक कार्रवाई जैसे दंड का भी सामना करना पड़ सकता है।

NCPUL, नई दिल्ली और NIELIT चंडीगढ़ संयुक्त रूप से एक परियोजना चला रहे हैं जिसके तहत "कंप्यूटर एप्लीकेशन, बिजनेस अकाउंटिंग और बहुभाषी डी.टी.पी." शीर्षक से एक वर्षीय कंप्यूटर डिप्लोमा प्रदान किया जा रहा है। NCPUL और NIELIT चंडीगढ़ सभी हितधारकों को सलाह देते हैं कि वे प्रमाणपत्र स्वीकार करने या समझौतों में प्रवेश करने से पहले इन संगठनों से संबंधित किसी भी दावे या मान्यता की प्रामाणिकता को सत्यापित करें।

सत्यापन या शिकायत दर्ज करने के लिए, संबंधित व्यक्ति NCPUL, नई दिल्ली/NIELIT चंडीगढ़ से संपर्क कर सकते हैं।

यह सूचना जनहित में जारी की गई है।

दिनांक: 10.02.2026

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस भवन, मेडिकल एंक्लेव, अंसारी नगर,
नई दिल्ली - 110029

डीएनबी-पीडीसीईटी - 2026

सूचना

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा **डीएनबी-पीडीसीईटी 2026** परीक्षा का आयोजन **12 अप्रैल 2026** को किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन **17 फरवरी** से **08 मार्च 2026 तक** एनबीईएमएस वेबसाइट: https://natboard.edu.in/viewnbeexam?exam=pdcet पर आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उम्मीदवार सहायता केंद्र : +91-7996165333
• आवेदक लॉगिन पेज पर हेल्पलाइन पोर्टल
• एनबीईएमएस वेबसाइट पर संचार वेब एनबीईएमएस वेबसाइट पर संचार वेब पोर्टल पोर्टल

#ConmanVsCommonMan




अक्सर, जल्दबाजी में किए गए काम का अंजाम बुरा हो सकता है।

कभी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें और ना ही कोई .apk फाइल डाउनलोड करें और अगर कोई आपको बहकाने की कोशिश करे, तो बस कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI
भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr./04/25/172

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । मंगलवार, 17 फरवरी 2026




जिस घर के सदस्यों के बीच मतभेद हो, वह घर टिक नहीं सकता।

*- अब्राहम लिंकन*

# अंदरूनी लड़ाई

**किसी भी** राजनीतिक दल में भीतरी असंतोष को स्वाभाविक कहा जा सकता है। संगठन जितना बड़ा होता है, अंतर्विरोध भी उसी अनुपात में दिख सकता है। लेकिन, जब ऐसा बार-बार होने लगे और खासकर एक पार्टी में, तो इसे ठीक नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस इसी स्थिति से दो-चार हो रही है।

**असहज स्थिति ।** वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के बयानों ने पहले भी कांग्रेस को मुश्किल में डाला है, लेकिन तब उनका निशाना पीएम मोदी हुआ करते थे, जिसका फायदा BJP उठा ले जाती थी। इस बार उन्होंने अपनी ही पार्टी को घेरा है। पहले तो उन्होंने केरल में पिनराई विजयन का समर्थन किया और फिर राहुल गांधी और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ बातें कहीं। अय्यर ने पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल व नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं और इसीलिए पार्टी बेहद असहज स्थिति में है।



कांग्रेस की मुश्किलें

**केरल में चुनौती ।** कांग्रेस के लिए संकट इस वजह से भी बड़ा है, क्योंकि केरल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) को सत्ता में वापसी का इंतजार है। पिछले साल दिसंबर में हुए निकाय चुनावों में UDF ने सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन जरूर किया था, लेकिन सामने NDA की चुनौती भी है।

**असम में असंतोष ।** केरल में BJP की सक्रियता दोनों गठबंधनों पर दबाव बनाए हुए है और कांग्रेस की कोई भी उम्मीद इस बात पर टिकी है कि वह पार्टी स्तर पर एकजुट दिखे और जनता तक अपनी बात पहुंचा सके। इसमें मणिशंकर अय्यर जैसे मामलों से मदद नहीं मिलेगी। कांग्रेस की समस्या है कि चुनावों के पहले ही इस तरह की दरार सतह पर ज्यादा आती है। क्या यह संयोग है कि असम में भी विधानसभा चुनाव नजदीक है और वहां भी वरिष्ठ नेता भूपेन बोरा ने नाराज होकर इस्तीफा दे दिया था। भले उन्होंने इस्तीफा वापस ले लिया, पर BJP को तो मौका मिल गया।

**सबका समर्थन चाहिए ।** बजट सत्र के पहले दौर में कांग्रेस ने सरकार के विरोध का केंद्रीय चेहरा राहुल गांधी को बनाया था। उनके नाम पर पूरे विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास किया गया। पार्टी जिन मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहती है, उसके लिए भी उसे सभी का साथ चाहिए। लेकिन, अगर पार्टी भीतर से एकमत नहीं होगी, तो बाहर उसे समर्थन मिलना मुश्किल है। साथ ही, मणिशंकर जैसे वरिष्ठ नेता अगर किसी समस्या की ओर इशारा कर रहे हैं, तो उस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

## ऐवें कुछ भी

# पड़ोसी ज्ञानकोष



आलोक सिंह भदौरिया

**कल गांव** गया था। चंबल के बीहड़ में बसे इस गांव में पक्की डामर वाली सड़क निकल गई है। दूर से काली सड़क पर सफेद रंग के चार टुकड़े देखकर डर गया। कुछ पास आया तो लगा कि पूरे कुत्ता परिवार पर कोई डंपर वगैरह निकल गया है। एकदम नजदीक पहुंचा तो पता चला कि तीन बच्चों और मां समेत पूरा परिवार फागुन की धूप सेंक रहा था। वहीं पास के एक खेत में बबूल के पेड़ के नीचे पंद्रह बीस बुजुर्ग जुआ खेल रहे थे।

आज सुबह यह वाकया हमने अपने पड़ोसी इंजीनियर साहब को सुना दिया। इंजीनियर साहब दिल्ली में किसी सरकारी विभाग में थे। वह दिल्ली से निकल आए लेकिन दिल्ली उनके भीतर से नहीं निकला। उस पर समस्या यह कि वह विकिपीडिया के भी विकिपीडिया हैं। मतलब जो कुछ वह कहें उन्होंने उससे बेहतर कहीं देखा हुआ है। हमने उनके सामने गांव की सड़क की तारीफ कर दी। सुनते ही बोले, अरे सड़क तो दिल्ली में है। बारिश हो तो आधा पानी इधर आधा उधर, बीच में एकदम सूखी। फिर हमने सड़क पर लेटे कुत्तों की चर्चा की, तो इंजीनियर साहब बोले, अभी कुत्ता तो हमारे फैजाबाद में वकील साहब का था। वकील साहब उससे कहते कि जाओ इंजीनियर साहब को बुला लाओ तो घर में आकर हमारा पाजामा खींचने लगता था। हद तो तब हुई, जब एक बार हमने उन्हें एक परिचित की गॉल ब्लैडर सर्जरी की जानकारी दी। इंजीनियर साहब छूटते बोले, अभी गॉल ब्लैडर सर्जरी तो हमने कराई थी। परिवार में किसी को नहीं बताया। जब ओटी में जाने लगे तो डॉक्टर ने पत्नी को फोन किया। पत्नी जब तक रोते-पीटते आईं, हम सर्जरी कराकर बेड पर अखबार पढ़ रहे थे। हमने सोचा इनसे जरा गांव के जुआरियों की चर्चा करें, तो इसका भी किस्सा होगा। लेकिन इंजीनियर साहब भावुक हो गए। बोले, ये जुआरी सबसे बड़ी समस्या हैं। इन्हें बुजुर्ग न कहिए ये वही नाकारा छोकरे हैं जिनसे न खेती हुई न नौकरी, जुआ खेलते खेलते बाल सफेद हो गए। फिर लंबी सांस भरकर बोले, अभी साहब एक थानेदार आया था हमारे यहां, क्या जुआरी पकड़े थे उसने...। हमने राहत की सांस ली, इंजीनियर साहब नॉर्मल हैं।



## बोल वचन

दिलीप लाल

# लकड़ी की पीढ़ी

**पीढ़ा लकड़ी** की छोटी चौकीनुमा आसंदी है, जो भारतीय घरों का अहम हिस्सा है। इसकी जड़ें संस्कृत के 'पीठ' और 'पीठिका' शब्दों में मिलती हैं, जिनका अर्थ है- बैठने का स्थान। समय के साथ प्राकृत और अपभ्रंश से गुजरते हुए 'पीठ' का रूप 'पीढ़ा' या 'पीढ़ी' बन गया और उत्तर भारत की बोलियों में प्रचलित हो गया। भाषाओं के अनुसार इसके नाम भी बदलते हैं। हिंदी, भोजपुरी और अवधी में पीढ़ा या पीढ़ी, पंजाबी में पीढ़ी, बांग्ला में पिंड़ी, ओड़िया में पिढ़ी कहा जाता है। मराठी में पाट या पाटी और गुजराती में पाटलो या पाटियो प्रचलित हैं। दक्षिण भारत में तमिल का 'पीडम्' या 'मनै', तेलुगु का 'पीटम्', कन्नड़ और मलयालम का 'पीठम्' उसी मूल से निकले रूप हैं। रसोई में इसका उपयोग अधिक होता था। इस पर बैठकर सब्जी काटना, पकाना या अन्य काम करना सहज होता है। गुजरात में भोजन करते समय घुटनों के नीचे रखने के लिए 'ढिचनियो' नामक छोटी लकड़ी का सहारा भी लिया जाता है। पीढ़ा पूजा, विवाह और ग्रामीण जीवन से भी जुड़ा है।

AI Image



AI की वजह से बदलती जियो-पॉलिटिक्स में संतुलन ला सकता है भारत

# ताक़त का नया खेल आर्टिफिशल इंटेलिजेंस


**भारत इस** समय AI Impact Summit की मेजबानी कर रहा है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब सिर्फ एक तकनीक नहीं, भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मैदान बन चुका है। इसकी स्थिति वैसी ही है, जैसी शीत युद्ध के दौरान परमाणु तकनीक की थी। देश केवल एल्गोरिदम में पैसे नहीं लगा रहे, वे ताकत में निवेश कर रहे हैं। किसकी सैन्य और आर्थिक हैसियत ज्यादा होगी, समाज पर किसका प्रभाव अधिक होगा - यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन AI को बनाता और प्रशिक्षित करता है।




हर्ष वी पंत

**नई करंसी ।** तेल या जमीन के उलट AI की ताकत किसी दिखने वाली चीज पर नहीं टिकी। इसकी असली शक्ति है डेटा, कंप्यूटिंग पावर, टैलंट और नए एल्गोरिदम बनाने की क्षमता। आज यही नई करंसी है। डिजिटल संप्रभुता का मतलब है AI से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर नियंत्रण होना, मसलन - क्लाउड, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन, नियम। इस नए दौर में किसी देश की मजबूती उसकी तकनीकी क्षमता से अधिक आंकी जा रही है।

**डिजिटल वॉर ।** AI को लेकर सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन के बीच है। अनुमान है कि AI ग्लोबल इकॉनमी में कई ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है, लेकिन इसका फायदा उन्हीं को मिलेगा जिनके पास मजबूत डिजिटल ढांचा होगा। खुफिया जानकारी जुटाने, साइबर हमलों और ऑटोमेटिक वेपन सिस्टम को AI मजबूत बना रहा है। मशीन लर्निंग का सैन्य इस्तेमाल हकीकत बन चुका है। हालात 'डिजिटल कोल्ड वॉर' जैसे बन गए हैं।



**बदलते नियम ।** इस प्रतिस्पर्धा की एक और कड़ी है - रेयर अर्थ मेटल्स। AI को चलाने वाले हार्डवेयर बनाने के लिए क्रिटिकल मिनरल्स चाहिए। इस वजह से यह मुकाबला अब खनिजों की सप्लाई और ऊर्जा की राजनीति से भी जुड़ गया है, खासकर अमेरिका और चीन के बीच। साथ ही, डेटा भी अब देशों के हिसाब से बंटता जा रहा है। हर देश अपने डिजिटल नियम बना रहा है। इस प्रतिस्पर्धा से विचारधारा को अलग नहीं कर सकते।

**प्रतिस्पर्धा का असर ।** दुनिया दो हिस्सों में बंटती नजर आ रही है। अमेरिका व चीन आगे हैं, यूरोप आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा है और ग्लोबल साउथ के कई देशों पर पीछे छूटने का खतरा है। AI से नौकरियों पर असर पड़ सकता है, जिससे असमानता बढ़ सकती है। आगे चलकर दो तरह के AI सिस्टम बन सकते हैं - एक खुला और नियमों पर आधारित, दूसरा केंद्रीकृत और निगरानी वाला।

**सुरक्षा खतरा ।** साइबर युद्ध, ऑटोनॉमस वेपन और एल्गोरिदम से फैलाया जाने वाला दुष्प्रचार संस्थाओं पर भरोसे को कमजोर कर रहा है। जेनरेटिव AI की मदद से सूचना को हथियार की तरह इस्तेमाल करना आसान हो गया है, जिससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा।

**न्यू वर्ल्ड ऑर्डर ।** हम ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसे 'जियो-टेक्नोपॉलिटिक्स' कहा जा सकता है। जो देश समय के साथ खुद को ढालेंगे, वही नई विश्व व्यवस्था की दिशा तय करेंगे।

**भारत की रणनीति ।** भारत के लिए AI सिर्फ तकनीक नहीं, रणनीति का सवाल है। ऐसे दौर में जब ताकत डेटा और कंप्यूटिंग से तय होगी, भारत तकनीकी रूप से दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकता। हालांकि अमेरिका और चीन जितना बड़ा निवेश करना भारत के लिए संभव नहीं है। ऐसे में उसे नकल के बजाय अपनी जरूरतों के हिसाब से रणनीति बनानी होगी। भारत की ताकत अलग है - डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ा डेटा नेटवर्क और ह्यूमन कैपिटल। असल चुनौती है कि बिना किसी गुट में बंधे इस ताकत को लाभ में कैसे बदला जाए।

**संतुलन जरूरी ।** नई तकनीक और मजबूत सप्लाई चेन तक पहुंच के लिए अमेरिका व समान सोच वाले देशों के साथ साझेदारी जरूरी होगी। लेकिन, भारत की विदेश नीति की परंपरा रणनीतिक स्वायत्तता की रही है, जिसे वह आसानी से नहीं छोड़ेगा। वहीं, देश के भीतर संतुलन जरूरी है। इनोवेशन का फायदा सभी को मिलना चाहिए। वैश्विक स्तर पर भारत AI के नियमों में एक संतुलित रास्ता सुझा सकता है। भारत भविष्य के नियम तय करने वाला देश बनेगा या सिर्फ दूसरों के बनाए नियम मानेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह महत्वाकांक्षा और समझदारी के बीच सही संतुलन बना पाता है या नहीं।

*(लेखक इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं)*

## कांटे की बात




सौरव गांगुली, *पूर्व भारतीय कप्तान*


## AI की दुनिया

*गूगल ने अपने अडवांस AI मॉडल Gemini 3 Deep Think का बड़ा अपडेट जारी किया है। कंपनी का दावा है कि नया एडिशन साइंस, रिसर्च और इंजीनियरिंग की जटिल समस्याओं को हल करने में पहले से कहीं अधिक सक्षम है।*

# गूगल का नया मॉडल तो 'गोल्ड' निकला

**कई मानकों पर बेहतरीन**

**Deep Think** को ऐसे कठिन सवालों के लिए तैयार किया गया है, जिनका कोई एक सीधा जवाब नहीं होता। कई बार रिसर्च से जुड़े सवालों में डेटा अधूरा या उलझा हुआ होता है। नया मॉडल गहराई से सोचकर संभावित समाधान निकालने में मदद करता है। गूगल के अनुसार, गणित और प्रोग्रामिंग से जुड़ी विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं के स्तर के सवालों में इसने गोल्ड मेडल लेवल की क्षमता दिखाई है।




AI Image

**काम करने में मददगार**

**गूगल के** मुताबिक, यह मॉडल व्यावहारिक कामों में भी मददगार है। रिसर्चर्स इसे बड़े और जटिल डेटा को समझने, नई परिकल्पनाएं बनाने और रिजल्ट का एनालिसिस करने में इस्तेमाल कर रहे हैं। Deep Think ने 'Humanity's Last Exam' जैसे कठिन बेंचमार्क पर भी नया मानक स्थापित किया है। साथ ही ARC-AGI-2 जैसे टेस्ट में भी इसने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

-प्रदीप तिवारी

## जनता जंक्शन


इरफान




# जब दुर्दिन झेल रहे मुसहफ़ी ने शे'र बेचे

## अवधनामा


*'है गीत बेचना वैसे बिलकुल पाप, क्या करूं मगर लाचार हार कर गीत बेचता हूं। जी हां हुजूर, मैं गीत बेचता हूं।'* कवि भवानी प्रसाद मिश्र (1913-1985) के बहुचर्चित 'गीत फरोश' की ये पंक्तियां सूबा-ए-अवध के नवाब आसफुद्दौला (1748-1797) के वक्त के बेहद मकबूल शायर शेख गुलाम हमदानी 'मुसहफी' की जिंदगी का भी आईना लगती हैं।



कृष्ण प्रताप सिंह

उर्दू के आठ और फारसी का एक दीवान रच गए मुसहफी के बारे में कहा जाता है कि वह और कुछ न रचते तो भी उनकी प्रख्यात गजल 'ख्वाब था या खयाल था, क्या था' ही उनकी यादों पर धूल न पड़ने देती। लेकिन, आखिरी दिनों में तंगदस्ती ने उनको कुछ यूं आ घेरा था कि उन्हें एक-एक 'रुपल्ली' और कभी-कभी अठन्नी में ही अपने शे'र बेचने पड़ते थे। इससे आजिज आकर वह अवध छोड़ने की सोच ही रहे थे कि मौत ने उनकी सांसें छीन लीं।

तब आसफुद्दौला के दरबार को शायरों और अदीबों के प्रति दरियादिली के लिए जाना जाता था। फिर मुसहफी के सामने ऐसी नौबत क्यों आई? दरअसल वह 12 साल तक दिल्ली में अपनी मकबूलियत के मजे लेने के बाद लखनऊ पहुंचे तो मीर, सौदा और जुरअत के जलवों के आगे दरबार में जगह न पा सके। हारकर उन्हें मुगल बादशाह शाहआलम के शहजादे सुलेमान शिकोह का दरवाजा खटखटाना पड़ा, जो लखनऊ की तहजीब पर फिदा होकर वहीं बस गए थे। सुलेमान ने 25 रुपये महीने के वजीफे पर उनको अपना उस्ताद बना लिया, तो उनकी उम्मीदें आसमान छूने लगीं। इसका एक कारण यह भी था कि दरबार में दबदबा रखने वाले जुरअत भी कभी इन्हीं सुलेमान के मुलाजिम हुआ करते थे। कहते हैं कि वक्त के साथ मुसहफी के शागिर्दों की संख्या भी खासी तेजी से बढ़ने लगी। हालांकि जुरअत के प्रति उनकी ईर्ष्या अभी भी अपनी जगह थी। तभी जानें क्या हुआ कि उनकी ओर से सुलेमान का मन उचट गया और उन्होंने उनकी जगह सैयद इंशाअल्ला खां 'इंशा' को दे दी।



AI Image

इंशा को जुरअत से भी नाकाबिल, शेखीबाज और लतीफेबाज कहने वाले मुसहफी से अपनी बेकद्री बर्दाश्त नहीं हुई। उन्होंने मुशायरों में मोर्चे खोल दिए। उनके शिष्यों ने ऐसा जुलूस निकालने की योजना बनाई, जिसमें इंशा की खिल्ली उड़ाई जानी थी।

लेकिन, इंशा ने सुलेमान से इसकी शिकायत कर दी। सुलेमान ने न सिर्फ कोतवाल से कहकर जुलूस पर रोक लगवा दी, बल्कि चिढ़कर मुसहफी का वजीफा 25 से घटाकर 5 रुपये कर दिया। इस पर मुसहफी ने एक शे'र में यह कहते हुए उनकी खिल्ली उड़ाई कि अब के अमीर अपने उस्तादों से भी उस्तादी करने लगते हैं और उनको घोड़े के साईस के बराबर भी वजीफा नहीं देते। लेकिन, खिल्ली उड़ाना और बात है, और 5 रुपये में गुजर-बसर करना और बात। गुजर-बसर मुश्किल हो गई, तो मुसहफी अपने शे'र नहीं तो और क्या बेचते?

# विरोध का अधिकार, लेकिन मर्यादा भी ज़रूरी

## विशुद्ध राजनीति

इंटरव्यू

NDA सरकार में शामिल TDP का कहना है कि वह एक रचनात्मक सहयोगी की भूमिका निभा रही है। हर मुद्दे पर बातचीत होती है, इसलिए गठबंधन में कोई समस्या नहीं। पार्टी का मानना है कि भले ही वह क्षेत्रीय पार्टी है, लेकिन उसके लिए देशहित सर्वोपरि है। TDP संसदीय दल के नेता लवु श्रीकृष्णा देवरायलु से पूनम पाण्डे की बातचीत के मुख्य अंश :

■ **संसद के बजट सत्र के पहले चरण में काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर भी चर्चा नहीं हो पाई। इस पर क्या कहेंगे?**

सत्र का सही उपयोग नहीं होना निराशाजनक है। क्योंकि पहली बार सदन में आए सदस्य और बहुत से युवा अपने अनुभव साझा करना चाहते हैं। विपक्ष हर बार बगैर किसी ठोस आधार के एक मुद्दे से दूसरे मुद्दे पर शोर मचाता है। उनके लिए संसद का कामकाज रोकना उपलब्धि-सा बन गया है। मेरे ख्याल से उन्हें पूरी तैयारी के साथ संसद में आना चाहिए और जनता की आवाज बनना चाहिए। मुझे लगता है कि विपक्ष संसद को सही दिशा में नहीं ले जा रहा।

■ **विपक्षी महिला सांसदों पर पीएम पर हमले की साजिश का आरोप लगा है।**

उस वक्त मैं भी सदन में था। कुछ महिला सांसद बड़े बैनर के साथ खड़ी थीं, जिसे सदन में लाने की मनाही है। वे उस तरह खड़ी थीं कि अगर प्रधानमंत्री आते तो अपनी सीट पर नहीं बैठ पाते। इस कारण स्थिति और बिगड़ गई। मेरे ख्याल से विरोध करना अधिकार है, लेकिन इस तरह भी नहीं करना चाहिए कि पीएम या किसी अन्य संसद सदस्य को उनकी सीट पर ही नहीं बैठने दिया जाए।

■ **क्या गठबंधन में किसी मसले पर असहमति हुई है? कई मुद्दों पर राय अलग होगी, तब रास्ता कैसे निकाला जाता है?**

हम सभी लोग देश को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए गठबंधन के सहयोगियों में कोई खास मतभेद नहीं दिखता। हम भले क्षेत्रीय पार्टी हैं, लेकिन हमारे लिए देशहित सर्वोपरि है। इसके अलावा, हम क्षेत्र हित का भी पूरा ख्याल रखते हैं। हम हमेशा साथ बैठकर किसी मुद्दे पर चर्चा करते हैं। वक्फ बिल पर भी हमने जो सुझाव दिए, उनमें से कुछ को स्वीकार किया गया और सरकार ने दोबारा संशोधन कर उसे पेश किया।

■ **केंद्र और राज्य के संबंधों में पहले के मुकाबले क्या बदलाव आया है?**

पिछले 10 बरसों में BJP के कामकाज का तरीका देखने पर लगता है कि पार्टी सभी राज्यों के साथ पूरी तरह निष्पक्ष है। बजट में भी किसी एक राज्य के लिए अलग से कोई खास आवंटन नहीं किया गया है। अधिकतर योजनाएं और परियोजनाएं चैलेंज मोड में हैं, यानी जो राज्य पहले बेहतर प्रस्ताव देगा, प्रोजेक्ट उसी को मिलेगा। इस तरह राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया जा रहा है।



■ **आंध्र के विकास के लिए केंद्र से क्या अपेक्षा है?**

राज्य के बंटवारे के बाद हमें काफी नुकसान हुआ है। इसलिए, हमारी कोशिश है कि राज्य का विकास सिर्फ एक जगह नहीं, बल्कि सभी क्षेत्रों में हो। कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और नई राजधानी बनाने में हमें केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है। हम हमेशा ठोस प्रस्ताव लाते हैं, डिटेल्ड प्रॉजेक्ट रिपोर्ट बनाते हैं और तार्किक तरीके से हम अपनी बात रखते हैं। यही कारण है कि हमारी परियोजनाएं मंजूर हो जाती हैं। यह पूरी प्रक्रिया काफी प्रॉडक्टिव और सफल रही है।

# धन कमाने की दौड़ में पीछे छूट गए आनंद और शांति

रमेश भाई ओझा

हमारे शास्त्र और श्रीमद्भागवत हमें तीन सरल बातें सिखाते हैं। पहली, मनुष्य का व्यवहार दूसरे मनुष्यों के साथ कैसा हो। दूसरी, मनुष्य का व्यवहार पशु-पक्षियों और अन्य जीवों के साथ कैसा हो। तीसरी, मनुष्य का प्रकृति के साथ कैसा रिश्ता हो। यही तीन बातें जीवन और समाज को संतुलित रखती हैं।

गोवर्धन लीला भी यही संदेश देती है। प्रकृति की पूजा करो, सबको अन्न और जल मिले, कोई भूखा न रहे। गायों की सेवा केवल धार्मिक काम नहीं, जीवन और अर्थव्यवस्था का आधार है। यज्ञ केवल हवन नहीं, ज्ञान का सम्मान है। मनुष्य अपने विचारों से बनता है। जैसी सोच, वैसा समाज। बिना सही समझ के लोग भीड़ बन जाते हैं। समाज को सही दिशा देने के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है।

आज लोग धन कमाने की दौड़ में लगे हैं, पर आनंद और शांति पीछे छूट गए हैं। असली बात यह नहीं कि हमारे पास कितना पैसा है, बल्कि यह है कि हमारे जीवन में संतोष कितना है। शूर्पणखा और शबरी- दोनों के मन में राम थे। फर्क इतना था कि एक में केवल आकर्षण था, दूसरे में सच्चा प्रेम। आकर्षण बाहर से होता है, प्रेम दिल से। एक को राम के पास जाना पड़ा, पर शबरी के पास राम स्वयं आए। यही सच्चे प्रेम और केवल चाहत का अंतर है। आज मनुष्य ने लालच में प्रकृति को नुकसान पहुंचाया है। पानी और हवा को गंदा किया, पेड़ काटे और बड़ी-बड़ी इमारतें बना लीं। लेकिन जहां जरूरत से ज्यादा भोग है, वहां बीमारी है। जहां दूसरों का हक छीना जाता है, वहां अशांति होती है। और जहां त्याग और सेवा है, वहीं सच्ची शांति मिलती है। जरूरतें सीमित होती हैं, पर इच्छाएं कभी खत्म नहीं होतीं। धरती पर सबके लिए जगह है, पर सीमाएं मनुष्य ने बनाई हैं। मनुष्य सबसे समझदार है, पर इसका मतलब यह नहीं कि धरती सिर्फ उसी की है। पहले लोग पत्तल पर खाते थे, पर भूख अच्छी लगती थी। आज सोने की थाली है, पर भूख और संतोष कम हो गया है। असली समृद्धि वही है, जिसमें प्रेम, भरोसा और समानता हो। यही शास्त्रों का सच्चा संदेश है।

*(प्रस्तुतिः सुभाष चंद्र शर्मा)*




## रीडर्स मेल

### धैर्य से मजबूती

16 फरवरी का लेख 'बांग्लादेश पर भारत की होगी परीक्षा' पढ़ा। बांग्लादेश में BNP की सरकार बनना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया की राजनीति में नया मोड़ है। अब तक भारत की निकटता अवामी लीग से रही, इसलिए नई परिस्थिति में कूटनीतिक संतुलन जरूरी होगा। ढाका ने 'देशहित पहले' का संकेत दिया है, यानी बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर जोर रहेगा। सीमा, जल बंटवारा और व्यापार जैसे मुद्दे अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। यदि भारत धैर्य से आगे बढ़े, तो बदलाव रिश्तों को मजबूत बना सकता है।

**चंद्र प्रकाश शर्मा,** रानी बाग

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-16-2026 21:53 Color:



# होलाष्टक 24 से, जानें क्यों रुकेंगे शुभ कार्य ?



Mrityunjay.Tripathi
@timesofindia.com

**होलाष्टक आत्मसंयम**, साधना और अंतर्मंथन का समय है। इस दौरान मांगलिक कार्यों पर रोक रहती है। इस समय का उपयोग व्रत, पूजन और हवन के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नति के लिए करना चाहिए। होलिका दहन के साथ ही यह अवधि समाप्त होती है और रंगों की होली नई ऊर्जा, उल्लास और शुभारंभ का संदेश लेकर आती है।

इस महीने की 24 तारीख से 'होलाष्टक' शुरू हो रहा है। शास्त्रों के अनुसार, होलाष्टक लगते ही विवाह, सगाई, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे सभी मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, होलाष्टक के आठ दिनों की यह अवधि विशेष रूप से सावधानी बरतने और भक्ति में लीन रहने की है।

**क्या है होलाष्टक?:** 'होलाष्टक' शब्द 'होली' और 'अष्टक' (आठ) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है होली से पूर्व के आठ दिन। इसकी शुरुआत फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होती है, जो होलिका दहन तक चलती है। परंपरा के अनुसार, होलाष्टक के पहले दिन होलिका दहन वाले स्थान को गंगाजल से पवित्र कर वहां 'होली का डंडा' स्थापित किया जाता है। तब से होलाष्टक के नियम लागू हो जाते हैं।

**मांगलिक कार्य क्यों है वर्जित?:** पंडित दयाशंकर पराशर के अनुसार, इसके दो प्रमुख पौराणिक घटनाएं जुड़ी हैं। पहली, असुर राज हिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र प्रहलाद की विष्णु भक्ति से क्रोधित होकर उन्हें लगातार 8 दिनों तक यातना दी थी। आठवें दिन होलिका प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठी, जहां प्रहलाद सुरक्षित बच गए। **वहीं, दूसरी** मान्यता के अनुसार, जब कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या भंग करने का प्रयास किया था, तब शिवजी ने कामदेव को भस्म कर दिया था। वह दिन फाल्गुन शुक्ल अष्टमी का ही था। बाद में रति की प्रार्थना पर शिवजी ने कामदेव को पुनर्जीवित किया।

**ग्रहों का उग्र स्वभाव:** ज्योतिष गणना के अनुसार, होलाष्टक के दौरान हर दिन अलग-अलग ग्रह उग्र रूप में रहते हैं। अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल, पूर्णिमा को राहु की उग्रता के कारण व्यक्ति का मन अवसादग्रस्त या भ्रमित हो सकता है। इसलिए इन दिनों में अपने व्यवहार को संयमित रखने और धैर्य से काम लेने की सलाह दी जाती है।

## क्या न करें?

- ज्योतिष शास्त्र में होलाष्टक को एक 'दोष' की अवधि माना जाता है। इसलिए इस दौरान विवाह, जनेऊ, नामकरण और मुंडन जैसे मुख्य संस्कार नहीं करने चाहिए। नया व्यापार शुरू करना या गृहप्रवेश कष्टकारी हो सकता है।
- नवविवाहिताओं को होलाष्टक की अवधि अपने मायके में बितानी चाहिए।
- यात्रा में सावधानी बरतें, जरूरी होने पर लंबी यात्रा करें और गाड़ी चलाते समय सावधानी बरतें।

## क्या करें?

होलाष्टक शुभ कार्यों के लिए वर्जित है, लेकिन व्रत, पूजन, हवन और साधना के लिए यह समय अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। इस दौरान ईश्वर की भक्ति करने से मानसिक शांति मिलती है और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है।




AI Image

## प्रमुख तिथियां

- **होलाष्टक :** 24 फरवरी को सुबह 7:05 से 3 मार्च को शाम 5:11 तक रहेगा यह।
- **पूर्णिमा:** 2 मार्च को शाम 5:59 से 3 मार्च को शाम 5:11 बजे तक रहेगी।
- **भद्रा:** 2 मार्च को पूर्णिमा के साथ ही शाम 5:59 बजे से भद्रा आरंभ होगा, जो 3 मार्च की सुबह 5:25 बजे तक रहेगी।
- **होलिका दहन:** भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित है, इसलिए 3 मार्च को सुबह भद्रा समाप्त होने के बाद करना उचित रहेगा।
- **चंद्र ग्रहण:** 3 मार्च को दोपहर 2:44 से शाम 7:53 बजे तक चंद्र ग्रहण भी रहेगा। (पं. दयाशंकर पराशर के अनुसार)

होलाष्टक हमें धैर्य और भक्ति का संदेश देता है। यह समय अपनी वासनाओं और बुराइयों को जलाने की तैयारी का है, ताकि होली के दिन हम शुद्ध मन से खुशियों का स्वागत कर सकें। - *पंडित दयाशंकर पराशर*

## ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी



उदय भान ने महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन (मप्र) से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

**nbtreader@timesofindia.com** पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ वट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

# 'बोलने की कला में एक्सपर्ट होना जरूरी है'



सत्संग

डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु



AI Image

ऑफिस मीटिंग में हमारी सफलता केवल विचारों पर नहीं, बल्कि उनके प्रस्तुतिकरण के तरीके पर भी निर्भर करती है। मीटिंग के दौरान हमारा स्वर मधुर, संतुलित और सम्मानपूर्ण होना चाहिए-जैसे हम किसी प्रिय व्यक्ति से आदर के साथ बात कर रहे हों। मधुर आवाज में कही गई बात अक्सर बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचाती है, जबकि ऊंचा स्वर कुछ लोगों को दबा सकता है, कुछ को प्रभावित कर सकता है, लेकिन संवेदनशील और सूक्ष्म सोच रखने वाले लोगों को असहज कर देता है।

**अक्सर निष्कर्ष तक पहुंचती है मधुर स्वर में बोली गई बात**

हर व्यक्ति की ग्रहण क्षमता अलग होती है। जो लोग केवल सतही स्तर पर सोचते हैं, उन्हें तेज आवाज शायद परेशान न करे, लेकिन जो गहराई से विचार करते हैं, वे आक्रामक लहजे से दूरी बना लेते हैं। इसलिए मीटिंग से पहले यह समझना जरूरी है कि सामने किस प्रकार के लोग हैं। वन-टु-वन या समूह चर्चा में आवाज का अनावश्यक गूंजना, चेहरे पर कठोरता या भारी बॉडी लैंग्वेज हमारी व्यक्तित्व छवि को नकारात्मक बना सकती है।

कई बार ऊंचा बोलना आदत बन जाता है, खासकर उन लोगों में जो शोरगुल वाले वातावरण में काम करते हैं। लेकिन कॉर्पोरेट माहौल में यदि कोई जोर से बोलता है तो यह या तो उसकी घरेलू आदत का परिणाम होता है या स्वयं को साबित करने की दबे हुए अहंकार की प्रतिक्रिया। कई बार हमारे स्वर के पीछे अहंकार भी छिपा होता है-जब हम सामने वाले को दबाना, स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करना या अपनी महत्ता जताना चाहते हैं।

वास्तव में बोलना एक कला है। कब, कितना और कैसे बोलना है, यह समझना परिपक्वता की निशानी है। मधुर और संयमित स्वर रिश्तों को जोड़ता है, जबकि कठोर लहजा दूरी बढ़ाता है। इसलिए चाहे पद कोई भी हो, संवाद की इस कला को निरंतर सुधारते रहना ही सफलता और अच्छे संबंधों की कुंजी है।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें **nbtreader@timesofindia.com** पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

## सप्ताह के व्रत और त्योहार

डॉ. अश्विनी शास्त्री


(17 से 23 फरवरी 2026 तक)

***इस सप्ताह के बारे में विशेष:** इस सप्ताह का शुभारंभ फाल्गुन अमावस्या, धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, किंस्तुघ्न करण और मकर राशि में चंद्र के अवस्थित होने के साथ आरंभ हो रहा है। आज से पंचक भी प्रारंभ हो रहे हैं जो 21 फरवरी शनिवार को समाप्त हो जाएंगे। आज कंकणाकृति सूर्य ग्रहण भी लग रहा है, लेकिन क्योंकि यह भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा इसलिए सूतक आदि का प्रभाव विचारणीय नहीं है। इस सप्ताह फाल्गुन अमावस्या, फुलेरा दूज, विनायक चतुर्थी आदि का आयोजन किया जाएगा।*

# पितृप्रिय तिथि भी कही जाती है अमावस्या

**फाल्गुन अमावस्या** (17 फरवरी, मंगलवार)

हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की अमावस्या वर्ष की अंतिम अमावस्या मानी जाती है, क्योंकि इसके पश्चात् चैत्र मास से नववर्ष का आरम्भ होता है। शास्त्रों में अमावस्या तिथि को विशेष रूप से पितृ-तर्पण, आत्मशुद्धि और साधना के लिए श्रेष्ठ बताया गया है। धर्मसिन्धु और निर्णयसिन्धु जैसे ग्रंथों में अमावस्या को 'पितृप्रिय तिथि' कहा गया है। फाल्गुन अमावस्या का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि यह होलिका-दहन से ठीक पूर्व आती है। पुराणों में उल्लेख है कि अमावस्या के दिन चंद्रमा सूर्य के समीप होता है, जिससे मन (चंद्र) और आत्मा (सूर्य) का एकत्व प्रतीकात्मक रूप से प्रकट होता है। इस अवसर पर प्रातःकाल पुण्यसलिला गंगा, यमुना, गोदावरी या अन्य नदियों में स्नान का विधान बताया गया है। इस दिन तिल, कुश और जल से पितरों का तर्पण किया जाता है और तर्पण के बाद वस्त्र, तिल, गुड़ तथा दक्षिणा का दान विशेष फलदायी माना गया है। संध्या समय में पीपल या मंदिर में दीप प्रज्वलित कर पितरों की शांति की कामना की जाती है।




**फुलेरा दूज** (19 फरवरी, गुरुवार)

फुलेरा दूज का उत्सव बसंत पंचमी और होली के बीच में मनाया जाता है। भगवान् कृष्ण को समर्पित यह उत्सव विशेषरूप से वृंदावन और मथुरा में मनाया जाता है। इस दिन मथुरा में भगवान् कृष्ण के मंदिरों में विशेष पूजन और अर्चन किया जाता है। इस दिन किसी व्रत का विधान तो नहीं बताया गया है, लेकिन भगवान् कृष्ण और उनकी लीलाओं का मथुरा के सभी मंदिरों में गान किया जाता है। इसे फाल्गुन मास का सबसे शुभ दिन माना जाता है। पूरे ब्रज में इस दिन बहुत सी शादियां होती हैं क्योंकि वहां पर इस दिन को बहुत शुभ माना जाता है और इस दिन बिना किसी मुहूर्त के ही विवाह आदि कई शुभ काम किये जाते हैं। इस दिन के बाद से लेकर होली तक कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान् कृष्ण और राधा का मिलन इसी दिन हुआ था इसीलिये ब्रज प्रदेश में बहुत सी शादियां इसी दिन आयोजित करने का प्रयास किया जाता है।



**विनायक चतुर्थी व्रत** (21 फरवरी, शनिवार)

हिंदू परम्परा के अनुसार प्रत्येक चन्द्र मास में दो चतुर्थी होती है। चतुर्थी तिथि भगवान् गणेश को समर्पित होती है। अमावस्या के बाद आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी कहते हैं और पूर्णिमा के बाद आने वाली कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहते है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गणेशजी का व्रत रखने वाले के सभी कष्ट दूर हो जाते है।



---

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### स्नैपडील पर 5 लाख का जुर्माना

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (CCPA) ने घटिया क्वॉलिटी के खिलौने बेचने के मामले में स्नैपडील पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। चीफ कमिश्नर निधि खरे की अगुवाई में यह जांच की गई थी।

### वीडियोकॉन के प्रमोटर को नोटिस

पीटीआई, नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार को बताया कि दिल्ली की एक अदालत ने वीडियोकॉन ग्रुप के प्रमोटर वेणुगोपाल धूत और 12 अन्य संस्थानों को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई 61,700 करोड़ रुपये के लोन धोखाधड़ी मामले में की गई है।

### बेरोज़गारी दर में बढ़ोतरी : रिपोर्ट

पीटीआई, नई दिल्ली: देश में बेरोजगारी के आंकड़ों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। देश में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर इस साल जनवरी में थोड़ी बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत थी। नैशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस ने यह जानकारी दी।

### रियल एस्टेट में बढ़ेंगी जॉब: रिपोर्ट



NBT रिपोर्ट : रियल एस्टेट सेक्टर में निर्माण, बिक्री, डिजाइन और संबंधित उद्योगों सहित रोजगार की संख्या बढ़कर 2030 तक 100 मिलियन के करीब पहुंच सकती है। यह वर्तमान में लगभग 70 मिलियन है। यह अनुमान केपीएमजी और नारेडको की ओर से संयुक्त रूप से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया है। इस रिपोर्ट को आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नारेडको के अध्यक्ष प्रवीण जैन के साथ नारेडको कॉन्क्लेव 2026 में विमोचन किया।

# थोक महंगाई ने तोड़ा 10 महीने का रेकॉर्ड


## जनवरी में 1.81% महंगाई दर, लगातार तीसरे महीने बढ़ी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : खाद्य पदार्थों और कारखाने में बनी चीजों के दाम चढ़ने के चलते जनवरी में थोक महंगाई दर सालभर पहले के इसी महीने के मुकाबले बढ़कर 1.81% हो गई। यह इसका 10 महीनों का ऊंचा स्तर है। साथ ही यह लगातार तीसरे महीने बढ़ी है। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाने-पीने की चीजों में थोक महंगाई दर 1.55% रही और नॉन-फूड आइटम्स में यह 7.6% रही। थोक महंगाई दर पिछले साल जनवरी में 2.51% और दिसंबर में 0.83% थी।

मैन्युफैक्चर्ड आइटम्स में महंगाई दर 2.86% हो गई, जो दिसंबर में 1.82% थी। इसमें वैश्विक स्थितियों के चलते मेटल्स की महंगाई दर बढ़कर 6% होने का असर दिखा। खाने-पीने की चीजों में महंगाई दर 1.55% हो गई, जो दिसंबर में माइनस 0.43% थी। सब्जियों में महंगाई दर दिसंबर के माइनस 3.50% से बढ़कर 6.8% हो गई। हालांकि आलू-प्याज में नरमी रही। वहीं, तिलहन में यह 14.82% से बढ़कर 19.25% हो गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा, अक्टूबर के बाद से इंफ्लेशन बढ़ने का रुझान है। इसमें बेस इफेक्ट का रोल ज्यादा है, क्योंकि मोटे तौर पर सप्लाई सामान्य रही है। केयरएज की चीफ इकनॉमिस्ट रजनी सिन्हा ने कहा, थोक महंगाई 10 माह के ऊंचे स्तर पर चली गई। यह हमारे अनुमान से ज्यादा रही।

**फैक्ट्रियों के सामान और खाने-पीने की चीजों ने बढ़ाई टेंशन**




AI Image

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### मॉनसून, वैश्विक हालात रहेंगे अहम

RBI की मॉनिटरी पॉलिसी में थोक महंगाई दर के आंकड़ों पर गौर नहीं किया जाता। हालांकि कुछ देरी के साथ इनका असर रिटेल इंफ्लेशन पर पड़ता ही है। फूड प्रोडक्ट्स में तेजी दिखने लगी है। आने वाले महीनों में मॉनसून की चाल अहम होगी। साथ ही, तेल-गैस की कीमतों के लिहाज से ईरान और अमेरिका के समीकरण सहित वैश्विक स्थितियों पर नजर रखनी होगी।

## ताजे भाव पर तय होंगे ETF के दाम, सेबी का प्रस्ताव




AI Image

NBT रिपोर्ट : ETF के जरिए शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए बाजार नियामक सेबी एक बड़ा बदलाव लाने जा रहा है। अब ETF के दाम पुराने डेटा के आधार पर नहीं, बल्कि पिछले दिन के ताजा भाव पर तय होंगे। अभी एक्सचेंज ETF का बेस प्राइस तय करने के लिए दो दिन पुराने (T-2 दिन) नेट असेट वैल्यू (NAV) का इस्तेमाल करते हैं। जबकि आम शेयरों के लिए पिछले दिन (T-1) की क्लोजिंग कीमतों का इस्तेमाल होता है। इस वजह से एक दिन का अंतर (Lag) आ जाता है। चूंकि ETF की NAV हर दिन बदलती है, इसलिए दो दिन पुराने डेटा का इस्तेमाल करना मौजूदा बाजार के हिसाब से सही नहीं होता। सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि बेस प्राइस तय करने के लिए दो दिन पुराने डेटा के बजाय पिछले दिन (T-1) के डेटा का इस्तेमाल हो।

# बैंकिंग और पावर सेक्टर्स ने दिखाई ताकत, सेंसेक्स 650 अंक उछला


## तीन दिन की गिरावट पर ब्रेक, शेयर बाजार में तेजी





AI Image

पीटीआई, मुंबई: शेयर बाजार में सोमवार को रौनक नजर आई। पिछले तीन दिनों से लगातार गिर रहे सेंसेक्स और निफ्टी ने पावर और बैंकिंग शेयरों के दम पर जबरदस्त वापसी की। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स-निफ्टी करीब 1 प्रतिशत चढ़ गए। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 650.39 अंक (0.79%) की छलांग लगाकर 83,277.15 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 211.65 अंक (0.83%) की बढ़त के साथ 25,682.75 के स्तर पर पहुंच गया। इस उछाल की वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की कुल वैल्यू 3,11,982.13 करोड़ रुपये बढ़कर 4.68 लाख करोड़ हो गई।




बीएसई मिडकैप सिलेक्ट इंडेक्स में 0.95 प्रतिशत की बढ़त रही। स्मॉलकैप सिलेक्ट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत फिसल गया। अलग-अलग सेक्टरों के इंडेक्स की बात करें, तो पावर सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.40 प्रतिशत की तेजी देखी गई। इसके बाद यूटिलिटीज में 2.15 प्रतिशत, PSU Bank में 1.65 प्रतिशत, रियल्टी में 1.44 प्रतिशत, Bankex में 1.20 प्रतिशत और बीएसई टॉप 10 बैंकों में 1.16 प्रतिशत का उछाल आया। साथ ही, एनर्जी सेक्टर में 1.13 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स में 1.05 प्रतिशत और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में 1.04 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### चांदी में 5,000 रुपये की गिरावट

पीटीआई, नई दिल्ली: देश की राजधानी में सोमवार को चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमत शुक्रवार के 2,55,000 रुपये के मुकाबले 5,000 रुपये (1.96%) गिरकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई है। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये महंगा होकर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर पहुंच गया।

# डिजिटल लेनदेन 11 गुना बढ़ा, UPI बना फेवरिट



AI Image

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : साल 2021 से 2025 के बीच डिजिटल ट्रांजैक्शंस में करीब 11 गुना बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान डिजिटल माध्यमों से हुए कुल लेनदेन में लगभग 80% हिस्सा UPI का रहा। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाओं के विभाग की ओर से सोमवार को जारी एक स्टडी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

**स्टडी रिपोर्ट, 65% यूजर दिन में एक से ज्यादा डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहे**

विभाग के मुताबिक रुपे डेबिट कार्ड और और कम वैल्यू के भीम-यूपीआई ट्रांजैक्शंस को बढ़ावा देने के लिए चलाई गई इंसेंटिव स्कीम के सामाजिक-आर्थिक असर का अध्ययन किया गया। इसमें पाया गया कि विभिन्न सोशियो-इकनॉमिक सेगमेंट्स में डिजिटल पेमेंट्स का चलन लगातार बढ़ रहा है। लेनदेन में UPI सबसे पसंदीदा जरिया बनकर उभरा और इसका हिस्सा 57% रहा। इस्तेमाल में आसानी और पैसा तुरंत ट्रांसफर होने की सुविधा के चलते ज्यादा लोग इसे अपना रहे हैं। वहीं, कैश ट्रांजैक्शंस की हिस्सेदारी 38% रही।

**18-25 साल के बीच ज्यादा चलन**

स्टडी के मुताबिक, 65% UPI यूजर अब दिन में एक से ज्यादा डिजिटल लेनदेन कर रहे हैं। खासतौर से 18-25 साल के लोगों में UPI का उपयोग ज्यादा है और इनमें अडॉप्शन रेट 66% रही। 90% यूजर्स ने कहा कि UPI और रुपे कार्ड्स इस्तेमाल करने के बाद डिजिटल पेमेंट्स पर उनका भरोसा बढ़ा। 52% यूजर्स ने कहा कि उन्होंने कैशबैक के चलते डिजिटल लेनदेन अपनाया। 74% ने पेमेंट की स्पीड को अहम बताया।

## 'इंडस्ट्री' की परिभाषा पर SC में सुनवाई

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसकी 9 जजों की संविधान पीठ 17 मार्च से 'इंडस्ट्री' शब्द की परिभाषा से जुड़े विवाद पर सुनवाई शुरू करेगी। यह मामला 'औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947' से जुड़ा है। कोर्ट ने संबंधित पक्षों से कहा है कि वे अपनी दलीलें 28 फरवरी तक जमा कर दें।

## Anthropic ने खोला ऑफिस

NBT रिपोर्ट : AI कंपनी Anthropic ने सोमवार को बेंगलुरु में अपना नया ऑफिस शुरू कर दिया है। एंथ्रोपिक का AI असिस्टेंट 'क्लॉड' (Claude) इस्तेमाल करने के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। ET के मुताबिक, कंपनी ने भारत में एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए बिजनेस, शिक्षा और खेती के क्षेत्रों में कई नई पार्टनरशिप का भी ऐलान किया है। टोक्यो के बाद बेंगलुरु में खुलने वाला यह ऑफिस एशिया में एंथ्रोपिक का दूसरा ऑफिस होगा।

# टैरिफ इफेक्ट, जनवरी में US को निर्यात 22% घटा



AI Image

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : जनवरी में भारत से वस्तुओं का निर्यात सालभर पहले से 0.6% बढ़कर 36.56 बिलियन डॉलर रहा। हालांकि यह दिसंबर के 38.51 बिलियन डॉलर के आंकड़े से कम रहा। वहीं, आयात 19.2% बढ़कर 71.24 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। इसके चलते आयात और निर्यात का अंतर यानी व्यापार घाटा 34.68 बिलियन डॉलर का रहा, जो इसका 3 महीनों का ऊंचा स्तर है। दिसंबर में ट्रेड डेफिसिट 25.04 बिलियन डॉलर का था। आयात बढ़ने में बड़ा हाथ ज्यादा गोल्ड और सिल्वर इंपोर्ट का रहा। गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले से 349.2% बढ़कर 1207 करोड़ डॉलर का रहा। वहीं, चांदी का आयात 127% बढ़कर 200 करोड़ डॉलर का रहा।

**भारत का कुल व्यापार घाटा 34.68 बिलियन डॉलर के साथ 3 महीने के ऊंचे स्तर पर**

50 फीसदी टैरिफ के बीच जनवरी में अमेरिका को निर्यात सालभर पहले से 21.77% घटकर 6.59 बिलियन डॉलर पर आ गया। यह दिसंबर के मुकाबले भी 4.5% कम रहा। हालांकि इस वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी तक अमेरिका को निर्यात सालभर पहले की इसी अवधि के मुकाबले 5.85% बढ़कर 72.46 बिलियन डॉलर के साथ दमदार बना रहा। अमेरिका का 50% टैरिफ अगस्त में लागू हुआ था। 7 फरवरी को अमेरिका ने 25% ऑयल पेनल्टी खत्म करने का ऐलान किया था और बाकी 25% रेसिप्रोकल टैरिफ को भी 18% पर लाने की बात कही थी।

वहीं, जनवरी में चीन को निर्यात सालभर पहले से 55.65% बढ़कर 1.64 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं चीन से आयात 16.67% बढ़कर 12.23 बिलियन डॉलर का रहा।

जनवरी में निर्यात बढ़ने में मुख्य योगदान इंजीनियरिंग गुड्स, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, मीट, डेयरी एंड पोल्ट्री प्रोडक्ट्स, मरीन प्रोडक्ट्स और आयरन ओर का रहा। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा कि वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर एक्सपोर्ट बढ़ रहा है और इस वित्त वर्ष में कुल निर्यात 860 बिलियन डॉलर के पार जा सकता है।

### सोना-चांदी का हाल

- जनवरी में निर्यात 0.6% बढ़कर 36.56 बिलियन डॉलर रहा।
- **गोल्ड इंपोर्ट** 349.2% बढ़कर 1207 करोड़ डॉलर का रहा
- **चांदी** का आयात 127% बढ़कर 200 करोड़ डॉलर का रहा

### अगले हफ्ते US जाएंगे अधिकारी

राजेश अग्रवाल ने बताया कि अंतरिम व्यापार समझौते की कानूनी शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन की अगुवाई में अधिकारियों का एक दल अगले हफ्ते अमेरिका जाएगा। इससे पहले इसी महीने दोनों देशों ने अंतरिम समझौते पर संयुक्त बयान जारी किया था और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि इन शर्तों को मार्च के मध्य तक फाइनल किए जाने की उम्मीद है। अग्रवाल ने कहा कि मार्च में डील फाइनल करने का प्रयास है, हालांकि कोई डेडलाइन नहीं रखी गई है। उन्होंने कहा कि अंतरिम समझौते में अमेरिकी टैरिफ 18% पर लाने की बात तय की गई है और लीगल एग्रीमेंट होने के बाद इसमें और रियायत मिल सकती है। भारत की ओर से भी आयात शुल्क में कोई भी कमी लीगल एग्रीमेंट होने पर ही होगी।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in